RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 149
फरीदाबाद, बुधवार, 06 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



देखने में सुंदर और सुकून भरा है सिक्किम का यह शहर
पेज - 11

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,134 | 100 |
| निफ्टी | 15,810 | 24.50 |
| सोना | 52,220 | 98.0 (10 gm) |
| चांदी | 58,725 | 237 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 35.00°C
न्यूनतम 28.00°C

## क्विक न्यूज

### दिल्ली एनसीआर में आज हो सकती है बारिश



**नई दिल्ली।** एनसीआर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा था। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। आईएमडी के मुताबिक, सापेक्ष आर्द्रता का स्तर शाम में 54 फीसदी था। यह सुबह आठ बजे 80 प्रतिशत था। उसने बताया कि न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा था। आईएमडी ने पहले बुधवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था और मध्यम से भारी बारिश या गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया था।

### शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली के दबाव में आ गया। ऊर्जा, बैंक और आईटी शेयरों में तेज बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 100 अंक से अधिक गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में नकारात्मक रुख का असर घरेलू बाजार पर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 100.42 अंक यानी 0.19 प्रतिशत टूटकर 53134.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बैंक, धातु, ऊर्जा तथा दवा कंपनियों के शेयरों में लिवाली से यह एक समय 631.16 अंक तक चढ़ गया था। लेकिन कारोबार समाप्त होने से पहले बाजार नुकसान में आ गया।

## विजिलेंस चीफ को सौंपी एचएसपीसी में भ्रष्टाचार की पोल खोलती ऑडियो

# '15 फाइल एक साथ कराईं एक रुपया कम नहीं किया'

## 400 फाइल करा चुका हूं, वो नहीं मानते किसी की

### कंसल-अदलखा से बात कर लो, देख लो मान जाएं तो

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** स्टेट फार्मेसी काउंसिल (एचएसपीसी) में रजिस्ट्रेशन और नवीनीकरण के काम की एवज में रिश्वत वसूलने का खेल अब पुख्ता होता जा रहा है। एचएसपीसी के पूर्व चेयरमैन सीके गोयल ने एक ऑडियो रिकॉर्डिंग हरियाणा विजिलेंस के चीफ शत्रुजीत सिंह कपूर को सौंपी है। इस रिकॉर्डिंग में गिरफ्तार किया जा चुका मुख्य दलाल सुभाष अरोड़ा अभ्यर्थी की तरफ से बातचीत कर रहे व्यक्ति से खुल्लम खुल्ला रिश्वत मांग रहा है। ऑडियो रिकॉर्डिंग में अभ्यर्थियों की तरफ से बातचीत कर रहा व्यक्ति दलाल सुभाष अरोड़ा से मिन्नत कर रहा है कि मेरे तीन केस हैं, कुछ गुंजाइश करवा दो। कंसल और अदलखा से बात कर लो, यदि वे मान जाएं तो, लेकिन सुभाष अरोड़ा ने साफ कह दिया कि आप तो तीन की बात कर रहे हो, मैंने अब तक 400 केस करवाए हैं, जिनमें एक भी रुपया कम नहीं हुआ। सुभाष अरोड़ा कह रहा है कि मेरी एक पार्टी है, उसके 15 केस एक साथ करवाए थे, उनमें कोई गुंजाइश नहीं करी। ये किसी के बाप की भी नहीं मानते। सुभाष अरोड़ा की यह रिकॉर्डिंग सुनकर विजिलेंस चीफ शत्रुजीत सिंह कपूर भी हैरान है। दरअसल, शत्रुजीत कपूर इसीलिए भी हैरान है कि 400 फाइलों में सिर्फ एक दलाल ने ही 2.40 करोड़ रुपये डकार लिए तो फिर हर जिले पर फैले दलालों की रकम किसकी किसकी जेब में गई होगी।



हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन बनाए जाने पर बधाई देते केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर। (फाइल फोटो)

### ऑडियो रिकॉर्डिंग की कुछ बातचीत यहां प्रस्तुत हैं :-

**अभ्यर्थी :** देख लो सर, किम्मे कोई गुंजाइश हो जाए तो, एक बार कंसल साब से, अदलखा साब से बात कर लेना, कुछ कम कर दें तो। मेरे तो तीन केस हैं, एक साथ। कुछ गुंजाइश करवा दो।
**सुभाष अरोड़ा :** मैंने अब तक इनसे चार सौ रजिस्ट्रेशन करवा दिए, वो कोनी कम करते, किसी के बाप से भी कम नहीं करते। भाईसाहब आप तो तीन की बात कर रहे हो, मैंने तो 15 केस एक साथ करवाके दिए, एक भी कम नहीं किया। वो कुछ भी कम नहीं करते। ये 15 केस हाथों हाथ करवाके दिए। शुक्रवार को फाइलें जमा करवाईं, उसी दिन रजिस्ट्रेशन करवाकर दे दिए।
**अभ्यर्थी :** दो फाइलें के 60-60 के हिसाब से 1.20 अभी दे दूंगा, डिग्री वाले के एक लाख दे दूंगा।
**सुभाष अरोड़ा :** ठीक है, दे देना। हाथ के हाथ करवाके दे दूंगा।

**'भ्रष्टाचार का काल, मनोहरलाल' कैसे सबक सिखाएंगे भ्रष्टाचारियों को**

एचएसपीसी में भ्रष्टाचार का यह गंदा खेल तो वो खेल रहा था, जो अक्सर अपनी फोटो मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर और केंद्रीय राज्यमंत्री के साथ खिंचवा कर अपनी फेसबुक पर पोस्ट करता रहा है। भ्रष्टाचारियों की खाल उधेड़ने में माहिर आईपीएस शत्रुजीत सिंह कपूर ने इस ऑडियो के बारे में सीएम मनोहरलाल खट्टर को भी अवगत कराया है। शत्रुजीत सिंह कपूर ने यह भी कहा कि दलाली के धंधे में अपनी सारी उम्र खपाने वाला जालसाज व्यक्ति न जाने कितने समय से मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्यमंत्री के नाम की आड़ लेकर खुलेआम भ्रष्टाचार का गंदा खेल खेल रहा था। अब सवाल यह है कि आखिर मंच से यह बात कहने वाले भ्रष्टाचार का काल, मनोहरलाल एचएसपीसी में बैठे इन भ्रष्टाचारियों की खबर किस तरह लेंगे।

### कंसल को पंचकूला ऑफिस ले गई विजिलेंस



**मंगलवार** को एचएसपीसी के वाइस चेयरमैन सोहनलाल कंसल को हिसार विजिलेंस की टीम पंचकूला स्थित ऑफिस लेकर पहुंची। इस ऑफिस से विजिलेंस टीम ने कई फाइलों को अपने कब्जे में लिया है। कंप्यूटर का रिकॉर्ड भी कब्जे में लिया है। विजिलेंस विभाग यह रिकॉर्ड लेकर इस केस को मजबूत करने की कोशिश में जुटा है ताकि एफआईआर में नामजद कोई भी शख्स किसी तरह बच न सके।

### हर किसी को रबड़ स्टैंप बना लेता है अदलखा

**एचएसपीसी** के पूर्व चेयरमैन केसी गोयल ने बताया कि अदलखा जिस विभाग में जाता है, उस विभाग के बड़े अधिकारी को अपनी रबड़ स्टैंप बना लेता है और अपनी जेब में रखकर घूमता है। केसी गोयल का आरोप है कि नगर निगम फरीदाबाद में 200 करोड़ रुपये का जो घोटाला हुआ है, उस घोटाले में जितने विकास कार्यों की एवज में जो भी फाइल एक करोड़ रुपये से ज्यादा की होती थी, उस पर धनेश अदलखा के ही साइन होते थे। इस मामले की यदि निष्पक्ष जांच होगी तो असली चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। नगर निगम घोटाले की जांच भी राजनीतिक प्रभाव के कारण सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रही।

### एसवीबी, डीजी से बातचीत



**हां,** एक ऐसी ऑडियो के बारे में मैंने सुना है, लेकिन देखने की बात यह है कि वो ऑडियो लीगल स्तर पर कितना दम रखती है। दो लोगों की बातचीत को हम किसी भी तरह से देख सकते हैं। बाकी इस केस में जो सही तथ्य मेरे सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। हम बेस्ट करने का प्रयास करते हैं। अधिक अपेक्षाएं नहीं रखनी चाहिए, क्योंकि कानूनी प्रक्रिया कानून की पालना के अनुसार ही कार्य करती है।
- शत्रुजीत सिंह कपूर, डीजीपी, स्टेट विजिलेंस ब्यूरो

## नूपुर शर्मा पर एससी की टिप्पणी से पूर्व जज ब्यूरोक्रेट्स खफा, बोले

# सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मण रेखा लांघी कमेंट ज्यूडिशियरी पर धब्बा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट में नूपुर शर्मा के मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेबी पारदीवाला की टिप्पणी से पूर्व जज और ब्यूरोक्रेट्स नाराज हैं। इन लोगों ने सीजेआई एनवी रमना को एक खत लिखा है। इसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मण रेखा लांघी है और नूपुर के मामले में तुरंत अदालत को सुधार संबंधी कदम उठाने चाहिए। यह भी कहा कि जस्टिस सूर्यकांत त्रिपाठी की टिप्पणियों और आदेशों को वापस लेने का निर्देश दिया जाए। चिट्ठी में 15 रिटायर्ड जजों, 77 रिटायर्ड नौकरशाहों और 25 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के दस्तखत हैं।

हस्ताक्षर करने वालों में केरल हाईकोर्ट के जस्टिस पीएस रविंद्रन, बॉम्बे हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस क्षितिज व्यास, गुजरात हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एसएम सोनी, राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस आरएस राठौर और प्रशांत अग्रवाल, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एसएन ढींगरा भी शामिल हैं।

पूर्व आईएएस अधिकारी आरएस गोपालन और एस कृष्ण कुमार, राजदूत (रिटायर) निरंजन देसाई, पूर्व डीजीपी एसपी वैद, बीएल वोहरा, लेफ्टिनेंट जनरल वी के चतुर्वेदी (रिटायर) ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इन लोगों ने कहा कि नूपुर के केस में सुप्रीम कोर्ट के जजों के कमेंट न्यायिक मूल्यों से मेल नहीं खाते हैं।

**खत में लिखा है-** न्यायपालिका के इतिहास में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणियां कभी नहीं हुईं। ये सबसे बड़े लोकतंत्र की न्याय प्रणाली पर धब्बे की तरह हैं, जिनको तत्काल सुधारने की जरूरत है, क्योंकि इसके कारण लोकतांत्रिक मूल्यों और देश की सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ सकता है। इन कमेंट्स का केस से लेना-देना नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने उदयपुर और अमरावती में हुई हत्याओं के लिए बीजेपी की पूर्व नेता नूपुर शर्मा को जिम्मेदार बताया था। इसके बाद जजों के फैसले को लेकर लगातार पर्सनल अटैक हो रहे हैं। नूपुर शर्मा की याचिका पर सुनवाई करने वाली बेंच का हिस्सा रहे एक जज ने इन हमलों पर आपत्ति जताई थी। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने एक कार्यक्रम में कहा था कि न्यायाधीशों पर उनके फैसलों के लिए व्यक्तिगत हमले करना खतरनाक है।

## असम से एटीएम काटकर आ रहे बदमाश 29.64 लाख की रकम समेत गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**हरियाणा** के पलवल की पुलिस ने असम के रागिया से बैंक का एटीएम काटकर ला रहे चार बदमाशों को दो गाड़ी और हथियारों के साथ नेशनल हाईवे-19 पर किठवाड़ी चौक से गिरफ्तार कर लिया। सीआईए टीम ने उनके कब्जे से 29.64 लाख रुपये, तीन अवैध हथियार और कार, कैंटर व गैस कटर बरामद किया है। गिरफ्तार लुटेरों में से एक नासिर मध्य प्रदेश के बेतुल में एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तार पर 10 हजार रुपये का इनाम था।

पलवल सीआईए प्रभारी विश्व गौरव ने बताया कि सूचना मिली की होडल निवासी गोपाल, जिला नूंह के पेमा खेड़ा गांव निवासी निसार, मोहम्मद और नसीम बैंक के एटीएम काटने का गैंगकाम करते हैं और अवैध हथियार रखते हैं। ये सभी दो गाड़ियों में किठवाड़ी चौक से गुजरने वाले हैं। सीआईए की टीम ने महेरचंद के नेतृत्व में नेशनल हाईवे-19 पर किठवाड़ी चौक के निकट नाकाबंदी कर दी। इसी दौरान एक बलेनो कार और आयसर कैंटर एक साथ आते दिखाई दिए।

सीआईए की टीम ने टॉर्च जला कर गाड़ियों को रोकने का इशारा किया तो आरोपी पुलिस को देखकर वापस भागने लगे, लेकिन पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर इनमें सवार लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपने नाम होडल की गढ़ी पट्टी निवासी गोपाल, जिला नूंह के पेमा खेड़ा गांव निवासी निसार, मोहम्मद व नसीम बताए हैं। जब कार की तलाशी ली तो कार में रखे एक बैग में 500-500 के नोटों की गड्डियां, कुछ जले हुए 500-500 के नोट मिले। जिनकी गिनती करने पर 28.50 लाख फ्रेश नोट और 1.14 लाख के नोट जली अवस्था में मिले। इनसे हथियार भी बरामद हुए हैं।

## जब भी भाजपा को जरूरत होती है, अभय उनके साथ खड़े हो जाते हैं : उदयभान

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**जजपा का हाथ विनोद शर्मा की जेब में पहुंचा**

**हरियाणा** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने इनेलो के प्रदेश महासचिव और ऐलनाबाद विधायक अभय सिंह चौटाला पर तीखा तंज कसा है। उदयभान ने कहा कि पहले यह कहा रहे थे कि जजपा का हाथ विनोद शर्मा की जेब में पहुंच गया। अब फिर घूम फिरकर आरोप लगा रहे हैं। हरियाणा प्रदेश की जनता को पता चले के क्या डील हुई है। जब भी भाजपा को जरूरत होती है, अभय चौटाला साथ खड़े मिलते हैं। कोई भी चुनाव हो, पहले अभय भाजपा को बुराई करते हैं, फिर यह हर मामले में भाजपा का साथ देते हैं। भाजपा ने लोकदल खत्म कर दिया। पहले लोकदल भाजपा की बी टीम होती थी। आज यह तड़प रहे हैं कि हमें भाजपा वाले अपने साथ लगा लें।

उदयभान ने कहा कि भाजपा ने पंजाब में अकाली दल खत्म कर दिया। बिहार में नीतिश कुमार को खत्म कर दिया। महाराष्ट्र में शिवसेना को खत्म कर दिया। अभय चौटाला के पास सबूत हैं तो जनता के सामने रखें। ईडी में जाना चाहिए। अभय चौटाला ही बताएं कि भाजपा के साथ उनकी क्या डील हुई है। अभय ने भाजपा के खिलाफ ऐलनाबाद में चुनाव लड़ा था।

बता दें कि अभय चौटाला ने राज्यसभा चुनाव में जजपा पर हॉर्स ट्रेडिंग का आरोप लगाया था। इस पर जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में अभय चौटाला जिस जजपा पर हॉर्स ट्रेडिंग का आरोप लगा रहे हैं, वे खुद उसी को वोट डालकर आए थे।

## वाणिज्यिक दुनिया के लिए मध्यस्थता उपयुक्त समाधान तंत्र : प्रधान न्यायाधीश

**एजेंसी।** नई दिल्ली




प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह आत्मनिरीक्षण करने और मध्यस्थता की भूमिका पर्यवेक्षी की होनी चाहिए।

**प्रधान** न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी रमना ने मंगलवार को कहा कि मध्यस्थता वाणिज्यिक जगत के लिए सबसे उपयुक्त विवाद समाधान तंत्र है। उन्होंने मध्यस्थता के मामलों से निपटने के लिए अधिक वाणिज्यिक अदालतों की स्थापना तथा इनके न्यायाधीशों के रूप में क्षेत्र के विशेषज्ञों की नियुक्ति का सुझाव दिया।

लंदन में भारत-ब्रिटेन वाणिज्यिक विवादों की मध्यस्थता पर एक सम्मेलन में उद्घाटन भाषण देते हुए न्यायमूर्ति रमना ने कहा कि अदालतें भारत में मध्यस्थता समर्थक हैं और भारतीय मध्यस्थता परिदृश्य का विकास वैश्विक रुझानों और मांगों के प्रति बहुत ही उत्साहपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता का एक कुशल परिणाम-उन्मुख संस्थान बनाने के लिए सभी संभावनाओं का पता लगाने के तरीके और साधन खोजने का समय है। उन्होंने सुझाव दिया कि मध्यस्थता प्रक्रिया में अदालत की भूमिका पर्यवेक्षी की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें सहायता और हस्तक्षेप के बीच की बारीक रेखा को पार नहीं करना चाहिए। न्यायमूर्ति ने कहा कि मध्यस्थता वाणिज्यिक जगत के लिए सबसे उपयुक्त विवाद समाधान तंत्र है।

## राजग प्रत्याशी मुर्मू समर्थन जुटाने त्रिपुरा पहुंचीं



**अगरतला।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू 18 जुलाई को होने वाले चुनाव में समर्थन पाने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचीं तथा वह सत्तारूढ़ भाजपा एवं उसके सहयोगी आईपीएफटी के सांसदों एवं विधायकों से मिलेंगी। त्रिपुरा विधानसभा के अध्यक्ष रतन चक्रवर्ती ने यह जानकारी दी। झारखंड की पूर्व राज्यपाल मुर्मू का यहां महाराज बीर बिक्रम हवाईअड्डे पर पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया तथा कलाकारों ने उनके सम्मान में लोकनृत्य पेश किया। मुख्यमंत्री माणिक साहा, उपमुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा, केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने हवाई अड्डे पर मुर्मू का स्वागत किया।

## काली पोस्टर विवाद : कनाडाई अधिकारियों से सामग्री हटाने की अपील

**एजेंसी।** टोरंटो




**ओटावा** स्थित भारतीय उच्चायोग ने कनाडाई प्राधिकारियों से लघु फिल्म काली से जुड़ी सभी आपत्तिजनक सामग्री हटाने की अपील की है।

उच्चायोग ने कनाडा में मौजूद हिंदू समुदाय के नेताओं से वहां प्रदर्शित लघु फिल्म के पोस्टर में हिंदू देवी के अपमानजनक चित्रण को लेकर शिकायतें मिलने के बाद यह कदम उठाया है। टोरंटो में रहने वाली फिल्मकार लीना मणिमेकलई ने शनिवार को ट्विटर पर अपनी लघु फिल्म काली का पोस्टर साझा किया था, जिसमें हिंदू देवी को धूम्रपान करते और हाथ में एलजीबीटीक्यू समुदाय का झंडा थामे हुए दिखाया गया है। गो महासभा नामक समूह के एक सदस्य ने बताया कि उसने दिल्ली पुलिस में मणिमेकलई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

## केंद्र के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट पहुंचा ट्विटर, कंपनी बोली

# अभिव्यक्ति की आजादी पर रोक नहीं लगा सकते

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार के कुछ आदेशों को सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर ने कर्नाटक हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ट्विटर का आरोप है कि कुछ अफसर कानून का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। लिहाजा, कुछ रूल्स का ज्यूडिशियल रिव्यू होना चाहिए। कंपनी ने इसके लिए कोर्ट में अपील की है। दूसरी तरफ, आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अकाउंटेबल बनाया जाएगा। आईटी मिनिस्ट्री ने कुछ दिन पहले ट्विटर को वॉर्निंग दी थी। इसमें कहा था कि अगर वो आदेशों का पालन नहीं करती तो उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जा सकता है।

ट्विटर के कोर्ट जाने के मामले में वैष्णव का बयान भी आया। कहा- देश में चाहे कोई भी कंपनी हो, किसी भी सेक्टर से हो, उन्हें भारत के कानून का पालन करना चाहिए। कानून का पालन सभी की जिम्मेदारी है। सोशल मीडिया को कैसे जवाबदेह बनाया जाए, इस पर तेजी से काम चल रहा है। इसे जवाबदेह ठहराना जरूरी है। इसके लिए तीन स्तरों पर काम होना चाहिए। पहला- सेल्फ रेगुलेशन, दूसरा- इंडस्ट्री रेगुलेशन और गवर्नमेंट रेगुलेशन।

केंद्र का मानना है कि सोशल मीडिया के जरिए से कुछ लोग अपना एजेंडा सेट कर रहे हैं और अफवाहें फैला रहे हैं। सरकार ने ट्विटर से कहा था कि वो ऐसे लोगों के खिलाफ एक्शन ले, जिसमें ट्विटर से खालिस्तान समर्थक के अकाउंट के खिलाफ एक्शन के आदेश दिए थे। किसान आंदोलन से जुड़ी झूठी सूचनाएं फैलाने वालों के अकाउंट बंद करने के आदेश दिए थे। कोरोना महामारी से निपटने को लेकर सरकार की आलोचना करने वाले ट्वीट्स पर भी कार्रवाई के आदेश दिए थे। हालांकि ट्विटर सहित कई सोशल मीडिया कंपनियों ने सरकार के कंटेंट हटाने के अनुरोध पर कार्रवाई नहीं की। आईटी मिनिस्ट्री ने ट्विटर को चेतावनी देते हुए आदेशों का पालन न करने के लिए आपराधिक मामला दर्ज करने की बात कही थी।

ट्विटर ने इस मामले में अभिव्यक्ति की आजादी का हवाला दिया है। कंपनी का कहना है कि अगर हम किसी भी यूजर के खिलाफ बिना नोटिस के कंटेंट हटाते हैं तो ये यूजर के अधिकार का उल्लंघन होगा। इसके साथ ही ट्विटर ने कहा कि कुछ पोस्ट राजनीतिक दलों के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से पोस्ट किए गए हैं। इनको ब्लॉक करना एक तरह से अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन है। पिछले साल सोशल मीडिया को लेकर बनाई गई नई गाइडलाइंस पर ट्विटर के रवैये से खफा आईटी मंत्रालय ने कहा था कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को न सिखाए, कि हमें क्या करना है। ट्विटर मुद्दा भटकाने के बजाए नियमों का पालन करे। मंत्रालय ने कहा था कि ट्विटर का जवाब दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश पर जबरन अपनी शर्तें थोपने जैसा है।



### ट्विटर के पास है बड़ा यूजर बेस

ट्विटर 11 मार्च 2006 को लॉन्च हुआ था। इसके बाद से इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। 2019 के बाद ट्विटर के यूजर बेस में एक बड़ा उछाल देखने को मिला था। 2020 तक ट्विटर के 18.6 करोड़ डेली एक्टिव यूजर्स थे, जो 2021 की पहली तिमाही तक 19.2 करोड़ पार कर गए हैं। अगर मंथली एक्टिव यूजर्स की बात करें तो ये आंकड़ा 35 करोड़ पार चला जाता है। भारत में ट्विटर के करीब 1.75 करोड़ डेली यूजर्स हैं।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 06 जुलाई, 2022



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 37.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 30.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- निगम मुख्यालय पर आम आदमी पार्टी के सदस्यों का प्रदर्शन: सुबह 10 बजे
- बीके अस्पताल में मुस्कान की टीम का दौरा: सुबह 11 बजे
- एनएच-5, ए ब्लॉक में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन : शाम 4 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे।

**निवेश गुरु**

**म्यूचुअल** फंड में निवेश के दौरान कैपिटल गेन पर टैक्स लगता है। इसे निवेशक चुकाता है, वहीं म्यूचुअल फंड्स डिविडेंड लगने वाला टैक्स फंड हाउस चुकाता है। म्यूचुअल फंड में इक्विटी और डेट के लिए टैक्स देनदारी अलग-अलग होती है। इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम में 12 महीने से ज्यादा वक्त तक के निवेश से मिले रिटर्न पर 10 फीसदी का लॉन्ग टर्म गेन टैक्स लगता है। हालांकि, एक लाख रुपये तक के रिटर्न पर लॉन्ग टर्म गेन टैक्स नहीं लगता है। लेकिन 12 महीने से पहले इसे निकालने पर 15 फीसदी शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स लगता है।

**यूटीलिटी न्यूज**

## हसला कार्यकारिणी ने किया डीईओ का स्वागत



**फरीदाबाद।** हसला कार्यकारिणी फरीदाबाद ने जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी का स्वागत किया। इसके साथ ही बल्लभगढ़ खंड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी का भी स्वागत फूल माला मिठाई व जिला शिक्षा अधिकारी को शाल भेंट करके किया। इस मौके पर हसला जिला प्रधान संदीप चौहान, वरिष्ठ उप प्रधान मनु स्मृति पाराशर, महासचिव उमा गुप्ता, फरीदाबाद खंड प्रधान कुलदीप, उप प्रधान ज्ञानचंद व श्वेता, राज्य सचिव राजेश आदी उपस्थित थे।

**क्विक न्यूज**

## गुमशुदा को किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सब इंस्पेक्टर सरजीत की टीम ने 21 वर्षीय गुमशुदा लड़के को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 21 वर्षीय गुमशुदा लड़का अपने घर वालों से किसी बात को लेकर नाराज था जिसके कारण वह 23 जून को घरवालों से बिना बताए कहीं चला गया था जिसकी सूचना घर वालों ने थाना खेड़ी पुल में दी जिस पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लड़के की तलाश शुरू कर दी। क्रइम ब्रांच कैट की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए सूत्रों की सूचना के आधार पर गुमशुदा लड़के को नहर पार खेड़ी पुल से सुरक्षित बरामद किया है। परिजनों के सामने लड़के से पूछताछ की गई जिसमें लड़के ने बताया कि वह किसी बात को लेकर घर वालों से नाराज था। अब अपने घर वालों के साथ जाना चाहता है। जिसे कानूनी कार्रवाई के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। लड़के के परिजनों ने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

# नियमों का पाठ पढ़ाने वाले विभाग ही उड़ा रहे हैं नियमों की धज्जियां

## शहर की नवीनतम श्रम विभाग की बिल्डिंग में नहीं हैं सुरक्षा के इंतजाम

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** में विभिन्न तरह के नियमों की जानकारी देने और नियमों का पालन करवाने की जिम्मेदारी शहर के संबंधित विभागों के पास है। ऐसे में जब यही विभाग नियमों की धज्जियां उड़ाने लगे तो शहर के आमलोग नियमों का किस तरह पालन करेंगे, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। शहर में श्रम विभाग के कार्यालय इससे पहले छोटे परिसरों में चलता रहा है। लेकिन औद्योगिक नगरी के हजारों कारखानों और लाखों मजदूरों से संबंध रखने वाले श्रम विभाग के कार्यालय में जगह की कमी को देखते हुए राज्य सरकार ने अलग से बहुमंजिला इमारत का निर्माण कराया है।

सेक्टर 12 में श्रम विभाग की यह इमारत 2018 में बनकर तैयार हुई थी। करीब आठ करोड़ की लागत से बनाई गई इमारत में श्रम विभाग के कार्यालय के साथ-साथ जिला औद्योगिक सुरक्षा विभाग का कार्यालय श्रम अदालत भी बनी है। जिससे यहां हर रोज सैकड़ों की संख्या में लोग आते हैं इसके बावजूद इमारत के पास फायर ब्रिगेड की एनओसी तक नहीं है। हैरानी की बात यह है कि सुरक्षा के अन्य इंतजाम भी नहीं हैं। इमारत में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी नहीं है। बिल्डिंग बायलॉज 2017 के मुताबिक रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना जरूरी होता है।



सेक्टर 12 स्थित श्रम विभाग का कार्यालय।




श्रम विभाग के कार्यालय में कुत्तों का जमावड़ा।

### नवीनतम सरकारी इमारत की हालत

**प्रदेश** सरकार ने श्रम विभाग के कार्यालय के लिए वर्ष 2013 में सेक्टर 12 में इमारत का निर्माण कार्य शुरू करवाया था। लेकिन विभिन्न कारणों से इमारत का निर्माण पूरा होने में लगातार देरी होती रही। किसी तरह वर्ष 2018 में इस इमारत का निर्माण कार्य पूरा हो गया। वर्ष 2019 मे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस इमारत का उद्घाटन किया था। जिसके बाद इस इमारत में जिला श्रम विभाग, जिला औद्योगिक सुरक्षा विभाग और श्रम अदालत को शिफ्ट कर दिया गया था। दो महत्वपूर्ण कार्यालय और एक अदालत का संचालन होने के बावजूद इस इमारत की सुरक्षा संबंधित अहम कामों के प्रति किसी ने भी ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की। जबकि यहां दो महत्वपूर्ण कार्यालय और श्रम अदालत होने की वजह से यहां हर रोज सैकड़ों लोगों का अपने काम के सिलसिले में आना जाना लगा रहता है। ऐसे में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग ने इस इमारत के लिए फायर ब्रिगेड से अनापति प्रमाण पत्र तक जारी नहीं कराया गया है। यदि यहां कोई हादसा हो गया तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी?

### आरटीआई से खुली सुरक्षा की पोल

**करीब** आठ करोड़ रुपये की लागत से पीडब्ल्युडी द्वारा तैयार की गई इस इमारत में मौजूद खामियों को देखते हुए आरटीआइ एक्टिविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बहल ने 22 मई 2022 को विभाग के पास एक आरटीआइ दायर की थी। जिसमें उन्होंने इस इमारत की सुरक्षा से संबंधित कई सवालों के जवाब मांगे थे। आरटीआइ में उन्होंने पूछा था कि क्या इमारत के लिए अग्निशमन सुरक्षा एवं सुरक्षा संबंधित इंतजाम किये हुए हैं। क्या इस इमारत में लगी लिफ्ट के सुरक्षा संबंधि प्रमाण पत्र जारी करवाया गया है। क्या लिफ्ट के संचालक के लिए सुरक्षा की दृष्टि से कोई लिफ्टमैन की नियुक्ति की गई है। इस आरटीआई के जवाब में पहले पीडब्ल्युडी के संबंधित अधिकारियों ने बताया था कि यह जानकारी जिला श्रम विभाग द्वारा दी जाएगी। 22 जून को श्रम विभाग ने आरटीआइ का जवाब देते हुए कहा है कि उनके पास इससे संबंधित रिकॉर्ड नहीं है। बताया है कि विभाग के द्वारा यहां लिफ्टमैन की नियुक्ति नहीं की गई है। इससे साफ है कि इमारत पर सरकार ने करोड़ों रुपये तो खर्च कर दिये लेकिन सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया।



श्रम विभाग के कार्यालय लगाई गई लिफ्ट

### हार्वेस्टिंग सिस्टम भी नहीं बना

**जल** संचय और बरसाती के सदोपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ताकि आने वाली पीढ़ियों के हिस्से के पानी बचाया जा सके। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने जल संचय के लिए बिल्डिंग बायलॉज 2017 बनाया है। जिसके तहत 150 वर्गगज से ज्यादा जमीन पर बनने वाली सरकारी अथवा गैर सरकारी इमारत में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से बनाने का नियम लागू किया है।

सेक्टर 12 में श्रम विभाग की यह इमारत काफी लंबी चौड़ी जगह पर बनाई गई है।

इस परिसर में बहुमंजिना लंबी चौड़ी इमारत बनाई गई। लेकिन इसके बावजूद बिल्डिंग के निर्माण के दौरान पीडब्ल्युडी अथवा देखरेख कर रहे अधिकारियों ने रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने की तरफ जरा भी ध्यान नहीं दिया। रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम न बनाए जाने से बरसात के दौरान इस विशाल इमारत और परिसर में गिरने वाला पानी जमीन को रिचार्ज करने की बजाए यहां वहां बह कर नष्ट हो रहा है। पिछले करीब चार सालों में संबंधित अधिकारियों की लापरवाही से लाखों लीटर पानी बर्बाद हो चुका है।

### सुरक्षा संबंधित दस्तावेज नहीं हैं



**आरटीआइ** एक्टिविस्ट अजय बहल का कहना है कि इस महत्वपूर्ण विभाग के पास अपने ही कार्यालयों की सुरक्षा से सम्बंधित कोई भी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इस इमारत में प्रतिदिन हजारों फैक्ट्री मालिकों, कार्मिकों एवं आम नागरिकों का आना जाना लगा रहता है, लेकिन सुरक्षा के किसी भी प्रकार के संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। कोई अप्रिय घटना होने पर सरकार द्वारा केवल एक जांच समिति गठित कर कुछ मुआवजा दे दिया जाता है।

# नई पीढ़ी पर्यावरण के अनुकूल जीवन अपनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने जुलाई माह को पौधारोपण के महीने के रूप में मनाते हुए विश्वविद्यालय परिसर में विशेष पौधारोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को अभियान में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

अभियान का शुभारंभ आधिकारिक रूप पर कुलपति प्रो. एसके तोमर ने बरगद, नीम और पीपल की 'त्रिवेणी' के पौधे रोपकर किया। मुख्यमंत्री हरियाणा के विशेष अधिकारी सुमित यादव और केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार ने पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया। पौधरोपण अभियान का संचालन डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के इको-क्लब के सहयोग तथा डीन कॉलेज प्रो. तिलक राज की देखरेख में किया जा रहा है।



जेसी बोस विश्व विद्यालय में पौधा लगाकर पानी देते कुलपति प्रो. एसके तोमर।

सुमित यादव ने विश्वविद्यालय की पौधारोपण मुहिम की सराहना की तथा इसे पर्यावरण प्रति संवेदनशीलता की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया। कुलपति ने शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण कम होते वन क्षेत्र तथा प्रदूषण के गंभीर परिणामों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को पर्यावरण के अनुकूल जीवन को संस्कृति के रूप में विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की समस्या और पर्यावरण से संबंधित समस्या का सामना कर रही है, इसलिए इस तरह की समस्या से उबरने के लिए पेड़ लगाना आज सबसे महत्वपूर्ण समाधानों में से एक बन गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण और पारिस्थितिकी को संरक्षित करने की आवश्यकता के प्रति संवेदनशील बनाना है।

प्रो. तोमर ने त्रिवेणी के लाभों को भी विस्तार से बताया और इसके पारिस्थितिक और पौराणिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन पेड़ों में एक विशेष गुण होता है जो इन्हें पूरे दिन ऑक्सीजन छोड़ने की क्षमता देता है। इसलिए हमारे ऋषियों एवं मुनियों द्वारा इन पेड़ों को पवित्र और देवताओं का निवास बताया गया है। पौधरोपण अभियान की जानकारी देते हुए प्रो. तिलक राज ने कहा कि विश्वविद्यालय की इस अभियान को एक माह तक चलाने की योजना है, जिसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जायेगा।

# कांवड़ियों की सुरक्षा को पुलिस कर रही व्यवस्था

## डीसीपी सेंट्रल ने कांवड़ यात्रा के लिए निर्धारित बाईपास रोड का किया मुआयना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एक** सप्ताह बाद शुरू हो रही कांवड़ यात्रा में कांवड़ियों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा ने एसीपी सराय देवेंद्र यादव, एसीपी ओल्ड महेंद्र वर्मा तथा पुलिस थाना सराय, पल्ला, सेक्टर 31 तथा खेड़ी पुल थाना प्रभारी सहित फरीदाबाद बाईपास रोड़ पहुंचकर यात्रा हेतु सुरक्षा प्रबंधों को लेकर मौका मुआयना किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर लाखों यात्री हरिद्वार से कांवड़ लाकर भगवान शिव की आराधना करते हैं। हजारों कांवड़ यात्री फरीदाबाद से होकर पलवल, यूपी, राजस्थान, मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों पर अपनी यात्रा के लिए अग्रसर होते हैं। बहुत अधिक संख्या में कांवड़ियों द्वारा की जाने वाली इस यात्रा के दौरान उनके लिए शहरों में मार्ग निर्धारित करके उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना अति आवश्यक है और कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना आए इसलिए उन्हें एक सुगम तथा सुरक्षित रास्ता उपलब्ध करवाने के लिए मंगलवार को डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा ने अपनी टीम के साथ फरीदाबाद बाईपास पहुंचकर कावड़ यात्रा के लिए निर्धारित किए गए मार्ग की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने मार्ग पर जाकर सुरक्षा संबंधी जानकारी एकत्रित की जिसके अनुसार आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी।



कांवडियों की सुरक्षा के लिए बाईपास रोड का मुआयना करते डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा।

# स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़

**हरियाणा** के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने बल्लगढ़ के एफआरयू दो स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे और चिकित्सकों को सम्मानित किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और एसएमइो डॉक्टर मान सिंह स्वच्छ पर्यावरण का संदेश देते हुए उन्हें तुलसी का पौधा भेंट करते हुए सम्मान किया।

आपको बता दें कि सेक्टर तीन स्थित स्वास्थ्य केंद्र एफआरयू दो के परिसर में भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता और एस एमओ डॉक्टर मान सिंह की उपस्थिति में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया। भाजपा नेता ने बताया कि टीकाकरण अभियान में स्वास्थ्य कर्मियों ने युद्ध स्तर पर काम किया और जिला वासियों ने भरपूर लाभ देकर पूरा किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की इस बड़ी उपलब्धि पर उन्होंने स्वास्थ्य कर्मी और चिकित्सकों को सम्मानित किया है और कोरोना काल में जिस तरह से इन लोगों ने सेवाएं दी हैं। वह अतुल्य हैं क्योंकि जिस तरह से डॉक्टर और हेल्थ वर्कर्स ने बिना अपनी जान की परवाह किए लोगों की सेवा की है वह हमेशा सम्माननीय रहेंगी। दंत चिकित्सक डॉक्टर तरुण शर्मा डॉ रामनिवास डॉ. शिव प्रसाद दुबे. रौनक नरसिंह इंचार्ज. सोनू परिहर सहित अन्य स्टाफ के अलावा सेवाप्रकोष्ठ जिला भाजपा संयोजक चन्द्रभान शर्मा, सुर्दशन सिंह भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष, दिनेश प्रशाद सिंह उपाध्यक्ष वीर भारत, डॉ.शिवानी, सम्मिता भौमिक मानव कल्याण समिति सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।



डॉ. मान सिंह को सम्मानित करते टीपरचंद शर्मा और सीएमओ।

# नशा मुक्ति और कैंसर के प्रति किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा शहर को नशा मुक्त बनाने के की मुहिम के अंतर्गत कार्य करते हुए सामुदायिक पुलिसिंग प्रभारी इंस्पेक्टर सविता की टीम ने सर्वोदय हॉस्पिटल तथा मिशन जागृति संस्था के साथ मिलकर पुलिस थाना सराय एरिया में संतोषनगर में आमजन को नशा मुक्ति तथा कैंसर के बारे में जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य मुख्य अतिथि के तौर पर डीसीपी नीतीश अग्रवाल, एसीपी बड़खल सुखबीर सिंह, महिला निरीक्षक सामुदायिक पुलिसिंग प्रभारी सविता रानी, डबुआ थाना प्रभारी भगवान, चौकी इंचार्ज पवन कुमार व सर्वोदय हॉस्पिटल के डॉक्टर इमाम, विवेक व राकेश त्यागी उपस्थित रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा जगह-जगह जाकर जिला फरीदाबाद को नशा मुक्त एवं कैंसर रहित बनाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अभियान के दौरान पुलिस उपायुक्त एवं सहायक पुलिस आयुक्त अलग अलग जगहों के अनुसार इलाकों में स्वयं जाकर कार्यक्रम का अवलोकन कर रहे हैं। सर्वोदय हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा नशा एवं कैंसर के संबोधन द्वारा नौजवान युवकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत एवं शपथ दिलाकर उकत अभियान को सफल बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सराय के संतोष नगर तथा डबुआ के नेहरू कोलोनी एवं सैनिक कॉलोनी में पांच जुलाई को नागरिकों को नशे से होने वाले कैंसर एवं दुष्परिणामों के प्रति अवगत कराया। सर्वोदय हॉस्पिटल द्वारा प्रदान की गई स्क्रीन वाली गाड़ी द्वारा लोगों को नशे से होने वाले कैंसर एवं दुष्परिणामों पर आधारित फिल्म दिखाई गई। फरीदाबाद पुलिस तथा हॉस्पिटल की टीम ने नागरिकों को जागरूक करते हुए उन्हें नशे से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि यदि मनुष्य चाहे तो वह नशे से छुटकारा पा सकता है। नशे से छुटकारा पाने के लिए योग तथा व्यायाम सबसे महत्वपूर्ण साधन है जिससे मनुष्य का ध्यान नशे से हटकर अपनी सेहत पर केंद्रित हो जाता है।



सराय के संतोष नगर में लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।


**मृतक की पहचान**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक नाम पता ना मालूम व्यक्ति उम्र करीब 42 साल की लाश दिनांक 02-07-2022 को गुरुग्राम कैनाल में पुलिस चौकी सेक्टर 28 फरीदाबाद के एरिया में कटपुला के पास पाई गई है। लाश को पहचान हेतु बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है जो लाश का हुलिया इस प्रकार है- व्यक्ति की छाती पर दाहिने तरफ मौम व बाई तरफ डैड का टैटू बना हुआ है। हाथ में काले रंग का डोरा पहने हुए हैं, नीले रंग की जींस, जैक एंड जॉन्स कंपनी की नीले रंग की काली चेक दार कमीज, माचो कंपनी का अंडरवियर पहने हैं। मुकदमा नं0 10 दिनांक 02.07.2022 थाना सेक्टर 31 फरीदाबाद है। यदि किसी के एरिया से यह व्यक्ति गुम हो या इस संबंध में काई भी सूचना किसी के पास हो तो पुलिस चौकी सेक्टर 28 या थाना सेक्टर 31 में संपर्क करें।

**मोबाईल नम्बर - 9582200122, लैडलाईन नं.- 029-2255888**


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुदईया मुकदमा पूजा खन्ना पत्नी चंदर खन्ना निवासी मकान न0 70ए/3 सैय्यदवाडा ओल्ड फरीदाबाद का भाई रोहित बत्रा निवासी मकान नं0 1095 सैक्टर 9 फरीदाबाद उम्र करीब 40 वर्ष है जो दिनांक 30.06.2022 को अपने घर से अपनी मोटरसाईकिल न0 एच.आर 51 सीडी 0625 पर सवार होकर अपनी मर्जी से कही चला गया । जो रोहित बत्रा का हुलिया इस प्रकार से है- रंग सांवला, चेहरा लम्बूतरा, पतला फुर्तिला शरीर, कद 5 फुट 7 इंच है जिसने हल्के गुलाबी रंग की कमीज, काले रंग की पेन्ट व पैरो मे जूते पहने हुए है। मुकदमा नम्बर 235 दिनांक 03.07.2022 भा0द0स0 थाना ओल्ड फरीदाबाद। अगर किसी को रोहित बत्रा उपरोक्त के बारे में कुछ पता चलता है तो पुलिस चौकी सै0 19 फरीदाबाद मे निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना ओल्ड फरी0- 9582200123, पुलिस चौकी ईन्चार्ज सै0 19 फरी0- 9582200142**


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 02.07.2022 को रजत पुत्र सुनील कुमार पुत्र श्री प्रदीप निवासी म.नं0 2एल-23 एनआइटी फरीदाबाद, घर में किसी को बिना बताये कही चला गया। जो अब तक घर वापस नहीं आया है, जिसका हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला शरीर कद 5 फुट 2 इंच, उम्र 17 वर्ष, पहनावा काले रंग की लोयर वा पैरों मे सपोर्ट शुज पहने हुए है व आखों पर नजर के चश्मे पहने है। मुकदमा नं0 377 दिनांक 02.07.2022 थाना कोतवाली फरीदाबाद। पता चले तो लिम्नलिखित नम्बंरो पर सुचित किया जाये।

**प्रबन्धक अफसर . 9582200126, थाना कोतवाली फरीदाबाद- 0129-2416165**
**अनुसंधान अधिकारी. 9250662448**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 26.06.2022 को साहीना पुत्री इकबाल निवासी गांव फतेहपुर तगा थाना धौज फरीदाबाद, घर में किसी को बिना बताये कही चली गयी। जो अब तक घर वापस नहीं आयी है, जिसका हुलिया- रंग गेहुंआ, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर कद 5 फुट 2 इंच, गर्दन पर तिल का निशान, उम्र 20 वर्ष, जिने ब्लू रंग का सुट-सलवार वा डुपट्टा व पैरों मे क्रीम कलर की जूती पहने हुए है। मुकदमा नं0 183 दिनांक 26.06.2022 थाना धौज फरीदाबाद। पता चले तो लिम्नलिखित नम्बंरो पर सुचित किया जाये।

**प्रबन्धक अफसर थाना धौज फरीदाबाद- 9582200157, अनुसंधानकर्ता अधिकारी. 7015262598**

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**दरकती जा रही है आजकल बुनियाद ये सच है**
**जड़ों में घुल रही अब नफ़रती इक खाद ये सच है**
**जिसे उजियार लाने थे अंधेरे चीर कर अब वो**
**युवाओं की जवानी हो रही बर्बाद ये सच है**

# बिना ऑपरेशन बुजुर्ग के दिल की धमनी का इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मैरिंगो** क्यूआरजी हॉस्पिटल में पलवल से गंभीर हृदय की बड़ी धमनी की बीमारी के साथ आये 74 वर्षीय लाल सिंह का बिना ऑपरेशन सफल इलाज किया गया। मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से हृदय रोग विभाग के डायरेक्टर डॉ. राकेश राय सपरा ने बताया कि हाल ही में हमारे पास एक ऐसा मरीज आया जिसे एओर्टिक एन्यूरिज्म बीमारी थी।

एओर्टा दिल से निकलने वाली एक बड़ी नस होती है जो पूरे शरीर के लिए खून लेकर जाती है। बढ़ती उम्र के साथ एओर्टा नस की दीवार कमजोर पड़ जाती है और कमजोर पड़ने पर यह दीवार फैलने लगती है जिसे एन्यूरिज्म कहते हैं। सामान्य एओर्टा लगभग 25-30 मिलीमीटर की होती है लेकिन जब इस नस का साइज फैलकर 50 मिलीमीटर से ज्यादा हो जाए तो उसे इलाज की जरूरत पड़ती है। अल्ट्रासाउंड करने पर पता चला कि इस मरीज की एओर्टा नस (बड़ी धमनी) का साइज तकरीबन 80 मिलीमीटर हो गया था। नस बहुत ज्यादा फैल गई थी। बहुत अधिक कमजोर हो जाने के कारण अचानक से इस नस के फटने का खतरा बढ़ जाता है। नस के फट जाने पर अचानक पूरा खून लीक कर जाता है जिससे मरीज की जान जाने का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसी नस का ऑपरेशन से इलाज करने में काफी जोखिम होता है क्योंकि ऑपरेशन बड़ा होता है जिसमें खून की हानि भी ज्यादा होती है और मरीज को हीलिंग करने में भी समय ज्यादा लगता है। मरीज की जान बचाने के लिए नस के माध्यम से एंडोवस्कुलर एन्यूरिज्म रिपेयर किया गया जिसमें बिना पेट और नस खोले, बिना चीरफाड़ किए नस के अन्दर से एक स्टेंट लगाया गया। प्रोसीजर सफल रहा और स्वस्थ होने के बाद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया।

डॉ. सपरा ने बताया कि नस का जो हिस्सा कमजोर हो जाता है उसे सपोर्ट देना होता है। आमतौर पर इसका इलाज ऑपरेशन से किया जाता है जिसमें खराब नस के हिस्से को खोलकर वहां पर ट्यूब लगाई जाती है। ऑपरेशन करके फैले हुए एओर्टा को ट्यूब के चारों तरफ लपेट दिया जाता है। इससे एओर्टा का सामान्य साइज आ जाता है लेकिन इसके लिए मरीज का पूरा पेट खोलकर, नस को खोलने के बाद ऑपरेशन होता है। यह बहुत बड़ा ऑपरेशन हो जाता है जिसमें जोखिम बहुत होता है और खून की हानि की बहुत अधिक होती है, हीलिंग में भी समय ज्यादा लगता है। लेकिन अब ऐसे केस के लिए बहुत ही सरल तरीका अपनाया जाता है जिसमें बिना नस खोले, बिना चीरफाड़ किए नस के अन्दर से एक स्टेंट लगाया जाता है जिसके ऊपर कोटिंग होती है। नार्मल स्टेंट एक जाली की तरह होता है जिससे आर-पार दिख सकता है। ऐसे स्टेंट के ऊपर बाहर एक कवर लगाने पर यह ट्यूब बन जाती है। ट्यूब जैसे बने स्टेंट को एन्यूरिज्म के अन्दर लगा देने पर नार्मल नस का आकार आ जाता है और अतिरिक्त साइज बाहर रह जाता है। फिर नस के फटने का जोखिम खत्म हो जाता है।



मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में हृदय रोग विभाग के डायरेक्टर डॉ. राकेश राय सपरा के साथ खड़े हैं 74 वर्षीय मरीज लाल सिंह।

# एम्स के डॉक्टर आयुर्वेद से दूर कर रहे पुराने मर्ज

कविता। फरीदाबाद

## डेढ़ साल से बीके और पल्ला के संग आयुष डिस्पेंसरियों में भी निःशुल्क कैम्प

**औद्योगिक** नगरी में शरीर के विभिन्न हिस्सों में दर्द की शिकायत के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। काम करने के कारण अक्सर लोगों को शरीर में दर्द रहता है। इसमें मांसपेशियों में दर्द, हड्डियों में दर्द, जोड़ों का दर्द, गठिया, घुटने का दर्द, कंधे का दर्द, गर्दन का दर्द, कमर का दर्द आदि शामिल हो सकते हैं।

अधिक वर्कआउट करने, लगातार बैठकर ऑफिस का काम करने या फिर अधिक चलने-फिरने से शरीर के कई हिस्सों में दर्द, ऐंठन और थकान महसूस होने लगती है। शारीरिक दर्द कई बार इतनी बढ़ जाता है कि सामान्य कार्य करना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार लगातार रहने वाला शारीरिक दर्द या बॉडी पेन शरीर को नुकसान भी पहुंचा सकता है, लेकिन पैसों की कमी और जागरूकता की कमी के कारण लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं। लोगों की इन परेशानियों को समाप्त करने के लिए ही एम्स की तरफ से शहर के आयुष विभागों में लोगों को इन बीमारियों से छुटकारा दिलवाने का प्रयास किया है। जिसके तहत एम्स की तरफ से जिले में मौजूद आयुष विभाग में कैम्प लगाए जा रहे हैं।

मंगलवार को भी बीके सिविल अस्पताल परिसर में मौजूद आयुष विभाग में एक जांच और दवा वितरण कैम्प लगाया गया। कैम्प में मौजूद एम्स के डॉ. मदन पटेल ने बताया कि इस कैम्प में मरीजों को मुफ्त इलाज, दवाइयां और जांच उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कैम्प माह में चार दिन बीके अस्पताल में और शेष दिनों में पल्ला समेत विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में मौजूद आयुष विभाग में लगाया जाता है।

उन्होंने बताया कि एम्स की तरफ से लगाए जा रहे इन कैम्पों को एक शनिवार छोड़ कर और एक मंगलवार छोड़कर लगाया जाता है। जिसमें इस माह फिलहाल 09, 19 और 23 जुलाई को कैम्प लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कैम्प में निःशुल्क आयुर्वेदिक उपचार, दवाइयां, ब्लड टेस्ट, योग, योगा आहार बिहार के बारे में सलाह और गठिया, घुटने का दर्द, कंधे का दर्द, गर्दन का दर्द और कमर का दर्द के उपचार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।


बीके अस्पताल के आयुष विभाग में एम्स के डॉ. मदन पाटिल मरीज के घुटने की जांच करते हुए।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए वैक्सीन जरूरी : उपायुक्त

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड बचाव के लिए टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में अब तक कुल 117410 लोगों को बूस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आज के आंकड़ो को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज़ सहित कुल 4094393 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है।

# लापरवाही : एमडीयू ने हिंदी विषय का गलत प्रश्नपत्र भेजने से विद्यार्थी परेशान

## प्रश्नपत्र गलत आने के आधे घंटे बाद एमडी यूनिवर्सिटी ने परीक्षा को किया स्थगित

कविता। फरीदाबाद

**एमडी** यूनिवर्सिटी की लापरवाही के कारण विद्यार्थियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। यूनिवर्सिटी के आए दिन ऐसे कारनामें सुनने को मिलते हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका नजर आता है। ऐसा ही कुछ मंगलवार को हुआ।

प्रदेशभर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के बीए छठें सेमेस्टर की हिन्दी कम्पलसरी कोर्ड 94404 बीए फाईनल ईयर का पेपर ऑउट ऑफ सिलेबस भेज दिया गया। जिसके बाद कॉलेज की तरफ से यूनिवर्सिटी को मेल भेजकर इस बारे में सूचना दी गई। सूचना मिलने पर यूनिवर्सिटी की तरफ से गलती मानते हुए उक्त परीक्षा को स्थगित कर दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आधे घंटे तक गलत पेपर देखकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि हिन्दी जैसे विषय का पेपर जब आउट ऑफ सलेब्स आ सकता है, तो ऐसे में किसी और विषय की क्या बात करें।

**विषय से हटकर पूछे सवाल :** हिन्दी के एक टीचर ने बताया कि एमडी यूनिवर्सिटी की तरफ से बीए फाईनल ईयर का पेपर मंगलवार को होना था। लेकिन इस पेपर में सभी सवाल विषय से हटकर पूछे गए थे। परीक्षा शुरू होने पर जब विद्यार्थियों को पेपर मिला, तब इसका खुलासा हुआ। स्टूडेंट्स के हंगामा करते हुए शिकायत करने पर टीचर्स ने प्रश्नपत्र देखा तो उनको भी गड़बड़ी समझ में आई। तुरंत इस बात की सूचना एमडी यूनिवर्सिटी को मेल के जरिये भेज दी गई। जिसके आधे घंटे बाद एमडी यूनिवर्सिटी ने मेल का जवाब देते हुए मेल के जरिये ही पेपर को स्थगित कर दिया।

**नहीं की घोषणा:** स्टूडेंट्स की शिकायत सही पाए जाने पर और यूनिवर्सिटी से जवाब आने पर सभी प्रश्नपत्र और कॉपियां जमा कराकर पेपर कैंसिल कर दिया गया। परीक्षा की अगली तिथि बाद में घोषित की जाएगी। प्रदेश के राजकीय और निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स का कहना था कि जब यूनिवर्सिटी से हिन्दी के सवाल ही नहीं हो पा रहे हैं, तो अन्य विषयों पर काम कैसे होगा। उन्होंने मांग की है कि प्रश्नपत्र की जांच किसने की थी। इसकी जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाए। प्रश्नपत्र छपने से पहले बाकायदा एक समिति प्रश्नपत्रों की जांच करती है। समिति में विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति होती है। बहरहाल पेपर की फाइनल तिथि बाद में घोषित की जाएगी। वहीं यूनिवर्सिटी की लापरवाही के कारण हजारों विद्यार्थियों को जहां परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं उनका समय भी बर्बाद हुआ है।


सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय से बाहर आती छात्राएं।

## ऑपरेशन मजनू के तहत 20 मनचलों को किया काबू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**महिलाओं** के साथ साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को सबक सिखाने के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए महिला पुलिस थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया और दुर्गा शक्ति की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध में सराहनीय कार्य करते हुए बीते दो सप्ताह में 20 मनचलों को काबू करके अच्छा सबक सिखाया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए आरोपियों में फरीदाबाद के मनोज, सौरव, राहुल, समीर, कुनाल, रितेश, अंकित, शुभम, मुनेश, सचिन, विनोद, मनोज, जुबेर, आमिर, प्रवीण, सचिन, सूरज के साथ पलवल के रहने वाले कर्मबीर व आदित्य और बिहार निवासी मशीर का नाम शामिल है। आरोपियों को एनआईटी एरिया में स्थित विद्यालय, पार्क आदि सार्वजनिक स्थानों पर महिला व छात्र छात्राओं से छेड़छाड़ करते हुए काबू किया है। पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद रहकर वहां पर छात्राओं या लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने वालों पर निगरानी रखती हैं। सादी वर्दी में तैनात इन महिला पुलिसकर्मियों से थोड़ी दूर पर ही दुर्गा शक्ति की टीम मौजूद रहती है। यदि कोई भी लड़का सादी वर्दी में मौजूद महिला पुलिसकर्मियों या किसी अन्य लड़की के साथ किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ करता है, भद्दे कमेंट पास करता है या उनका पीछा करता है तो थोड़ी दूरी पर ही मौजूद दुर्गा शक्ति की टीम को इशारा करके मौके पर बुलाया जाता है और वहीं पर आरोपी को मौके से दबोच लिया जाता है। आरोपियों में ज्यादातर आवारा किस्म के लड़के या कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र शामिल होते हैं।


आपरेशन मजनू के तहत पुलिस द्वारा काबू किए गए मजनू।

## किस्मत से मिलता है भागवत कथा सुनने का सौभाग्य : प्रताप


लकड़पुर शिव दुर्गा विहार में आयोजित भागवत कथा में भाग लेते वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह।

**फरीदाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भागवत कथा सुनने का मौका किस्मत से ही मिलता है और वह सौभाग्यशाली होते हैं। विजय प्रताप शिव दुर्गा विहार लकड़पुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शिरकत करने पहुंचे और व्यासजी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने 11 हजार रुपये की सहयोग राशि भी भेंट की। कथावाचक ने राजा परीक्षित का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति दुनिया में जीने के लिए नहीं आया है, मरने के लिए आए हैं। जन्म के साथ ही हमारी मृत्यु तय हो जाती है। मृत्यु का मतलब है परिवर्तन, जो दुनिया हर क्षण, हर पल परिवर्तन होती है। कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने सत्संग ध्यानपूर्वक सुना और कहा कि भगवान को प्रसन्न करने के लिए ध्यान करना जरूरी है। यही भगवान को पाने का सबसे सरल एवं सहज तरीका है। तुलसीदास ने कहा है कलियुग में यज्ञ करना कठिन काम है, कोई नास्तिक है कोई कुपंथी है और कोई कहेगा हम संत नहीं मानते, हम धर्म नहीं मानते। इसलिए तुलसीदास जी ने सोचा कि कलयुग में नालायक लोग भी होंगे, तो ऐसे में भगवान के नामों को जपने से तीर्थ यात्रा, यज्ञ तथा समाधि का फल मिल जाता है।

# भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं को गिरफ्तार करे भाजपा : महेन्द्र चौधरी

## भाजपा-जजपा मिलकर प्रदेश को लूटने का काम कर रहे हैं : धर्मबीर भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भाजपा** की संगठित लूट का हिस्सा हैं धनेश अदलखा। इसलिए वह महाराष्ट्र में होने वाले राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग तक में शामिल होने पहुंच जाता है। यह बात आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी महेन्द्र चौधरी ने मंगलवार को बड़खल-गुड़गांव रोड स्थित जिला कार्यालय पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कही।

आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर इसको सहन नहीं करेगी और इनके खिलाफ सड़क पर उतरेगी। इसी के तहत बुधवार छह जुलाई को नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा और भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी। महेन्द्र चौधरी ने बताया कि धनेश अदलखा के तार सीधे मुख्यमंत्री से जुड़े हुए हैं और हमें उम्मीद नहीं है उनका कोई बाल बांका बिगाड़ सकता है। सह प्रभारी ने कहा कि अभी जिला स्तर पर प्रदर्शन किए जा रहे हैं, मगर भ्रष्टाचारियों की गिरफ्तारी शीघ्र नहीं हुई तो मुख्यमंत्री का घेराव किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने बताया कि फरीदाबाद नगर निगम में हुए 200 करोड़ से अधिक के घोटाले में शामिल विधायक एवं मंत्री तथा आईएएस अधिकारियों के नाम उजागर करें सरकार और नगर निगम फाइनेंस कमेटी में शामिल मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर सहित मास्टर माइंड धनेश अदलखा पर कार्रवाई को लेकर आम आदमी पार्टी बुधवार प्रातः 10 बजे नगर निगम कार्यालय से नीलम चौक तक पैदल मार्च निकालेगी। नगर निगम आयुक्त का घेराव करेगी। इस मौके पर महेन्द्र चौधरी ने वार्ड नं. 18 से चुनाव लड़ चुके लखबीर सिंह लक्खा को अपने साथियों के साथ जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना, महासचिव भीम यादव, महिला जोन अध्यक्ष मंजू गुप्ता, राकेश भड़ाना, प्रवेश मेहता, हितेश पाल्टा, चंचल तंवर, गोविन्दा एवं अरुण कुमार के नेतृत्व में पटका एवं टोपी पहनाकर आम आदमी पार्टी में शामिल कराया।


पत्रकारों से बातचीत करते आम आदमी पार्टी के सह प्रभारी महेंद्र चौधरी।

## व्यापारियों के लिए पोर्टल खोलने पर जताया सीएम का आभार

**फरीदाबाद।** प्रदेश की भाजपा सरकार ने व्यापारियों को तोहफा देते हुए पोर्टल को दोबारा तीन महीने के लिए यानि 30 सितंबर तक खोल दिया गया है। फरीदाबाद के सभी लीज होल्डर व्यापार वर्ग के सरकार के इस फैसले से बेहद उत्साहित हैं। बड़खल विधायक सीमा त्रिखा से बीते कुछ दिन पहले फरीदाबाद के अलग-अलग कोनों से व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा एवं उनकी तमाम टीम उनके निवास स्थान पर मिलने आई थी। उन्होंने विधायक को एक प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें पोर्टल को दोबारा आरंभ कराए जाने की मांग की थी। इस बाबत सीमा त्रिखा ने स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता से मुलाकात की और उनके समक्ष व्यापारियों की समस्या रखी। सीमा त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी व्यापारियों के इस मुद्दे को रखा, जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही जनता की मांग पर पोर्टल को दोबारा आरंभ कर दिया जाएगा।

# वेब सीरीज झोलाछाप की टीम पहुंची जेसी बोस

## मीडिया विभाग के साथ मिलकर किया कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हाल** में ही वूट ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'झोलाछाप' की स्टार कास्ट आज जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद पहुंची और अपनी वेब सीरीज का प्रमोशन किया। प्रमोशन कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के संचार एवम मीडिया तकनीकी विभाग के साथ मिलकर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने पूरी स्टार कास्ट का विभाग में पहुंचने पर स्वागत किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा की सिनेमा समाज का प्रतिबिंब है, सिनेमा सामाजिक समस्याओं को प्रस्तुत करने का एक मंच है, जिन्हें वेब सीरीज बखूबी चित्रित करती है। उन्होंने निर्देशक ज्योति प्रकाश और इंडोगामा फिल्म फेस्टिवल 2018 के दौरान बनाए गए सीएमटी विभाग के बीच मजबूत बंधन का भी उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा की फिल्म निर्माण, निर्देशन व एक्टिंग के क्षेत्र में जाने वाले विद्यार्थियों के लिए आज यह सुनहरा अवसर है कि वे इस क्षेत्र की संभावनाओं व परेशानियों के बारे में झोलाछाप की स्टार कास्ट से जान सकते हैं।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल जानकारी देने के उद्देश्य से समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कराए जाते रहते हैं। वेब सीरीज के डायरेक्टर ज्योति प्रकाश ने बताया कि झोलाछाप वेब सीरीज गांवों में मेडिकल सुविधाओं के अभाव पर आधारित है। उन्होंने बताया की इस वेब सीरीज में ये दिखाया है कि गांवों के लोग क्यों किसी अच्छे डॉक्टर के पास न जाकर किसी झोला छाप डॉक्टर के पास जाते हैं। वहीं इस सीरीज की मुख्य नायिका महक मनवानी व नायक लवकुश कुंडु ने बताया की यह वेब सीरीज बहुत अच्छे सामाजिक संदेश को प्रस्तुत करती है। इस वेब सीरीज का मुख्य उद्देश्य ही गांव के लोगों को मेडिकल सुविधाओं के प्रति सजग करना है। उन्होंने कहा कि इस सीरीज का कंटेंट हिंसात्मक ना हो कर बहुत ही मनोरंजनात्मक हैं जिसे पूरे परिवार के साथ बैठ कर देखा जा सकता है। इस दौरान वेब सीरीज की पूरी स्टार कास्ट ने मीडिया विभाग के विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया।


जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते वेब सीरीज झोलाछाप की स्टार कास्ट।

## बाग लगने पर सात हजार रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जलशक्ति अभियान टू के तहत धान की खेती की जगह बाग लगने पर सात हजार रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि किसानों को दी जाएगी। फलों का बाग लगाने पर किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेतों में फलदार पौधों के बाग लगाने वाले किसानों को बागवानी विभाग अब ज्यादा सब्सिडी देगा। अब विभाग ने किसानों को मिलने वाली सब्सिडी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक कर दिया है। सब्सिडी का पैसा बाग लगाने वालों को तीन किस्तों में दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अधिक सब्सिडी देना सरकार का मकसद किसानों की आय व फलों के उत्पादन को बढ़ाना है। एक किसान को अधिकतम 10 एकड़ तक सब्सिडी दी जाएगी जिला बागवानी अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि सरकार ने बाग लगाने वालों को अब 50 प्रतिशत सब्सिडी देने का निर्णय लिया है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है।

इसी कड़ी में हरियाणा सरकार द्वारा आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में ऐसी ही एक योजना है हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाता है। डीसी जितेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने में की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा योजना के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

**योजना का उद्देश्य :** डीसी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाना है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को 3 लाख तक का ऋण 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाएगा। इस ऋण के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर सकेंगी एवं दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी। यह योजना देश की महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाएगी।

**योजना के लाभ तथा विशेषताएं:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना महिलाओं के जीवन में नया बदलाव लेकर आएगी। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को अपना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।




# संक्षिप्त समाचार

## रविंद्र फागना ने 35 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद।** रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली में प्रैक्टिस मैच खेला गाया। मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने गुलाब क्रिकेट अकादमी को 35 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओवर 45.1 में 10 विकेट पर 227 रन बनाए। टीम की ओर से यश कौशिक ने 68 रन, समीर खान ने 65 रन, रिजवान खान ने 46 रन, दीपिका ने 17 रन बनाए। गुलाब क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए तन्मय ने तीन विकेट, विनय ने दो विकेट, धर्मेंद्र और निशांत एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुलाब क्रिकेट अकादमी ने 47.4 ओवर में 10 विकेट पर 192 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अरिन ने 35 रन, आकाश ने 31 रन, तन्मय ने 28 रन, पियूष ने 21 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए श्रुति और गर्वित ने दो-दो विकेट, प्रियांशु और मोहम्मद, अभिषेक, साहिल और समीर ने एक-एक विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समीर खान को दिया गया।

## दंपति पर मां-बेटे से मारपीट का मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी में मां-बेटे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर डबुआ थाना पुलिस ने दर्ज किया है, लेकिन आरोपी गिरफ्त से बाहर हैं। सुषमा रानी डबुआ कॉलोनी में अपने बेटे के साथ रहती है। शिकायत के अनुसार 28 जून को सुषमा के पड़ोसी पूनम भड़ाना और राजकुमार भड़ाना ने घर से निकलते ही सुषमा को जान से मारने की धमकी दी। इन दोनों पति-पत्नी की वजह से सुषमा का बेटा गहरी चोट से आहत है। उसकी जान खतरे में है। पूनम ने कई बार सुषमा के साथ सार्वजनिक रूप से न केवल मारपीट की बल्कि पूरी गली में घसीटा। लेकिन आरोप है कि यह परिवार राजनीतिक पकड़ के चलते बार-बार कानूनी कार्रवाई से बच निकलता है। इतना ही नहीं आरोपियों की बहन भी डबुआ कॉलोनी आकर परेशान करती है। सुषमा का आरोप है कि आरोपी परिवार उसे और उसके बेटे की हत्या करके घर को कब्जाना चाहते हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पूनम भड़ाना और राजकुमार भड़ाना के खिलाफ मानसिक उत्पीड़न, शारीरिक उत्पीड़न, अभद्र भाषा का प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

## ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के पीछे का विज्ञान पर सत्र



**फरीदाबाद।** एनएएसी और आईक्यूएसी द्वारा ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के पीछे का विज्ञान पर एक सत्र आयोजित किया गया था। दिन के वक्ता डॉ. गौरव छाबड़ा थे। वह ज्योतिष में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्हें वैदिक ज्योतिष, नाड़ी ज्योतिष, लाल किताब, वास्तु विज्ञान और अंकशास्त्र में 15 से अधिक वर्षों का अनुभव है। इस सत्र में सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। वास्तुशास्त्र एक वैदिक विज्ञान है जो एक परिसर में उत्पन्न सुखद और कष्टदायक आवृत्तियों के बीच अंतर बताता है। ज्योतिष आपके जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को निर्धारित करता है, जिसका अर्थ है कि उनका सत्तारूढ़ चिह्न हमारी स्वयं की भावना से लेकर हमारे गहरे रहस्यों, हमारे पारिवारिक जीवन और बीच में हर विवरण को प्रभावित कर सकता है। वक्ता ने वास्तु शास्त्र के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आधुनिक वास्तु और पारंपरिक वास्तु के बीच अंतर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि आधुनिक वास्तु में 16 जोन हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि वास्तु शास्त्र केवल नकारात्मक ऊर्जा या दिशाओं से संबंधित नहीं है। वास्तु समान रूप से किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, रिश्ते, धन और उस स्थान को प्रभावित करता है जिसमें वे रह रहे हैं। डॉ. सतीश आहूजा, प्रधान निदेशक और डॉ. रितु गांधी अरोड़ा, वाइस प्रिंसिपल ने संकाय के लिए इस तरह के एक व्यावहारिक सत्र के आयोजन के लिए नैक और आईक्यूएसी समन्वयकों डॉ सरिता कौशिक, डॉ अनामिका भार्गव और टीम के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।

## अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने अवैध शराब तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम टीकाराम है जो फरीदाबाद की बसेलवा कॉलोनी का निवासी है। क्राइम ब्रांच की टीम पुलिस थाना ओल्ड एरिया में गश्त कर रही थी की गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अपने ठैया पर अवैध शराब बेचने का काम करता है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को अवैध शराब सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से देसी शराब की दो तथा अंग्रेजी शराब की एक पेटी बरामद की गई। आरोपी से जब शराब बेचने का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका जिसके पश्चात आरोपी को काबू करके थाने लाया गया और उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था परंतु लोकडाउन में नौकरी छूट जाने के बाद इसे कोई काम नहीं मिला इसलिए उसने शराब बेचना शुरू कर दिया। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

## राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष नियुक्त



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन का बल्लभगढ़ शहरी प्रधान दिनेश तेवतिया को नियुक्त किया। यह जानकारी राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष अशोक गांधी ने दी। गांधी ने कहा कि मजबूत व्यापारी साथी उनकी व्यापारियों के प्रति निष्ठा और समाज में उनके द्वारा किए हुए कामों को देखते हुए तेवतिया की नियुक्ति की गई है। तेवतिया के जुड़ने से बल्लभगढ़ के व्यापारी और व्यापार संगठन मजबूत होगा और जल्द ही पूरे फरीदाबाद जिले की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और व्यापार संगठन को मजबूत किया जाएगा। विदित है कि व्यापार संगठन प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में व्यापारियों की हितों की लड़ाई समय-समय पर लड़ता रहा है और उनके कुशल नेतृत्व में व्यापार संगठन बड़ी मजबूती के साथ प्रदेश में आगे बढ़ रहा है। नवनियुक्त प्रधान दिनेश तेवतिया ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग एवं जिला अध्यक्ष अशोक गांधी का आभार जताते हुए कहा कि उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। व्यापारियों के हितों की लड़ाई तन-मन-धन के साथ लड़ेंगे और व्यापारी के हितों के लिए किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे और ना ही किसी तरह का दबाव मानेंगे। मंगलवार को बल्लभगढ़ के गणमान्य व्यापारियों की मौजूदगी में उनको नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण गर्ग, अशोक गुप्ता, विजय अरोड़ा, अनिल कालड़ा, जयदेव सेठी, अशोक अरोड़ा, दुलीचंद मलरेना, जवाहरलाल तेवतिया, अमित गुप्ता, गौरव टुकराल, ओम प्रकाश भाटी, सरदार तिलोचंद, वेद प्रकाश, वेद प्रकाश, वैष्णव, जगदीश, चन्द्र पाल, राजू लांबा, बंटी तनेजा आदि दर्जनों मौजूद व्यापारी एवं व्यापारी प्रतिनिधियों ने उनको अध्यक्ष बनने की बधाई दी।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय का नाम भी विश्व में चमके : बंडारू दत्तात्रेय

## गुरुग्राम विश्वविद्यालय में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने किया औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम विश्वविद्यालय में औचक निरीक्षण करने के दौरान विश्वविद्यालय की सूचना विवरणिका एवं शोध जर्नल का किया विमोचन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।


विश्वविद्यालय में औचक निरीक्षण करने के दौरान ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मंगलवार को बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अचानक गुरुग्राम विश्वविद्यालय जा पहुंचे। विश्वविद्यालय में उन्होंने व्यवस्थाएं देखने के साथ साथ फैकल्टी सदस्यों से भी बातचीत की। राज्यपाल ने कहा कि वे बिना सूचना दिए यह देखने आए हैं कि यह संस्थान कैसा चल रहा है।

उन्होंने कहा कि सोमवार को ही केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री के सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के चेयरमैन तथा एआईसीटीई के चेयरमैन से दिल्ली में मुलाकात हुई। उनसे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि हरियाणा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की दिशा में अच्छा काम किया जा रहा है। शिक्षकों को अपने गुरू के बारे में बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक का विद्यार्थी पर प्रभाव पड़ना चाहिए। आपके बोलने व रहने सहने के तरीके से भी विद्यार्थी सीखे। केवल किताबी ज्ञान ही काफी नहीं है। उन्होंने कहा कि आप स्वयं को अपने फील्ड में अपडेट रखें और विद्यार्थियों के लिए आदर्श बनें। श्री दत्तात्रेय ने यह भी कहा कि गुरुग्राम शहर का नाम भारत ही नहीं विदेशों में भी विख्यात है। उसी प्रकार गुरुग्राम विश्वविद्यालय का भी विश्वभर में नाम हो। विदेशों से विद्यार्थी यहां पढ़ने आएं।

उन्होंने प्राध्यापकों से कहा कि वे रिसर्च, इन्क्यूबेशन और नई तकनीक पर जोर दें। साथ ही राज्यपाल ने कहा कि आपके ज्ञान और पढ़ाने के तौर-तरीकों के आधार पर ही विद्यार्थी आपका सम्मान करेंगे। राज्यपाल ने यह भी कहा कि हैदराबाद फार्मास्यूटिकल का हब है और वे प्रयास करेंगे कि वहां की फार्मा कंपनी के साथ इस विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय का एमओयू हो, ताकि विद्यार्थियों को प्लेसमेंट में लाभ मिले।

राज्यपाल ने फैकल्टी सदस्यों के साथ परिवार के सदस्यों की तरह बात की। उनसे सुझाव भी मांगे और उनके विचार भी सुने। इसके बाद राज्यपाल ने गुरुग्राम के गांव कांकरौला-भांगरौला के निकट सेक्टर-87 में 48 एकड़ में बनाए जा रहे गुरुग्राम विश्वविद्यालय के परिसर को भी जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया और कहा कि पिछले दिनों स्वयं मुख्यमंत्री मनोहर लाल उस परिसर का अवलोकन करके आए थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के बारे में जानकारी मिली है कि यहां 17 फैकल्टी सदस्य काम कर रहे हैं, जबकि जरूरत लगभग 170 की है। इतनी कम संख्या में भी फैकल्टी सदस्य मेहनत व लग्न से विश्वविद्यालय को चला रही है। इस मौके पर राज्यपाल ने जीयू के नए शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए सूचना विवरणिका जारी की और प्रबंधन विभाग के शोध जर्नल गुरुग्राम यूनिवर्सिटी बिजनेस रिव्यू का भी विमोचन किया। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया।

इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने राज्यपाल को प्रेजेंटेशन के माध्यम से विवि की गतिविधियों तथा उपलब्धियों से अवगत करवाया। आगामी सत्र 2022-23 से शुरू होने वाले 15 नए रोजगारपरक कोर्सों की जानकारी दी। प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरेट के कोर्स करवाए जा रहे हैं। उन्होंने ये भी बताया कि विश्वविद्यालय के साथ 33 महाविद्यालय संबंद्ध है और यहां पर इन्टीग्रेटिड एजुकेशन प्रोग्राम भी शुरू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस विश्वविद्यालय में ओपन डिस्टेंस लर्निंग भी शुरू करने की योजना है।

# हेलीमंडी में निर्माणाधीन बाल भवन का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

## निर्माण कार्य में तेजी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश

**गुरुग्राम।** हेलीमंडी में निर्माणाधीन बाल भवन का मंगलवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बाल भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने निरीक्षण के दौरान नगर पालिका हेलीमंडी के अधिकारियों से बाल भवन के निर्माण कार्य की रिपोर्ट ली। बाल भवन का निर्माण कार्य नगर पालिका हेलीमंडी तथा जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा संयुक्त रूप से करवाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी अनिल दहिया ने उपायुक्त को बताया कि इस बाल भवन के निर्माण की घोषणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई थी। यह भवन लगभग 3250 वर्ग गज भूमि पर विकसित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 03.61 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस भवन का निर्माण कार्य सितंबर-2022 तक पूरा होने की संभावना है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर पालिका हेलीमंडी की यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है और इसको समयबद्ध तरीके से पूरा करवाएं। इसमें प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच करते रहें। इस दौरान उपायुक्त ने बाल भवन में बनाए जा रहे ओपन ऑडिटोरियम सहित विभिन्न कलाओं की गतिविधियों के लिए बनाए जा रहे कमरों का भी निरीक्षण किया।


हेलीमंडी में निर्माणाधीन बाल भवन का निरीक्षण करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराध शाखा पुलिस ने सात चोरियों का खुलासा किया


सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस द्वारा गिरफ्तार शातिर चोर।

**सोहना।** सोहना अपराध शाखा पुलिस ने बीते आठ माह में शहर की आठ अलग-अलग दुकानों के ताले तोड़कर चोरियों का खुलासा किया है। पुलिस ने सोमवार रात को शहर के पुराने अलवर मार्ग पर गिरफ्तार किए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनसे पुलिस ने पूछताछ में बिजली की तारों के मंडल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। सोमवार रात को अपराध शाखा सोहना पांच की टीम शहर में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस की टीम सोहना से नूंह जाने वाले पुराना अलवर मार्ग पर पहुंची। जहां एसआई दिनेश कुमार ने सड़क किनारे खड़े दो युवकों को शक के आधार पर हिरासत में ले लिया। जिनकी पहचान शारुख मूल निवासी चैनपुरी थाना नगीना जिला नूंह और हाल निवासी वार्ड-13 व इरफान निवासी वार्ड-13 के रूप में हुई है। पकड़े गए शातिर चोरों ने पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में शहर की छह से सात दुकानों में की गई चोरियां कबूल की है। जिनमें तीन दुकानें बाईपास चौक, एक बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय के समक्ष तथा एक दुकान पलवल मार्ग पर शनि मंदिर के पास टायर बिक्रेता की शामिल है। अपराध शाखा प्रभारी एसआई सत्यप्रकाश ने बताया कि पकड़े गए चोरों से 20 मंडल बिजली की तार तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है। दोनों आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह 9 जुलाई को


पत्रकारों से बात करते लाडली फाउंडेशन के सदस्य।

**गुरुग्राम।** लाडली फाउंडेशन की ओर से नौ जुलाई को 51 निर्धन बेटियों का संगीतमय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह दिल्ली के छतरपुर मंदिर में होगा। शादी में बेटियों को घर का जरूरी सामान भी उपहार स्वरूप दिया जाएगा। लाडली फाउण्डेशन द्वारा कोरोना महामारी में अनाथ हुई बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास का दायित्व लेने के लिए सामाजिक रुप से गोद लिया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि छतरपुर मंदिर में यह विशाल आयोजन सायं पांच बजे से शुरू होगा, जिसमें संगीतमय झांकियों के माध्यम से 101 बेटियों का कन्या पूजन एवं सामाजिक दत्तक ग्रहण संकल्प व 51 जोड़ों की भव्य सामूहिक वरमाला व उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ एक अलौकिक सामूहिक विवाह समारोह होगा। इसमें काफी जोड़े मुस्लिम समुदाय से भी हैं। विशेष पुष्प वर्षा व लाईट एंड साउंड शो की तैयारी की गई है। मुंबई से विशेष तौर पर टीम को बुलाया गया है। इस विशाल आयोजन को सपंन्न कराने के लिए 21 समितियों का गठन किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से पार्षद सुभाष सिंगला, राज कुमार जैन, धनराज केडिया, विनोद धर्मानी, राजस्थान मित्र मंडल के मनोज बिहानी, सतीश धर्मानी, रविंद्र बजाज, सुनीता गुप्ता, मुकेश सिंघल, पीपी मेहता, राज सैनी, नरेश गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदारी ली है।

### बेटियों को जन्म देने के साथ अच्छी शिक्षा भी दें : सुंदर लाल


गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर बढ़ा में बेटी के जन्म पर कुआं पूजन करने जाती महिलाएं।

**गुरुग्राम।** मानेसर नगर निगम के अंतर्गत गांव सिकन्दरपुर बढ़ा में बेटी के जन्म पर धूमधाम से कुआं पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान परिवार की ओर से पूरे गांव को भोजन कराया गया। गांव सिकन्दरपुर बढ़ा में बुजुर्ग पूरन सिंह के पड़पौत्र की राहुल की पत्नी ज्योति ने बेटी को जन्म दिया है, जिसका नाम शिवन्या रखा गया। शिवन्या के जन्म से ही परिवार में खुशी का माहौल है। पड़दादा पूरन सिंह के आशीर्वाद से दादा मनोज कुमार एवं दादी प्रेम देवी ने शिवन्या के जन्म की खुशी में कुआं पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रिश्तेदारों के अलावा पूरे गांव को इस खुशी में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि आज के समय में बेटियां भी बेटों से कम नहीं हैं। बेटियां परिवार का समाज और देश में नाम रोशन कर रही हैं। सभी को बेटियों का सम्मान करना चाहिए। बेटियों को बेटों के बराबर समझें। सरपंच सुन्दर लाल यादव ने कहा कि उनके गांव में बेटियों के जन्म पर इसी तरह से खुशियां मनाई जाती हैं। बेटियों को समाज में बराबरी का दर्जा दिया जाता है। बेटियों को जन्म ही नहीं, बल्कि अच्छी शिक्षा देकर उन्हें कामयाब बनाया जाता है। सुंदर लाल ने शिवन्या के पिता राहुल और मां ज्योति व परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी। राहुल एवं ज्योति ने कहा कि घर में बेटी का जन्म उनके लिए गर्व की बात है।

# नागरिक अस्पताल परिसर में बने गड्ढे दे रहे है मौत को दावत


नागरिक अस्पताल में सीवर लाइन बिछाने के दौरान बना गड्ढा।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नागरिक** अस्पताल में सीवर व पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई लाइनों के दौरान बने गड्ढों में रोगी व उसके साथ आए परिजन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पिछले दिनों हुई बारिश से बिछाई गई लाइनों में जलभराव होने से गड्ढे पहले से और खतरनाक हो गए हैं। नागरिक अस्पताल में करीब डेढ़ वर्ष पहले 56 लाख रुपये का ठेका छोड़ते हुए नये सिरे से पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन बिछाने का कार्य शुरु किया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही के कारण लाइनें बिछाने के दौरान अस्पताल परिसर में की गई खुदाई वाले स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में लाइन के पाइप सरेआम दिखाई दे रहे हैं। ऐसे स्थानों पर गड्ढे बन जाने से यहां आने वाले रोगी से लेकर उसके परिजन गिरकर चोटग्रस्त हो रहे हैं।

## गर्भवती महिलाओं के लिए खतरा

**नागरिक** अस्पताल में जच्चा-बच्चा केन्द्र पर जांच कराने के लिए आ रही गर्भवती महिलाओं के लिए गड्ढे जान भी ले सकते हैं। जिनमें पैर रपटने से गर्भ में पल रहा बच्चा और महिला की जान तक जा सकती है। सतेन्द्र का कहना है कि अस्पताल परिसर में बने गड्ढे में गिरने से दो से तीन नागरिक हर दिन चोटग्रस्त हो रहे हैं।

एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमान ने बताया कि लोक निर्माण विभाग को कई बार पत्र लिखकर अस्पताल परिसर में अधर में लटका सीवर व पेयजल आपूर्ति लाइन बिछाने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने को कहा है, लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सीवर लाइन बंद होने से गंदा पानी क्वाटरों के बाहर व आम रास्ते तथा पार्कों में जमा हो रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सइएन प्रेमसिंघल ने बताया कि विभाग की तरफसे ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए। अधूरे कार्य को 15 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दे दिए है।

# बेहतर परिणाम देने वाले स्कूलों को सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** में शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले आवश्यक सुधारों के मद्देनजर जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ सक्षम योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सक्षम योजना के तहत निर्धारित किए गए मापदंडों के अनुसार कार्य पूरा करने के भी निर्देश दिए।

डीसी ने बैठक में सक्षम योजना से जुड़ी विस्तृत पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन देखने के बाद निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गुरुग्राम जिला में कोरोना के कारण पढ़ाई में पिछड़ गए बच्चों को फिर से आगे बढ़ाने के लिए शुरू किए गए प्रोजेक्ट उड़ान व


गुरुग्राम में बेहतर परिणाम देने वाले स्कूल मुखिया को सम्मानित करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुपालना में प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए शुरू किए गए निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिला में चल रही गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट भी देखी। बैठक में बताया गया कि अभी तक जिला में प्राथमिक शिक्षकों के 23 ग्रुप को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं वर्तमान में

इंडस्ट्री में पहली बार! क्यूआर कोड स्कैन करें और अपनी जीवन बीमा पॉलिसी की सेवा लें!

करीब 9 ग्रुप का प्रशिक्षण कार्य प्रगति पर है। डीसी श्री यादव ने बैठक में हरियाणा सरकार की फ्लैगशिप योजना यानी ई-अधिगम योजना की भी समीक्षा की, जिसमें बताया गया कि गुरुग्राम में माध्यमिक स्कूलों व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 129 के करीब है, जिसमें अधिकतर स्कूलों में टैबलेट वितरण का कार्य पूरा किया जा चुका है। जिला में कक्षा नवीं से बारहवीं तक कुल विद्यार्थियों की संख्या 40 हजार के करीब है।

**कोरोना खत्म हो चुका, अब सुधार करें :** समीक्षा बैठक में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जिले में गत वर्ष में रिजल्ट को लेकर खराब परफॉरमेंस देने वाले कुछ स्कूल स्क्रीन पर दिखाए गए। उनका रिजल्ट 28 प्रतिशत से 58 प्रतिशत तक था। डीसी ने एक-एक कर सभी स्कूलों के प्रमुखों से खराब परफार्मेंस के कारण पूछने पर बताया कि खराब इसका पहला प्रमुख कारण कोरोना के कारण स्कूलों में कम हाजिरी रहा, वहीं शहरी क्षेत्र के स्कूलों में प्रवासी आबादी इसका प्रमुख कारण थी। जो अपने गृह राज्य में जाने के बाद लंबे समय तक स्कूल से अनुपस्थित रहते हैं। डीसी ने कहा कि कोरोना का प्रसार अब लगभग खत्म हो चुका है, ऐसे में सभी स्कूल प्रमुख बच्चों के अभिभावकों से सीधा संवाद करें।


# इंडस्ट्री में पहली बार! क्यूआर कोड स्कैन करें और अपनी जीवन बीमा पॉलिसी की सेवा लें!

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ / आगरा

**ग्राहकों** को अपनी जरूरतों के मुताबिक सेल्फ-सर्विस करने के लिए सशक्त बनाने के लिहाज से देश की प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने क्यूआर कोड एनेबल्ड सेवाएं शुरू की हैं। इंडस्ट्री में यह अपने किस्म की पहली और बेहद सरल और सुरक्षित प्रक्रिया है, और ग्राहकों को उनके फोन पर 15 लोकप्रिय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करती है। ग्राहक को केवल कंपनी की शाखाओं में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करना है और अपनी जीवन बीमा पॉलिसी से संबंधित सेवाओं को लेकर सेल्फ-सर्विस का इस्तेमाल करना है।

## बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने इंडस्ट्री में सर्वप्रथम लॉन्च की क्यूआर कोड एनेबल्ड सेवाएं ब्रांच अब ग्राहकों की हथेलियों में!

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के चीफ-ऑपरेशंस एंड कस्टमर एक्सपीरियंस राजेश कृष्णन, ने कहा, ''हमारे ग्राहक विकसित हो रहे हैं और यह हमारा प्रयास है कि हम उन्हें सरल और सुरक्षित सेवा पेशकशों के साथ बेहतर सेवाएं प्रदान करते रहें। इंडस्ट्री की इस पहली प्रक्रिया के साथ, अब क्यूआर-कोड एनेबल्ड सेवा के साथ एक पूरी ब्रांच भी उनके साथ है। यह सुविधा न केवल उनके प्रतीक्षा समय को कम करेगी, बल्कि उन्हें एक आसान और सुखद अनुभव भी प्रदान करेगी, खास तौर पर तब जब वे अपने अनुरोधों को सेल्फ सर्विस के जरिये पूरा करेंगे। ग्राहकों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने के लिए हम अपने सेवा विकल्पों के विस्तार में निवेश करना जारी रखेंगे। साथ ही हम सुनिश्चित करेंगे कि ग्राहकों का अनुभव केवल हमारे साथ बेहतर हो।''

क्यूआर-कोड एनेबल्ड सर्विस, एक अद्वितीय डिजिटल सेल्फ सर्विस सुविधा है और यह बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस की सभी 509 शाखाओं में उपलब्ध है। इसे ग्राहकों को निर्बाध सेवा वितरण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।


# राइट टू सर्विस सुशासन की दिशा में बढ़ते कदम में आस की अहम भूमिका

**गुरुग्राम।** सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं के लिए राइट टू सर्विस एक्ट के तहत समयसीमा निर्धारित कर दी गई है। सभी विभागों को निर्धारित समय में ही सेवाओं के लिए प्राप्त आवेदनों को निपटाना होता है। सरकार द्वारा पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आस अर्थात ऑटो अपील सॉफ्टवेयर शुरू किया गया है, जिसके बाद अब किसी भी सेवा में देरी होने पर वह ऑटो अपील में चली जाती है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि सरकार प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी प्रशासन देने के लिए अहम कदम उठा रही है। सरकार द्वारा 500 से भी अधिक सरकारी सेवाएं ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से दी जा रही हैं।

# महाराष्ट्र के पॉलिटिकल ड्रामा में हरियाणा के गैरराजनीतिक परिवार के इन दो युवाओं की है अहम भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** में नई सरकार बन चुकी है, महाविकास अघाड़ी सरकार अब इतिहास हो गई है, लेकिन राजनातिक घटनाक्रम में सब कुछ इतनी तेजी से घटित होता है कि कई महत्वपूर्ण कहानियां, किरदार पीछे छूट जाते हैं। और पर्दे के सामने के किरदारों पर ही चर्चा होती है।

आज हम आपको पर्दे के पीछे के दो ऐसे युवा चेहरों से मिलवायेंगे, जिन्होंने 2019 में महाराष्ट्र में बीजेपी सरकार बनने से रोक दी थी, और 2022 में भी उसकी पुनरावृत्ति करने के लिये सुपर सीक्रेट मिशन में लगे थे, लेकिन इस बार सुरक्षातंत्र ज्यादा मजबूत होने की वजह से अंतिम समय में फेल हो गये, फिर भी महाराष्ट्र में राजनीतिक रूप से सक्रिय लोगों की जुबान पर इनकी चर्चा आम है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के फ्रंटल संगठन राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा और राष्ट्रवादी विद्यार्थी कांग्रेस की अध्यक्ष



सोनिया दूहन ने 2019 में हरियाणा के गुरुग्राम से एनसीपी विधायकों को रेस्क्यू कर बीजेपी का अजीत पवार गुट के साथ सरकार बनाने का सपना चकनाचूर कर दिया था, करीब ढाई साल के बाद फिर जब महाविकास अघाड़ी सरकार पर संकट आया तो इन दोनों नेताओं ने फिर से मोर्चा संभाला। सूरत से लेकर गुवाहाटी और फिर गोवा तक बागी विधायकों का पीछा करते रहे, सूत्रों के मुताबिक कुछ विधायकों से संपर्क साधने की कोशिश सफल हो रही थी, लेकिन उद्धव ठाकरे के इस्तीफा देने और बीजेपी गुट की तरफ से एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाये जाने की घोषणा के बाद इस योजना को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। योजना पूरी ना होने की वजह से इसकी पुष्टि करने को कोई नेता तैयार नहीं है।

यहां ये भी जानना बहुत जरूरी है कि 2019 की घटना के बाद से हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले ये दोनों नेता एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के चहेते बने हुये हैं। हालांकि धीरज शर्मा बात करने पर कहते हैं कि हम अपने स्तर पर सरकार बचाने की कोशिश कर रहे थे, युवा नेता होने के नाते ये हमारी जम्मिेदारी थी, इसमें संगठन या फिर हमारे मुखिया शरद पवार साहब के आदेश नहीं थे। बागी विधायकों के बार बार लोकेशन बदलने से भी इनका प्लान फेल हुआ, सूरत में सफलता ना मिलने पर इन्होंने भी गुवाहाटी का रुख किया और वहां पर पूरे शहर में बागी विधायकों के खिलाफ गद्दार के पोस्टर लगा कर चर्चा में आए थे, गोवा में सोनिया दूहन को विधायकों वाले होटल में प्रवेश करने में सफलता मिली लेकिन गोवा पुलिस नें सोनिया को एक अन्य साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया, दो दिन पहले उन्हें जमानत मिली।

# बिल्डर एरिया में फीडरों का रखरखाव अब बिजली निगम करेगा

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने बिल्डर एरिया के उन फीडरों का रखरखाव करने का निर्णय लिया है, जिनकी देखरेख व रखरखाव वर्तमान में आरडब्ल्यूए कर रही हैं। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने मंगलवार को यहां जनहित को ध्यान में रखते हुए यह अहम निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि बिल्डर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए इन क्षेत्रों के फीडरों का रखरखाव अति आवश्यक है।


डीएचबीवीएन के एमडी पीसी मीणा।

विभिन्न आरडबल्यूए द्वारा इस बारे में मांग की जा रही थी कि बिजली आपूर्ति के लिए फीडर का रखरखाव बिजली निगम करे। आरडबल्यूए को बिल्डर क्षेत्र में फीडर रखरखाव में लगातार आ रही कठिनाई के कारण बिजली निगम ने यह निर्णय लिया है कि इन फीडरों का रखरखाव अब बिजली निगम करेगा। बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली निगम समय समय पर भूमिगत केबलों की टेस्टिंग और नियमित मेंटेनेंस भी करेगा। इससे ब्रेकडाऊन की स्थिति में जल्दी बिजली सुचारु होगी, साथ ही सभी फीडर के साथ लगे रिंगमैन व समानांतर केबल भी वर्किंग स्थिति मे रहे, ये भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रबंध निदेशक ने बताया कि कुछ रिहायशी सोसाइटियों में बिल्डर द्वारा बिजली आपूर्ति के लिए आवश्यक संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) पूर्ण कर रखरखाव का कार्य सम्बंधित आरडब्ल्यूए को सौंप दिया है।

# क्लीनिंग टेक्नॉलॉजी एवं हाईजीन समाधानों पर एशिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड एक्स्पो नॉर्थ इंडिया में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**क्लीनिंग** टेक्नॉलॉजी पर एशिया के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड एक्स्पोजिशन - क्लीन इंडिया टेक्नॉलॉजी वीक का आयोजन ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड में 13 जून से 15 जून, 2022 के बीच होगा। इसमें क्लीन इंडिया शो का 18 वां संस्करण, वेस्ट टेक्नॉलॉजी इंडिया एक्सपो, लॉड्रेक्स इंडिया एक्सपो और ऑटो केयर एक्सपो शामिल हैं, जिनके पांच कॉन्फ्रेंस और सेमिनार आयोजित होंगे।

पश्चिमी, केंद्रीय और दक्षिण भारत में पिछले 17 सालों से सफल शो के बाद, सीटीडब्लू इंडिया उत्तर भारत में एक दशक के बाद और उत्तर प्रदेश में पहली बार आ रहा है। सरकार, उद्योगों, संस्थाओं, कमर्शियल एवं रिटेल सुविधाओं तथा सेगमेंट्स की क्लीनिंग एवं हाईज़ीन की जरूरतों को देखते हुए एक्सपो में भारतीय प्रोफेशनल क्लीनिंग सेगमेंट मैकेनाईज्ड और ऑटोमेटेड क्लीनिंग के लिए इनोवेशन, टेक्नॉलॉजी, सिस्टम एवं उत्पाद लेकर आ रहा है। इन समाधानों में सतहों का रखरखाव, हवा की गुणवत्ता मापने की प्रणाली, रखरखाव के लिए समझदार मशीनें, स्वच्छ वातावरण एवं स्मार्ट शहरों के लिए प्रभावशाली एवं किफायती उत्पाद, रोबोट द्वारा कचरे का पृथकीकरण, हाईजीन के कपड़ों के लिए प्रभावशाली समाधान, वाहन की देखभाल के लिए उत्पाद एवं सस्टेनेबिलिटी एवं नेट जीरो का उद्देश्य पूरा करने के लिए जरूरी हर चीज शामिल है। वर्चुअल इन्फो सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इन एक्सपो को स्वच्छ भारत 2.0, इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन, नेशनल सॉलिड वेस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया, बायोगैस एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं अन्य संस्थाओं का सहयोग है। क्लीन इंडिया शो साल 2005 से अंतरराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी और निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं, जिन्होंने भारत में अपनी सब्सिडियरीज और सप्लायर नेटवर्क स्थापित कर लिया है। ये एक्सपो 350 से ज्यादा ब्रांड्स का प्रदर्शन करती हैं, जो क्लीनिंग एवं हाईजीन, कचरे के पृथकीकरण से लेकर रिसाईक्लिंग एवं लॉन्ड्री और ड्राई-क्लीनिंग तक के लिए एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करते हैं। ये एक्सपो स्टार्ट-अप सप्लायर्स, फ्रैंचाईजी और सर्विस प्रदाताओं को खुद को स्थापित करने के शानदार अवसर प्रदान करती हैं। इन तीन दिवसीय एक्सपो में करोड़ों के सौदे किए गए हैं।

# सीआईए ने हथियारों का जखीरा पकड़ा, चार आरोपी दबोचे

### राजस्थान के सहसन गांव से अवैध हथियार बनाने की मशीन हुई बरामद

### नाजायज असले, कई मैगजीन सहित एक मोटरसाइकिल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



भारी मात्रा में हत्यारों के साथ चार आरोपियों को दबोचा।

**सीआईए** तावडू टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरुण सिंगला एसपी नूंह ने बताया कि सीआईए तावडू इंचार्ज के नेतृत्व में गठित टीम ने अवैध हथियारों को बेचने का काम करने वाले दो आरोपियों को अवैध हथियार, मैगजीन और मोटरसाइकिल सहित दबोचने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों से तीन अवैध देशी कट्टे, चार पिस्टल, तीन मैगजीन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

पकड़े गए दो आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ के आधार पर बिलाल को गिरफ्तार किया है, जहां से पुलिस को तीन देसी कट्टे बरामद हुए हैं। उससे पूछताछ के बाद शकील को गिरफ्तार किया गया है, जहां से एक पिस्टल, दो बंदूक, 50 कारतूस बरामद किए हैं। कुल मिलाकर अब तक पकड़े गए आरोपियों की संख्या चार हो चुकी है। पुलिस अभी भी इन चारों आरोपियों से रिमांड पर लेकर गहनता से छानबीन कर रही है। हथियारों के जखीरे का नेटवर्क कहां से जुड़ा था। इसमें कितने लोग और शामिल थे इन सब बातों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक सीआईए तावडू टीम को गुप्तचर ने सूचना दी कि गुरविन्द्र पुत्र बलदेव व मंजीत पुत्र सिंगार सिंह निवासियान सहसन जिला भरतपुर (राजस्थान) अवैध हथियार बेचने का काम करते हैं। जो आज भी हथियार लेकर अपाची मोटरसाइकिल पर राजस्थान से फिरोजपुर झिरका में सप्लाई करने के लिये आने वाले हैं। अगर नाकाबंदी की जाए तो वह हथियारों सहित काबू आ सकते हैं। पुलिस की टीम ने गांव घाटा शमसाबाद एस्सार पेट्रोल पंप के पास नाकाबंदी करके दोनों शख्सों को मोटरसाइकिल सहित काबू किया। चालक का नाम-पता पूछने पर अपना नाम मंजीत बताया। तलाशी लेने पर पहनी हुई जीन्स की पैंट से एक देशी पिस्टल, मैगजीन सहित बरामद हुई और मोटरसाइकिल के पीछे बैठे आदमी ने अपना नाम गुरविरन्द्र बताया जिसकी कमर पर पीठू बैग को चेक किया तो बैग के अंदर तीन देशी पिस्टल मैगजीन सहित, तीन देशी कट्टे और तीन मैगजीन बरामद हुई। जिनको पुलिस की टीम ने अपने कब्जे में लिया।

पुलिस टीम पकड़े गए आरोपी गुरविन्द्र व मंजीत से इस बात का पता लगाने में जुट गई है कि वे कहां से हथियार खरीदते थे और कहां-कहां हथियारों को सप्लाई करते थे। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क को खंगालने की तैयारी में जुट गई है। दोनों हथियार सप्लायरों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी चल रही है ताकि सप्लायरों के सही ठिकाने तक पुलिस की जांच पहुंच सके और इस गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों को भी दबोचा जा सके।

वरुण सिंगला पुलिस अधीक्षक नूंह ने सीआईए तावडू प्रभारी सुरेंद्र सिद्धू व उनकी टीम की इस हथियारों के जखीरे सहित आरोपियों को पकड़ने पर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा है कि दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी ताकि हथियारों की सप्लाई के इस पूरे नेटवर्क को खंगाला जा सके। वरुण सिंगला एसपी ने बताया कि गिरोह से कुल 13 हथियार बरामद किए गए हैं। जिनमें पांच देसी तमंचा, छह पिस्टल, दो बंदूक शामिल हैं। इसके अलावा सात मैगजीन, 50 कारतूस तथा एक हथियार बनाने की मशीन बरामद की गई है। राजस्थान के सहसन गांव में हथियारों का यह जखीरा हथियार बनाने की मशीन सहित बरामद हुआ है। अब तक चार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं।

# तावडू अनाज मंडी से शीघ्र हटेगी 66 केवी की लाइन



तावडू अनाज मंडी परिसर से 66 केवी लाइन हटाने के लिए निरीक्षण करते एचवीपीएनएल टीम के अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नई अनाज** मंडी के उपर से गुजर रही 66 केवी लाइन शिफ्ट करने की मांग को लेकर हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के अधिकारियों की एक टीम ने मगंलवार सुबह निरीक्षण कर सर्वे किया। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक भूमिगत केबल डालकर मंडी के उपर से गुजर रही लाइन व मंडी परिसर में लगे टावर को हटाया जाएगा। जिसका इस्टीमेट बनाकर हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड को सौंप दिया जाएगा और इस्टीमेट राशि जमा होने के उपरान्त कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह जानकारी हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम फरीदाबाद सर्कल के एसई अतुल अग्रवाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी।

अतुल अग्रवाल ने बताया कि नई अनाज मंडी तावडू परिसर के उपर से गुजर रहीं सोहना-तावडू 66 केवी लाइन शिफ्ट करने की मांग हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा की जा रही थी। जिसको लेकर एसई डिजाइन पंचकूला राजेश, एसई प्लानिंग एनसीआर बीके राघव ने विभागीय टीम के साथ मगंलवार को मौके का निरीक्षण किया है। जिन्होंने निरीक्षण के बाद भूमिगत केबल डालकर मंडी के उपर से गुजर रही लाइन व मंडी परिसर में लगे टावर को हटाने के निर्देश दिए हैं। जिसका एचवीपीएनएल विभाग द्वारा शीघ्र इस्टीमेट बनाकर हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड को सौंप प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मौके पर एचवीपीएनएल के कार्यकारी अभियंता हंसराज पलवल के अलावा मार्केटिंग बोर्ड तावडू मंडी के जेई दिवान और सचिव मोहन जोयल आदि मौजूद थे।

नई अनाज मंडी परिसर के उपर से जा रही 66 केवी बिजली लाइन के कारण मंडी में नया शेड निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था। वहीं लाइन के नीचे बनी मंडी प्रशासन की आठ प्लाट भी लंबे समय से खाली पड़ी हैं। जिसकी वजह से व्यापारी व मंडी प्रशासन काफी समय से मंडी के उपर से गुजर रही 66 केवी लाइन शिफ्ट करने की मांग कर रहे थेश लेकिन हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की और से इस्टीमेट राशि जमा नहीं कराने की वजह से यह प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही थी, लेकिन अब हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड राशि जमा कराने के लिए तैयार हो गया है। इससे लगता है कि अब शीघ्र समस्या का निदान हो पाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दृष्टि कार्यक्रम के तहत हो रहा है मेवात के लोगों का इलाज



कैंप में जांच करते हुए डॉक्टर।

**मेवात।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय रेहना में गांव के बुजुर्ग आदमियों के लिए दृष्टि कार्यक्रम के तहत आंखों की जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें लगभग 200 लोगों ने भाग लिया। जिसमें से 25 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाएंगे। अगले सप्ताह आई केयर आई हॉस्पिटल नोएडा में ऑपरेशन करवाएंगे। कैंप का आयोजन एबीएस फाउंडेशन सम्मान एनजीओ दिल्ली के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। चार जुलाई को यह कैंप बिवा गांव में हुआ था। आज छह जुलाई को रोजका मेव गांव में होगा और सात जुलाई को खेडला गांव में और उसके बाद आठ जुलाई को मलाब गांव में कैंप का आयोजन किया जाएगा। इन सभी कैंपों में लगभग 15 गांव के लोगों की जांच की जाएगी और उसमें से अंदाज में तकरीबन तकरीबन 100 लोगों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। एबीएस फाउंडेशन इलाके में काफी समय से स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रम कर रहा है। उसी कर्म में आगे बढ़ते हुए इस दृष्टि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसके लिए सर्व सम्मान से विकास, डॉक्टर मनोज और राजकीय माध्यमिक विद्यालय रहना से रहीस आदि अध्यापकों का कैंप के आयोजन के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

### भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलशयात्रा



भागवत कथा के अवसर पर कलशयात्रा निकालतीं महिलाएं।

**होडल।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर घारम पट्टी में स्थित श्रीबालाजी मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर शहर में से कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में शहर के साथ-साथ आसपास पट्टियों की सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया। मौके पर कथा वाचक पंडित राजेश कुमार ने बताया कि श्रीबालाजी मंदिर पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने बताया महोत्सव को लेकर आयोजित भागवत कथा का शुभारंभ दोपहर दो बजे से सायं छह बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथा के मध्य में 12 जुलाई को हनुमान कथा के साथ बालाजी महाराज का कीर्तन भी किया जाएगा और 13 जुलाई को हवन यज्ञ व भंडारे के साथ भागवत कथा का समापन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कथा में समय पर पहुंचकर कथा का पान करें और पुण्य के भागी बनें।

### खेल ग्रेडेशन सर्टीफिकेट के लिए 10 तक करें आवेदन

**नूंह।** खेल कोटे में ग्रुप-डी की नौकरी के लिए जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ है और जो इसके लिए पात्र हैं, वो दस जुलाई तक जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम, कार्यालय नूंह में आवेदन कर अपना खेल ग्रेडेशन सर्टीफिकेट बनवा लें। यह जानकारी देते हुए खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की उपनिदेशक निर्मला ने बताया कि कि 10 जुलाई तक अपना आवेदन कर सकते हैं और बाद किसी के आवेदन नहीं लिए जाएंगे।

### नंबरदारों को स्मार्टफोन देने पर सरकार का आभार : दिनेश



**नूंह।** प्रदेश के नंबरदारों को स्मार्टफोन देने पर नंबरदार एसोसिएशन नूंह के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता दिनेश नागपाल नंबरदार ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटला का धन्यवाद किया है। जिलाध्यक्ष अधिवक्ता दिनेश नागपाल ने कहा कि सरकार द्वारा को 9000 रुपये के मोबाइल दिए गए हैं। सरकार ने जो वादा नंबरदारों से किया वो निभा दिया। इसके लिए नंबरदार एसोसिएशन नूंह ने सरकार का आभार जताया है। दिनेश नागपाल ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। सरकार अपने वायदे पर खरा उतरी है। नंबरदारों को 3000 रुपये मानदेय और 9000 रुपये का मोबाइल देकर सराहनीय कार्य किया है। दिनेश नागपाल ने कहा कि समाज में नंबरदारों की अहम भूमिका है। किसी व्यक्ति का कोर्ट में कोई मुकदमा हो या तहसील से संबंधित कोई कार्य अथवा सरकार की तरफ से मुआवजा वितरण का कार्य हो, आबियाना एकत्रित करने या खराब फसलों की गिरदावरी हर क्षेत्र में प्रमुखता से नंबरदार अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं। ऐसे में समाज में डिजिटल क्रांति के दौर में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए नंबरदारों को भी हाईटेक बनाने की आवश्यकता थी।

### कल मनाया जाएगा स्वतंत्रता सेनानी मेवात रत्न चौ. अब्दुल हई का जन्मदिवस

**मेवात।** मेवात के महान् स्वतन्त्रता सेनानी, मेवात रत्न चौ. अब्दुल हई का 116वां जन्म दिवस इस वर्ष मेवाती स्वतन्त्रता सेनानी दिवस के रूप में, सात जुलाई के नूंह के डीआरडीए, मीटिंग हॉल में मनाया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि मशहूर इतिहासकार व शिक्षाविद सूरजभान भारद्वाज होंगे तथा समारोह की अध्यक्षता, रामगढ़ के दो बार विधायक रहे जुबेर अहमद, चेयरमैन मेवात एरिया डवलपमेंट बोर्ड करेंगे। स्वतन्त्रता सेनानी चौ. अब्दुल हई साहब मेवात की एक ऐसी शख्सियत हैं, जिनका पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और गरीबों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने में ही गुजरा। वे आम आदमी की आवाज थे तथा समाज के शोषित,वंचित और बेसहारा लोगों के मददगार थे। मेवात से दिल्ली तक और पूरे उत्तर भारत में वे भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के ऐसे मजबूत स्तम्भ थे,जो ना तो कभी विचलित हुए और नाही किसी स्वार्थ में पार्टी के सिद्धांतों से समझौता किया।

# खेडली दौसा में एक दिवसीय शिविर लगाया



**नूंह।** खंड इंडरी राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेडली दौसा में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आपका स्वास्थ्य आपके हाथ के तहत लगाया गया। शिविर आयुष विभाग के जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहम्मद कमर के मार्गदर्शन में लगाया गया।

योगाचार्य राजेश शास्त्री ने बताया हमें अपने स्वास्थ्य को अच्छा बनाने के लिए अपनी दिनचर्या योग करना बेहद जरूरी है। गर्मी के समय नींबू पानी का अधिक सेवन करें जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। बीमारी से बचें। उन्होंने बताया भोजन के बाद पानी पीना चाहिए हमारे शास्त्रों में भोजन के बाद छाछ, लस्सी, फल और दूध बताए गए हैं। भोजन के एक घंटे पहले और एक घंटे बाद पानी पीये। पानी हमेशा बैठकर एक घूंट-घूंट करके पीना चाहिए। ठंडा पानी कभी ना पीये। भोजन हमेशा बैठकर एवं चबा चबाकर करें।

मौसम के अनुसार फल सब्जी का प्रयोग करें पैकेट बंद बोतल वाला डिब्बा बंद सामान से परहेज करें। इस अवसर पर यादराम सरद सौभाग्य, सुरेन्द्र कुमार, गजराज मास्टर, वेदपाल तंवर आदि उपस्थित रहे।

# योजनाओं का लाभ लेने के लिए यूडीआईडी कार्ड बनवाएं दिव्यांग

**नूंह।** उपायुक्त अजय कुमार ने जिला के दिव्यांगजनों से आह्वान करते हुए कहा कि जिन दिव्यांगजनों ने अभी तक अपना यूडीआईडी कार्ड नहीं बनवाया है, वे जल्द से जल्द अपना कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्ड में संबंधित दिव्यांग की सभी आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध होंगी। ऐसे में कार्ड बनवाने के उपरांत दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के दस्तावेजों को साथ लेकर चलने की आवश्यकता नहीं होगी। उपायुक्त ने कहा भविष्य में यूडीआईडी कार्ड एकमात्र ऐसा दस्तावेज होगा जिससे दिव्यांगजन की दिव्यांगता की पहचान करते हुए उन्हें दिव्यांग से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ दिया जा सकेगा। वहीं कार्ड की सहायता से सभी दिव्यांगजनों की शारीरिक व वित्तीय प्रगति पर भी गांव, ब्लॉक, जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नजर रखी जा सकती है।

# गोरक्षकों ने पुलिस की मदद से गोवंश से भरी दो गाड़ियां पकड़ीं

### तीन दर्जन गोवंशों को कराया मुक्त

पायनियर समाचार सेवा। होडल



गोरक्षकों द्वारा पकड़ा गया गोवंश से भरा कन्टेनर।

**सोमवार** देर रात गोरक्षकों ने अपनी जान की परवाह करे बगैर बंद बॉडी कंटेनर व पिकअप गाड़ी में से तीन दर्जन गायों को मुक्त कराया है। यह गोवंश यूपी से मेवात में तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था।

गोवंश की गाड़ी में सवार लोगों ने गोरक्षकों पर फायरिंग भी की, लेकिन गोरक्षकों ने फिर भी गोवंश से भरी दोनों गाड़ियों को पुलिस के सहयोग से पकड़ लिया। गोरक्षकों ने गोवंश के साथ गाड़ी में सवार दो लोगों को भी मौके पर दबोच लिया। गोरक्षकों ने दोनों गाड़ियों में सवार गोवंश को पास की गोशाला के सुरक्षित छोड़ दिया है। पुलिस ने गोरक्षकों की शिकायत पर मामला दर्ज कर दोनों गाड़ियों को जप्त कर लिया है। गोरक्षा समिति के अध्यक्ष भगत सिंह रावत ने बताया कि गोरक्षकों को सूचना मिली। सूचना मिलते ही गोरक्षकों की टीमों ने पुलिस के सहयोग से कोसीकलां, करमन बॉर्डर, बठैन रोड, कोटवन व बिछोर रोड पर नाका लगाकर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। गोरक्षकों व पुलिस की गाड़ियों ने पिकअप गाड़ियों का पीछा किया। गाड़ी सवार कई लोग गाड़ी को मौके पर छोड़कर खेतों में फरार हो गए। पुलिस ने उसमें से नौ गायों को सुरक्षित बचाया। गोरक्षकों ने दूसरी बंद बॉडी की केन्टरा गाड़ी को नेशनल हाइवे हसनपुर चौक के पास पकड़ा। कन्टेनर सवार लोगों ने पीछा कर रहे गोरक्षकों व पुलिस पर फायरिंग भी की, लेकिन गोरक्षकों व पुलिस ने हसनपुर चौक पुल पर अन्य वाहनों का जाम लगाकर कंटेनर को काबू कर लिया।

पुलिस व गोरक्षकों ने गाड़ी में सवार दो लोगों को दबोच लिया। उस बंद बॉडी कंटेनर से 26 गोवंश को सुरक्षित बचाया। पुलिस ने मामले अडबर निवासी सद्दाम व गांव जीराहेडा निवासी आलम को हिरासत में लिया है।

# नगर पालिका प्रशासन ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति दुकानदारों को किया जागरूक

### सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामान रखने वालों पर की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नगर** पालिका प्रशासन ने शहर वासियों और दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरूक करने का अभियान शुरू कर दिया है। साथ-साथ उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी की।

मंगलवार को तावडू नगर पालिका प्रशासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति दुकानदारों को जागरूक करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के बने सामान का प्रयोग करने वाले 10 विभिन्न प्रतिष्ठान संचालकों पर कार्रवाई की गई। तावडू नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता राशिद ने बताया कि शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) मुक्त क्षेत्र बनाने का अभियान शुरू कर दिया है। शहर के मुख्य बाजार को चिह्नित करके टीमों का गठन किया गया है। साथ ही टीमों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मंगलवार को शहर के रेवाड़ी रोड पर स्थित प्रतिष्ठान संचालकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरूक किया गया। यहां पर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामान रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। 10 प्रतिष्ठानों के संचालकों का चालान कर कुल पांच हजार रुपये जुर्माना राशि वसूली गई। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता राशिद ने दुकानदारों से सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि डिस्पोजल प्लास्टिक एक बार प्रयोग करके फेंक दिया जाता है, जो पर्यावरण के लिए बहुत ही घातक है। इस तरह की प्लास्टिक का उपयोग रीसाइक्लिंग में भी नहीं किया जा सकता। यह मात्र गलने सड़ने वाले वेस्ट मैट्रियल के साथ मिलकर कूड़ा भंडार में वृद्धि करती हैं। जो पर्यावरण के लिए अधिक हानिकारक है।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ते हरियाणा सरकार के कदम : एडीसी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**महिलाओं** को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार द्वारा आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में ऐसी ही एक योजना है हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. सुभिता ढाका ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय पांच लाख या फिर इससे कम हो।

### योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए मिलेगा तीन लाख रुपये का ऋण

यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने में की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा योजना के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। एडीसी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाना है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को तीन लाख तक का ऋण सात प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाएगा। इस ऋण के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर सकेंगी एवं दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी।

# तावडू के नम्बरदारों को मिले एंड्राइड मोबाइल

### तहसील परिसर में कंपनियों ने स्टॉल लगाकर वितरित किए मोबाइल

पायनियर समाचार सेवा। तावडू




तहसील परिसर में लगी एक स्टॉल से मोबाइल लेते हुए क्षेत्र के नंबरदार।

**मंगलवार** को तहसील परिसर में एसडीएम की देखरेख में क्षेत्र के नम्बरदारों को एंड्राइड मोबाइल वितरित किए गए। इस दौरान जिला राजस्व अधिकारी, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे। तहसील परिसर में दो कंपनियों द्वारा स्टाल लगाकर उपस्थित नम्बरदारों को मोबाइल दिए गए। तावडू एसडीएम सुरेंद्र पाल ने बताया कि प्रदेश सरकार की घोषणा के मुताबिक तावडू क्षेत्र से 137 नम्बरदार मोबाइल प्राप्त करने के लिए चयनित हुए थे। सभी को सूचना देकर मंगलवार को तावडू तहसील परिसर में बुलाया गया था, जहां पर मोबाइल वितरण कर रही दो कंपनियों के पदाधिकारियों द्वारा स्टॉल लगाया गया। योजना के मुताबिक नम्बरदारों को नौ हजार रुपये तक की कीमत का मोबाइल दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार के आदेश के मुताबिक मोबाइल कंपनियों ने स्टाल लगाकर नम्बरदारों को मोबाइल वितरित किए। लगभग सभी नम्बरदारों ने सरकार द्वारा तय राशि के मुताबिक मोबाइल लिए हैं। कुछ ने अपनी इच्छा से सरकारी तय राशि से अधिक को मोबाइल पसंद किया है।

इस दौरान कुछ नम्बरदारों का आरोप था कि मोबाइल वितरक कंपनियां जबरन उन्हें सरकार द्वारा तय राशि से अधिक का मोबाइल खरीदने के लिए विवश कर रही थी। मोबाइल विरतण कार्यक्रम के दौरान जिला राजस्व अधिकारी मनवीर सांगवान, तावडू नायब तहसीलदार आनंद रावल, गिरदावर इंद्रजीत सहित सभी पटवारी व अन्य अन्य राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में कंपनियों ने कैम्पस में छात्रों का हुआ सलेक्शन



**नूंह।** नूंह जिले की पॉलिटेक्निक कॉलेज मालब में पांच जुलाई को फाइनल ईयर के बच्चों के सलेक्शन के लिए कई एमएनसी कंपनिया पहुंची। कॉलेज के प्रधानाचार्य रईस अहमद ने बताया छात्रों का सलेक्शन करने पहुंची कंपनियों के पदाधिकारियों द्वारा छात्रों का इंटरव्यू लिया गया जिसमें लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया।

विभिन्न कंपनियों जिसमे यजाकी प्राइवेट लिमिट, एस अल प्रोपेक प्राइवेट लिमिटिड इंडोफार्म प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हाल ही में 125 बच्चों का सलेक्शन नौकरी के लिए किया गया। कॉलेज प्राचार्य रईस अहमद ने बताया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट करा दिया जाएगा।

हमारी टीपीओ सेल में बहुत ईमानदारी और मेहनत से काम कर रही है। उन्होंने तकनीकी शिक्षा को मेवात जिले में बढ़ावा देने की बात कही और अपने बच्चों को कॉलेज में दाखिला दिलाने की सभी मेवात वासियों से आग्रह किया।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं मुशर्रफ जहां पत्नी श्री गुलफाम खान निवासी पैंठ मोहल्ला पलवल ने अपने पुत्रों अरमान खान व सलमान खान तथा पुत्रवधुओं असगरी पत्नी अरमान खान व मुमताज पत्नी सलमान खान को चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनसे लेनदेन, झगड़ा या अन्य व्यवहार करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मैं या मेरे अन्य परिवारजन नहीं।

बेदखली सूचना

मैं, मेहर सिंह पुत्र श्री संतराम आधार कार्ड नं0- 8427 0181 5686 निवासी गांव रत्नगढ़ जिला सोनीपत हरियाणा ब्यान करता हुं की जितेन्द्र शर्मा मेरा सगा पुत्र है जो कि मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है, और गलत संगत का शिकार हो गया है। जिससे परेशान होकर मै अपने पुत्र जितेन्द्र शर्मा को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हुं। उससे लेनदेन, झगड़ा या अन्य व्यवहार करने वाला खुद जिम्मेवार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051511932/2/03 पर रिक्त स्थान है। जिस पर किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे सरोज देवी पत्नी कमल सिंह ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
सरोज देवी पत्नी कमल सिंह
निवासी तहसील तावडू जिला नूंह।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## प्लास्टिक पर प्रतिबंध

### अच्छा कदम

एक बार प्रयोग करने वाली प्लास्टिक-एसयूपी पर प्रतिबंध शुक्रवार से लागू हो गया। यह एक अच्छा तथा निश्चित रूप से अच्छे इरादों से उठाया गया कदम है। इसके साथ ही ऐसी चीजों का फैक्ट्रियों में उत्पादन, वितरण, भंडारण व बिक्री बंद हो जाएगी। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि इस नियम के उल्लंघन पर जुर्माना, कैद या दोनों हो सकते हैं। यह दंड पर्यावरण संरक्षण कानून-ईपीए व नगर निगमों द्वारा बनाये नियमों के अंतर्गत होगा। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा था, '2019 में चौथी संयुक्त राष्ट्रसंघ पर्यावरण असेम्बली में भारत ने एक प्रस्ताव पेश किया था जिसमें सिंगल यूज़ प्लास्टिक से निपटने की बात कही गई थी। उसने इसके माध्यम से वैश्विक समुदाय द्वारा इस अत्यधिक महत्वपूर्ण मुद्दे से निपटने की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर दिया था। भारत ने आज सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा कर इसके बिखरने तथा बेलगाम प्लास्टिक कचरे के कारण होने वाले प्रदूषण से निपटने की दिशा में स्पष्ट कदम उठाया है।' केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी नागरिकों के सशक्तीकरण का प्रयास कर रहा है ताकि एसयूपी का प्रयोग बंद हो सके। वर्तमान समय में एफएमसीजी क्षेत्र को पैकिंग के लिए एसयूपी प्रयोग की अनुमति दी गई है, पर यह विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी-ईपीआर दिशानिर्देशों के अंतर्गत है। इन साइक्लोपीडिया ब्रिटानिका के अनुसार, ईपीआर 'ऐसा व्यवहार और नीतिगत दृष्टिकोण है जिसमें उत्पादक अपने द्वारा उत्पादित वस्तुओं के निस्तारण की जिम्मेदारी लेता है, जब ये उत्पाद उपभोक्ता द्वारा प्रयोग लायक नहीं रह जाते हैं। निस्तारण की जिम्मेदारी वित्तीय, भौतिक या दोनों का मिश्रण हो सकती है।'



प्रतिबंधित वस्तुओं में मोटाई में 75 माइक्रान से कम वाले प्लास्टिक कैरीबैग शामिल हैं और इस सीमा को दिसंबर, 2022 तक बढ़ा कर 120 माइक्रान कर दिया जाएगा। इसमें इयरबड व प्लास्टिक क्राकरी वस्तुएं, जैसे चम्मच, प्लेट, गिलास के साथ स्ट्रा, सिगरेट पैक, मिठाई के डिब्बे, कैंडी व आइसक्रीम की स्टिक, पीवीसी बैनर तथा प्लास्टिक की कुछ पैकिंग सामग्री शामिल है। सरकार ने विकल्प के रूप में जूट बैग, खादी बैग, बांस के स्ट्रा व डाइनिंग कटलरी तथा पतले प्लास्टिक डिब्बों के बजाय कपड़ों के थैलों व स्टील के डिब्बों का सुझाव दिया है। संक्षेप में सरकार प्रतिबंध के क्रियान्वयन पर गंभीर लगती है। लेकिन विकल्पों की उपलब्धता पर सवाल उठ रहे हैं। अनेक निर्माताओं ने इस समस्या की ओर पहले ही संकेत किया है। वर्तमान समय में यह स्पष्ट नहीं है कि विभिन्न बिजनेसों की चिन्ताओं का संतोषजनक ढंग से कैसे समाधान होगा क्योंकि अक्सर उन पर विचार करने के बजाय वे पर्यावरण एक्टिविस्टों के शोर-शराबे में दब जाती हैं। इससे भी बुरी बात है कि अनेक मुखर पर्यावरणवादी सैद्धान्तिक दृष्टिकोण अपनाते हैं। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रतिबंध केवल संगठित खुदरा व एफएमसीजी निगमों तक केन्द्रित न रह जाए। इस बात की ओर संकेत करने के अनेक उदाहरण हैं कि पहले लगाए गए प्रतिबंध मुख्यत: बड़ी कंपनियों, बड़े स्टोरों व शोरूमों पर लागू हुए, जबकि कुटीर उद्योग ऐसी वस्तुओं का उत्पादन करते रहे तथा सड़कों पर सामान व सब्जी बेचने वाले सारे कानूनों को धता बताते रहे। हम उम्मीद करते हैं कि अच्छे इरादों से एसयूपी पर प्रतिबंध लगाने का यह कानून अनेक अन्य कानूनों की तरह विफल नहीं होगा क्योंकि इससे सबको भारी कष्ट होगा। यह कदम अच्छे इरादों से उठाया गया है ताकि धरती व पर्यावरण को बरबादी से बचाया जा सके। हमें यह उम्मीद भी है कि जिम्मेदार शक्तिशाली लोग इसे याद रखेंगे कि नियमों के पालन में उनकी भी अन्य नागरिकों के समान भूमिका है।

# राजकोषीय घाटा बढ़ने का खतरा

कच्चे तेल व उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों ने सरकार की बजट गणित गड़बड़ा दी है। कल्याणकारी उपायों से राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



मोदी सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं जिनमें करों में कटौती व सब्सिडी में वृद्धि शामिल हैं। इससे उपभोक्ताओं को ईंधन व उर्वरकों तथा खाद्य पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि से सुरक्षा दी जा रही है। लेकिन इससे वर्तमान वित्त वर्ष के लिए निर्धारित केन्द्र की राजकोषीय घाटे-एफडी को सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी के 6.4 प्रतिशत पर रखने की क्षमता प्रभावित हो रही है। वर्तमान वित्त वर्ष के आंकड़ों का विश्लेषण करने से पहले हमें 2021-22 के घटनाक्रम पर ध्यान देना चाहिए, जब उपरोक्त वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ रही थीं।

2021-22 में उत्पादन में प्रयोग होने वाले कच्चे माल, जैसे, फास्फोरिक एसिड व अमोनिया की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण उर्वरक सब्सिडी में भारी वृद्धि हुई है। डीएपी की कीमत दूनी से अधिक हो गई है, इसके साथ ही यूरिया व म्यूरेट आफ पोटाश की कीमते लगभग तीन गुना बढ़ी हैं। सब्सिडी का अर्थ लागत को अनदेखा कर किसानों को सस्ते दाम पर उर्वरक देना है जो 80,000 करोड़ रुपये बजट अनुमान की तुलना में 1,62,000 करोड़ पहुंच गई है। इसी प्रकार खाद्य सब्सिडी का अर्थ न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी के साथ हैंडलिंग व वितरण लागत जोड़ना है, जबकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए व अन्य कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत यह लाभार्थियों को सस्ते दामों पर दिए जाते हैं। इसके लिए बजट अनुमान 2,43,000 करोड़ था, जबकि यह बढ़ कर 2,86,000 करोड़ हो गई है।

यह अंतर मुख्यत: प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना या पीएमजीकेवाई के पांचवें विस्तार के कारण है। इसकी शुरुआत मार्च, 2020 में की गई थी और इसका उद्देश्य मुख्यत: कोरोना महामारी के कारण पीड़ित लोगों के कष्ट कम करना था। इसके अंतर्गत 800 मिलियन लोगों को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो चावल या गेंहू मुफ्त दिया जाता है। उर्वरक व खाद्य सब्सिडी पर अतिरिक्त खर्च बजट अनुमान की तुलना में 1,25,000 करोड़ अधिक है। इस वर्ष विफलता का तीसरा बड़ा क्षेत्र सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-पीएसयू में सरकारी हिस्सा विनिवेश करने के लक्ष्य में भारी कमी है। बजट में इसका अनुमान 1,75,000 करोड़ लगाया गया था, जबकि वास्तव में इससे केवल 13,500 करोड़ प्राप्त हुए जिससे 1,61,500 करोड़ की कमी हुई। इन सबको एकसाथ जोड़ने पर खर्चों व प्राप्तियों में बजट अनुमान की तुलना में 2,86,500 करोड़ का अंतर आया।

दूसरी ओर केन्द्र सरकार का सकल कर राजस्व लगभग 27,10,000 करोड़ था, जबकि बजट अनुमान 22,17,000 करोड़ था। वित्त आयोग के निर्देशानुसार राज्यें को केन्द्र की प्राप्तियों का 41 प्रतिशत हिस्सा हस्तांरित किया जाता है जिसमें उपकर संग्रह शामिल नहीं है क्योंकि इसका राज्यों के साथ बंटवारा नहीं होता है। इस प्रकार राज्यों को आबंटन के बाद केन्द्र के पास 18,50,000 करोड़ रुपये बचता है, जबकि बजट अनुमान 15,50,000 करोड़ था। 3,00,000 करोड़ की इस अतिरिक्त कर प्राप्ति ने केन्द्र की सहायता की है और वह खर्च व राजस्व के अन्य क्षेत्र में आई कमी से निपट रही है। इसके कारण वह राजकोषीय घाटे-एफडी को 6.7 तक सीमित करने में सफल हुई है, जबकि लक्ष्य 6.8 प्रतिशत था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को उम्मीद है कि उर्वरक सब्सिडी पर खर्च में 1,05,000 करोड़ की कमी आएगी। लेकिन यूक्रेन संकट के कारण उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। किसानों को इस वृद्धि से बचाने के लिए उन्होंने अतिरिक्त 1,10,000 करोड़ खर्च की अनुमति दी है। जहां तक खाद्य सब्सिडी का सवाल है, सीतारमण ने इसके लिए वर्तमान वित्त वर्ष में 2,07,000 करोड़ आबंटित किए हैं, जबकि पिछले साल यह आबंटन 2,86,000 करोड़ था। अब पीएमजीकेवाई के 30 सितंबर, 2022 तक 6 महीने विस्तार के कारण केन्द्र को इस मद में 80,000 करोड़ रुपये और खर्च करने पड़ेंगे। इस प्रकार कुल मिला कर बजट अनुमान की तुलना में उर्वरक व खाद्य सब्सिडी पर 1,90,000 करोड़ अधिक खर्च करने होंगे। दूसरी ओर केन्द्र को सकल कर राजस्व-जीटीआर लगभग 30,50,000 करोड़ मिलने की उम्मीद है, जबकि बजट अनुमान 27,40,000 करोड़ था। इस प्रकार राज्यों को अनिवार्य हस्तांतरण के बाद लगभग 3,00,000 करोड़ प्राप्ति से केन्द्र के पास लगभग 1,80,000 करोड़ बचेगा जिससे उर्वरकों व खाद्य सब्सिडी पर अधिक खर्च की थोड़ी भरपाई होगी।

मोदी योजना बना रहे हैं कि राज्यों में चुनाव के कारण पीएमजीकेवाई का विस्तार और 6 महीने कर इसे मार्च, 2023 तक ले जाया जाए, हालांकि वित्त मंत्रालय के अधिकारी इसके खिलाफ चेतावनी दे चुके हैं। इससे खाद्य सब्सिडी में 80,000 करोड़ की और वृद्धि होगी। इसके अलावा, यूक्रेन युद्ध लंबा खिंचने के कारण उर्वरक सब्सिडी लगभग 2,50,000 करोड़ तक पहुंच सकती है। इसका अर्थ आबंटित 2,15,000 करोड़ से 35,000 करोड़ अधिक खर्च है। कुल मिला कर इन दो मदों में 1,15,000 करोड़ अधिक खर्च होंगे। खाना पकाने वाली गैस पर 6,000 करोड़ सब्सिडी पुन: शुरू करने का अर्थ बजट अनुमान की तुलना में 1,21,000 करोड़ अतिरिक्त खर्च होगा।

सरकार ने 21 मई, 2022 को पेट्रोल व डीजल पर केन्द्रीय उत्पाद कर-सीईडी में क्रमशः 8 व 6 रुपये लीटर कमी की घोषणा की थी। इसके साथ ही उसने खाद्य तेलों तथा जनता के व्यापक उपभोग में आने वाली अन्य चीजों पर भी आयात कर में कटौती की थी। इन कटौतियों के कारण राजस्व में 1,20,000 करोड़ घाटा होगा। अतिरिक्त सब्सिडी भुगतान से केन्द्र को 2,40,000 करोड़ या जीडीपी का लगभग 1 प्रतिशत घाटा होगा। इस प्रकार वर्तमान वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 7.4 प्रतिशत पहुंच सकता है, जबकि इसका लक्ष्य 6.4 प्रतिशत रखा गया था।

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए राजकोषीय घाटा-एफडी को जीडीपी के 6.4 प्रतिशत पर रखते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने इसे अपने बजट भाषण में 'राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर प्रगति' बताया था तथा उन्होंने 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत का लक्ष्य भी रखा था। राजकोषीय दायित्व व बजट प्रबंधन कानून-एफआरबीएम की डा. एन.के. सिंह के नेतृत्व में गठित एक समिति ने मोदी सरकार से अनुरोध किया था कि वह 2022-23 के लिए एफडी का लक्ष्य 2.5 प्रतिशत रखे। लेकिन 2021-22 के बजट में इस संस्तुति को खारिज कर वित्त मंत्री ने रास्ते में परिवर्तन कर वर्ष 2025-26 के लिए 4.5 प्रतिशत का लक्ष्य रखा। वर्तमान वित्त वर्ष में एफडी के 6.4 प्रतिशत लक्ष्य की तुलना में 7.4 प्रतिशत पहुंचने की आशा है। अत: सरकार राजकोषीय अनुशासन के लिए संशोधित रास्ते पर भी नहीं चल सकेगी।

यह स्थिति खतरनाक है क्योंकि इसके कारण केन्द्र का कर्ज असहनीय सीमा तक बढ़ जाएगा। पहले ही यह जीडीपी के 62 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि सिंह समिति ने इसके लिए 46 प्रतिशत का लक्ष्य रखा था। यदि केन्द्र व राज्यों का कर्ज एकसाथ जोड़ लिया जाए तो यह 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। सरकार को इस भयानक परिदृश्य से बचने का प्रयास करना चाहिए। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे अवस्थापना कर संग्रह बढ़ाने के सारे प्रयास कर रही है और यह गतिशीलता बनाए रखी जानी चाहिए, लेकिन राजकोषीय दृष्टिकोण से स्थिति खराब है। इसके साथ ही तत्काल खर्च घटाने व खासकर 'कल्याण योजनाओं' पर खर्च घटाने की जरूरत है। सब्सिडी की कवरेज सीमित करने, उसके प्रयोग की प्रभावशीलता बढ़ाने तथा सब्सिडी की चोरी रोकने के माध्यम से सरकार खर्च में काफी बचत कर सकती है। इससे राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी।

# सोने पर जीएसटी वृद्धि से बढ़ेगी मुद्रास्फीति

**शिवाजी सरकार**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जीएसटी परिषद और सरकार की टैक्स दरों को अधिक करने के फैसले से बेलगाम होती महंगाई को ही गति मिलेगी। सोने पर जीएसटी बढ़ाना भी इसका हिस्सा है। आम लोगों के लिए अर्थशास्त्र और राजनीति के क्षेत्र में बदलावों को समझना आसान नहीं है। कई बार राजनीति व अर्थशास्त्र का व्यापक घालमेल भी हो सकता है। महाराष्ट्र के संबंध में एक सवाल इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो जाता है। सवाल है कि यदि महाराष्ट्र में सरकार परिवर्तन एक विचारधारा के लिए था, तो नई सरकार द्वारा आरे कॉलोनी मेट्रो डिपो और जल परियोजना को कैसे प्राथमिकता दी गई? उच्च मुद्रास्फीति के दौर में, जीएसटी परिषद और प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कई वस्तुओं पर दरें बढ़ाने का फैसला किया। यह जनवरी में किए गए कार्यों की पुनरावृत्ति है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक 1588 को छू गया है। इस साल जनवरी में महत्वपूर्ण वस्त्रों, हथकरघा और जूतों पर दरों को 5 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया था। अब, रिजर्व बैंक, सेबी के कार्यों को सेवाओं के रूप में परिभाषित किया गया है और कर के दायरे में लाया गया है। यहां तक कि एक चेक बुक, जो बैंकिंग लेनदेन के लिए सामान्य है, पर 18 प्रतिशत की दर से कर लगता है। संचयी रूप में, वे सभी व्यावसायिक गतिविधियों में अतिरिक्त लागत जोड़ देंगे। इसी तरह, पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र, बुक पोस्ट और 10 ग्राम से कम वजन वाले लिफाफों के अलावा अन्य डाकघर सेवाओं पर करों का प्रस्ताव करना बेतुका है, जिसका व्यापक प्रभाव पड़ता है। आरबीआई बाध्य होगा, और वह, अगस्त तक मुद्रास्फीति के दबाव को शांत करने के लिए, रेपो दर में बढ़ोतरी का सहारा ले सकता है। सरकार और आरबीआई एक जैसा सोचते नजर नहीं आते हैं। यह निश्चित रूप से हैरान करने वाली बात है कि मुंबई में दो परियोजनाएं, पर्यावरण और अन्य चिंताओं के लिए महा विकास अघाड़ी सरकार द्वारा लगभग स्थगित, अदालत के फैसले के बावजूद नई व्यवस्था के लिए प्राथमिकता क्यों बन गईं। ऐसा लगता है कि विचार वैचारिकता से बढ़कर हैं। घटते वन आवरण का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उत्तर-पूर्व में आई बाढ़ विभिन्न "विकासात्मक" परियोजनाओं के लिए की गयी पेड़ों की कटाई का परिणाम है। 1.08 लाख करोड़ रुपये की बुलेट ट्रेन परियोजना नई महाराष्ट्र सरकार के लिए प्राथमिकता लगती है। अब भूमि अधिग्रहण में तेजी लाई जा सकती है। कर के मोर्चे पर, सरकार ने मांग को ठंडा करने के लिए सोने पर कर बढ़ा दिया। आयात शुल्क 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है। यदि अधिभार जोड़ा जाता है तो यह कीमती धातु मौजूदा 10.5 प्रतिशत से प्रभावी रूप से 15 प्रतिशत कर-दर के अंतर्गत आती है। स्थानीय और विदेशी कीमतों के बीच का अंतर 15 प्रतिशत से अधिक है। आयात में मामूली गिरावट हो सकती है लेकिन ऐतिहासिक रूप से उच्च शुल्क तस्करी को अधिक लाभकारी बनाता है।

सोने का लगभग आधा आयात पुन: निर्यात किया जाता है। प्रतिकूल लागत प्रतिस्पर्धा से, भारत एक आकर्षक विदेशी बाजार खो देगा। भारत का मई व्यापार घाटा अप्रैल में 6.53 अरब डॉलर के मुकाबले बढ़कर 24.29 अरब डॉलर हो गया। सोने का आयात 67.8 करोड़ डॉलर से बढ़कर 6 अरब डॉलर हो गया। मई के दौरान 107 टन सोने का आयात किया गया।

नई दरें बैंकिंग सेवाओं, अनाज और पेट्रोलियम उत्पादों के लिए कारखाना मशीनरी पर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगी। यह परिवार के बजट को प्रभावित करेगा क्योंकि इनमें एलईडी लैंप, स्याही, चाकू, ब्लेड, बिजली से चलने वाले पंप और डेयरी मशीनरी जैसे व्यापक सामान शामिल हैं, जो पिछले 12 प्रतिशत के मुकाबले 18 प्रतिशत कर की दर को आकर्षित करेंगे। अनाज के लिए कारखाना मशीनरी पर कर पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत लगाया जाएगा। सोलर वॉटर हीटर और तैयार चमड़े के लिए कर की दरें पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दी गई हैं। सरकारों और स्थानीय अधिकारियों को आपूर्ति की जाने वाली कार्य-अनुबंध सेवाओं की दर बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है।

जीएसटी परिषद पूर्वोत्तर में हवाई अड्डों से बिजनेस क्लास में यात्रियों के परिवहन जैसी सेवाओं के लिए छूट वापस लेने पर जीओएम की सिफारिशों को अनुमति देती है। प्रति दिन 1,000 रुपये से कम लागत वाले होटल प्रवास पर उद्योग (12 प्रतिशत) के बराबर कर लगाया जाएगा। अस्पताल के कमरे, आईसीयू को छोड़कर, 5,000 रुपये के दैनिक किराए वाले, पर पांच प्रतिशत कर लगाया जा सकता है। हालांकि, इन उपायों से सरकार का राजस्व बढ़ने क उम्मीद है, लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि आवभगत सेक्टर अभी तक कोविड-19 महामारी के कारण आई मंदी से उबर नहीं पाया है। ऐसे में देखना होगा कि वह नए फैसलों का बोझ कहां तक उठाता है।

पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर उपकर लगाने का कदम, एक सतर्क लेकिन सक्रिय कदम है। रिफाइनर वैश्विक स्तर पर प्रचलित कीमतों पर पेट्रो-उत्पादों का निर्यात करते हैं। घरेलू कच्चे तेल के उत्पादक घरेलू बाजार में प्रचलित अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर बेचते हैं और अकूत लाभ कमाते हैं। निर्यात के उद्देश्य से कुछ रिफाइनर देश में अपने पंपों को सूखा रखते हैं। इसे रोकने के लिए पेट्रोल पर 6 रुपये और डीजल पर 13 रुपये प्रति लीटर या 23,250 रुपये प्रति टन का उपकर लगाया गया है, इस शर्त के साथ कि कच्चे तेल के कुल उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक निर्यात नहीं किया जा सकता है, जो विमानन ईंधन पर सेस की व्याख्या करता है।

मार्च 2026 तक 14 प्रतिशत सीएजीआर के लिए जीएसटी मुआवजा उपकर के विस्तार पर राज्यों को खुशी महसूस करनी चाहिए। अपनी 25वीं वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में भारतीय रिजर्व बैंक वैश्विक दृष्टिकोण को अनिश्चित और घरेलू स्थिति में देखता है, हालांकि सुधार, अभी भी विशाल आकार में होने से बहुत परे हैं , भू-राजनीतिक जोखिम को देखते हुए सरकार को स्थिति पर सावधानी से नजर रखनी होगी। बदलती स्थितियों को देखते हुए जीएसटी व अन्य कर नियम लागू करने की प्रक्रिया का सावधानीपूर्वक संचालन और इन पर करीबी निगरानी रखनी भी जरूरी है।

ऐसा लगता है कि वर्तमान परिस्थितियों में राजनीतिक स्थिति और कीमतों में उतार-चढ़ाव आने वाले समय में और भी डावांडोल स्थितियां पैदा करते रहेंगे। अनेक राज्य अभी भी जीएसटी में की गई कमी और देश में जारी वित्तीय गिरावट से संतुष्ट नहीं हो पाए हैं। ऐसे में जीएसटी परिषद और केन्द्र सरकार के पास देश के व्यापक हित में अपने फैसलों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूत आधार विद्यमान है।

## आप की बात

### शांति प्रयास जरूरी

**अभी** उदयपुर में हुई बर्बर हत्या के घाव सूखे नहीं थे कि महाराष्ट्र के अमरावती में दवा व्यवसायी की हत्या का मामला रुह को कंपकंपा देने वाला है। अगर देश में ऐसे ही चलता रहा तो यह सिलसिला थमने वाला नहीं है। इतनी झकझोर देने वाली घटनाओं के बाद भी सोशल मीडिया पर आग उगलने वाली पोस्टें / वीडियो कम नहीं हो रहे हैं। यह कटु सत्य है कि जिस तरह से गंदगी को गंदगी से साफ नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार आग को आग से नहीं बुझाया जा सकता, उसके लिए पानी की जरूरत होती है । यह समय नफरत व जहरीली सोच को रोकने का है। इसके लिए चाहे हिंदू हो या मुसलमान, उनके सर्वे सर्वा व प्रगतिशील सोच वालों को आगे आकर सकारात्मक सामूहिक प्रयास करना होंगे। अन्यथा जो सिलसिला चल रहा है, वह थमने वाला नहीं है। क्योंकि आग में पानी डालने वाले कम घी डालने वाले ज्यादा हैं, जो चुप नहीं बैठ रहे हैं। यही हिंदुस्तान की नियति बनता जा रहा है, जो किसी भी दृष्टि से राष्ट्र हित में नहीं है। सोशल मीडिया संचालकों के साथ ही अेलीविजन संचालकों को भी इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत है।

-**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### सहकारिता की भूमिका

**हम** देख रहे हैं कि वैश्विक तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है और विश्व भर में अतिरिक्त जन विरोधाभासों के परिदृश्य में जलवायु परिवर्तन के प्रमुख प्रभाव के शमन के लिए अभिनव समाधान ढूंढने की आवश्यकता है। इस संबंध में स्थानीय स्तर पर अपने अनूठे समाधानों के साथ सहकारी समितियां यानी कोऑपरेटिव्स जलवायु परिवर्तन के जोखिम को कम करने की दिशा में वैकल्पिक समाधान प्रदान कर सकती हैं। पर्याप्त धन और नीतिगत समर्थन के साथ सरकार द्वारा उनकी इस भूमिका में उल्लेखनीय सहयोग दिए जाने की आवश्यकता है। सहकारी समितियां जन केंद्रित उद्यम हैं, जिनका स्वामित्व व नियंत्रण उनके सदस्यों द्वारा उनकी सामान्य आर्थिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया जाता है। सहकारिता क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं लेकिन इन्हें अभी तक इष्टतम रूप से साकार नहीं किया गया है इसीलिए अब समय है कि इसे सही ढंग से साकार किया जाए और इन्हें आगे समर्थन मिले। इसमें जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हमारी राह और आसान हो जाएगी।

- **सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

### बढ़ती असमानता

**पीपुल्स** रिसर्च आन इंडियाज कंज्यूमर इकोनामी-पीआरआइसी सर्वेक्षण के अनुसार देश के 20 फीसद सबसे गरीब परिवारों की आमदनी 2015-16 की तुलना में 2020-21 के दौरान 53 फीसद घट गई। इसी अवधि में निम्न मध्यवर्गीय परिवारों की आमदनी 32 फीसद घटी और मध्यवर्गीय परिवारों की 9 फीसद, जबकि उच्च मध्यवर्गीय परिवारों की आमदनी 7 फीसद और बीस फीसद सबसे अमीर परिवारों की आमदनी में 39 फीसद का इजाफा हो गया। इस दौरान महंगाई बढ़कर दोगुना हो गई। 23 करोड़ लोग नए सिरे से गरीबी रेखा के अंदर आ गए। वहीं अरबपतियों की संख्या और उनके धन में बेहताशा वृद्धि हुई है। शायद सरकार भी लंबे समय तक 80 करोड़ लोगों को सस्ते अनाज योजना का लाभ नहीं दे सकेगी। सरकार लोगों को अधिकाधिक रोजगार प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करे। यदि हर हाथ को काम मिल जाए तो देश को तीव्र गति से आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। युवाओं को स्वरोजगार पर भी ध्यान देना होगा!

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**देवेंद्र** फडनवीस ने जनता के हित में सरकार में शामिल होकर बड़ा दिल दिखाया है।

- **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री



**भाजपा** में आदेश नागपुर या दिल्ली से आता है और इसे बिना किसी समझौते के माना जाता है।

- **शरद पवार**
राकांपा नेता



**मैं** कभी देवेंद्र फडनवीस द्वारा मेरे प्रति व्यक्त विश्वास नहीं तोड़ूंगा।

- **एकनाथ शिंदे**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

# लोगों की समस्याओं का करवाया जाएगा समाधान: योगेश शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र**

## योगेश शर्मा ने जनसभा में सुनीं पिपलीवासियों की समस्याएं

**पिपली** में जनसभा का आयोजन किया गया। पूर्व प्रत्याशी थानेसर जजपा एवं सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन योगेश शर्मा का पिपली वासियों ने जोरदार स्वागत किया और पार्टी का चुनाव चिन्ह भी भेंट किया। काफी लोगों ने योगेश शर्मा की अगुवाई में जेजेपी पार्टी को ज्वॉइन किया।

लोगों ने पिपली को नगर परिषद में शामिल होने पर सरकार का धन्यवाद भी किया। योगेश शर्मा ने पिपली की विभिन्न गलियों का दौरा कर लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं को मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के सामने रखा जाएगा। इन समस्याओं का जल्द समाधान करवाया जाएगा। योगेश शर्मा ने जननायक जनता पार्टी को ज्वॉइन करने वालो का स्वागत करते हुए उनको विश्वास दिलाया कि जो भी उनकी समस्याएं होगी, उनको सरकार के सामने रख कर समाधान करवाया जाएगा। पिपली के लोगों ने सफाई को लेकर और पानी की निकासी को लेकर समस्याएं बताई। इन समस्याओं को हम


पिपली में लोगों की समस्याएं सुनते जजपा नेता योगेश शर्मा।

सरकार तक पहुंचा कर इनका समाधान करवा कर लाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मानसून का सीजन आने वाला है और शहर में पानी की निकासी के लिए नगर परिषद की तरफ से कोई भी व्यवस्था नहीं है। थोड़ी सी बरसात होने पर सड़कों और गलियों में पानी इकट्ठा हो जाता है। यह पानी लोगों के घरों में भी जा घुसता है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। योगेश शर्मा ने कहा कि 7 साल से थानेसर विधानसभा और 20 साल से नगर परिषद पर कब्जा करके बैठे सुधा परिवार के कारण थानेसर के यह हालत है। थानेसर विधानसभा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से विकास कार्यों के लिए बजट दिया जा रहा है। इन कार्यों को पूरा करवाने की बजाय इन कार्यों को रोका जाता है। इन कार्यों में से भ्रष्टाचार की बू आती है।

उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद के अंदर आए दिन भ्रष्टाचार के मामले सामने आते हैं। इस अवसर पर जेजेपी महासचिव थानेसर संजीव कुमार, विनोद ज्योतिसर, वीरेंद्र कुमार, गुलशन, बलकार सिंह, रामसरुप, सतपाल, अवतार सिंह, मलकीत सिंह, कृष्ण, दर्शनी, बिना देवी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एलएनजेपी अस्पताल परिसर में किया पौधारोपण

**पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र**

**पर्यावरण** को समर्पित हरियाणा एनवायरमेंटल सोसायटी द्वारा कुरुक्षेत्र के सिविल अस्पताल के पार्किंग स्थलों में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण की शुरुआत जिला सिविल सर्जन डॉक्टर सुखबीर सिंह मैहला ने पिलखन का छायादार पौधा लगा कर की।

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. अनुपमा सिंह एवं अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. साराह अग्रवाल ने अपने व परिजनों के नाम से पौधे लगा कर उनको लोहे के जंगलों से सुरक्षा प्रदान की। डॉ. सुखबीर सिंह ने लोगों का आह्वान किया कि वे इस मानसून के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगा कर उनका संरक्षण करें। संस्था की


पौधारोपण करते सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह व अन्य।

ओर से अस्पताल प्रशासन को अनुरोध किया गया कि वैसे तो संस्था ने सभी पार्किंग स्थलों का सर्वे कर जहां जरूरत थी, वहां पर लोगों के सहयोग से पौधे लगा दिए हैं पर इसके बावजूद भी अगर कहीं सारे अस्पताल परिसर में जितने भी पेड़ लगाने की कोई गुंजाइश हो, तो उससे संस्था को अवगत कराया जाएं। संस्था के अध्यक्ष ग्रीन मैन प्रो. एसएल सैनी ने बताया कि उनकी सोसाइटी का कुरुक्षेत्र चैप्टर का सारा काम प्रोफेसर एमेरिटस डॉक्टर हरिसिंह की देखरेख में चल रहा है। इस अवसर पर श्रीनिवास धीमान, मियां सिंह, ईश्वर चंद व डॉ. सुरेश चंद्र ने सहयोग किया।

# सोसायटी मैनेजर के खिलाफ मिलीं अनियमितताएं : एसडीएम

**सूरजमुखी घोटाला महापंचायत**

## हैफेड ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का किया गठन : जिला प्रबंधक

## कोऑपरेटिव सोसायटी मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई करवाने पर अड़े किसान

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**मंगलवार** को सूरजमुखी खरीद घोटाले को लेकर पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में हुई महापंचायत में मार्कीटिंग कोऑपरेटिव सोसायटी के मैनेजर के खिलाफ प्रथम दृष्टि में अनियमितताएं मिली है। इसकी जांच के लिए हैफेड ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी की रिपोर्ट के बाद डिप्टी रजिस्ट्रार को कार्रवाई हेतु सिफारिश की जाएगी।

दोषी पाए जाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभागीय कार्रवाई के अलावा पुलिस कार्रवाई की भी सिफारिश की जाएगी। इतना ही नहीं, करीब दो घंटे चली महापंचायत की समाप्ति पर बताया गया कि सभी मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसके बाद आढ़तियों और किसानों के बीच जो भी गलत फहमियां थी, वह दूर कर दी गई हैं। मगर किसान कोऑपरेटिव सोसायटी के मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई करवाने पर अड़ गए हैं। उन्होंने पांच दिन के भीतर कार्रवाई न होने पर 11 जुलाई को अनाज मंडी के किसान विश्राम गृह में फिर से पंचायत करने की चेतावनी दी है। हैरानीजनक बात यह है कि मीडिया कर्मियों को इस महापंचायत से दूर रखा गया, जिस कारण उनमें गहरा रोष है।

मंगलवार को सूरजमुखी खरीद घोटाले को लेकर पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में नोडल अधिकारी एवं एसडीएम कपिल शर्मा की अध्यक्षता में किसान संगठन, आढ़ती एसोसिएशन और मुनीम एसोसिएशन के 5-5 पदाधिकारियों के अतिरिक्त डीएम हैफेड, खरीद एजेंसी के अधिकारियों के बीच महापंचायत सम्पन्न हुई।

इस महापंचायत में हैफेड के जिला प्रबंधक शमशेर सिंह, कोऑपरेटिव सोसायटी के सभी अधिकारियों के साथ भारतीय किसान यूनियन के प्रेस प्रवक्ता राकेश बैंस, ब्लॉक प्रधान हरकेश खानपुर, ब्लॉक कार्यकारी प्रधान जसबीर सिंह मामूमाजरा, सुखचैन सिंह, उपकार नलवी व बलविंदर सिंह जंधेड़ी के साथ अनाज मंडी की दोनों एसोसिएशन के प्रधान स्वर्णजीत सिंह बिट्टू कालड़ा और धनपत राय अग्रवाल ने भाग लिया।

महापंचायत के बाद एसडीएम ने मीडिया को महापंचायत से दूर रखने के बारे में सफाई देते हुए कहा कि ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि कई बार महापंचायत में उत्तेजना में कुछ बातें हो जाती है। हम नहीं चाहते थे कि उसका प्रचार प्रसार हो।

उन्होंने बताया कि महापंचायत में लगभग सभी मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसके बाद आढ़तियों और किसानों के बीच जो भी गलतफहमियां थी, वे दूर कर दी गई हैं। इसके अलावा कथन और महापंचायत में मौजूदा सबूतों के आधार पर मार्केटिंग कोऑपरेटिव सोसायटी के मैनेजर के खिलाफ प्रथम दृष्टि में अनियमितताएं पाई गई हैं। जिन लोगों ने गलती की है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### किसान, आढ़ती व मुनीम भाई-भाई

महापंचायत से पहले जो किसान, आढ़ती और मुनीम एक दूसरे पर इल्जाम लगा रहे थे, वही महापंचायत से बाहर निकलने के बाद बोले कि किसान हमारे भाई हैं। किसानों, आढ़तियों तथा मुनीम का रिश्ता पीढ़ियों से चलता आ रहा है। अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान स्वर्णजीत सिंह कालड़ा एवं धनपत राय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि अब सब कुछ पहले की तरह सामान्य चलेगा। हम सब एक दूसरे के पूरक के तौर पर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों किसानों एवं आढ़तियों के बीच कुछ गलत फहमियां पैदा हो गई थी, जिसे एसडीएम एवं नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में हुई पंचायत के बाद मिल बैठ कर दूर कर दिया गया है। अब किसानों को आढ़तियों से तथा आढ़तियों को किसानों से कोई शिकवा शिकायत नहीं है। सब कुछ पहले की तरह सामान्य है।

### मांगों को लेकर अड़े किसान, 11 को फिर दी पंचायत करने की चेतावनी

कोऑपरेटिव सोसायटी के मैनेजर पर कार्रवाई को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय किसान यूनियन के प्रेस प्रवक्ता राकेश बैंस ने कहा कि वैसे तो उन्हें आश्वासन दिया गया है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी, लेकिन अगर अगले पांच दिनों में कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो 11 जुलाई सोमवार को एक बार फिर अनाज मंडी स्थित किसान विश्राम गृह में किसान पंचायत करेंगे और अगली रणनीति निर्धारित करेंगे। ब्लॉक कार्यकारी प्रधान जसबीर सिंह मामूमाजरा ने कहा कि आज की महापंचायत के बाद आढ़तियों के साथ उनका मनमुटाव दूर हो चुका है, लेकिन मुनाफाखोरों के साथ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासन मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता, तब तक किसान चैन से नहीं बैठेंगे।


महापंचात के बाद आपस में बात करते मंडी आढ़ती और किसान।

### क्या बोले हैफेड के डीएम

जब इस बारे में हैफेड के जिला प्रबंधक शमशेर सिंह से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि किसानों की तरफ से उन्हें मार्केटिंग कोऑपरेटिव सोसायटी के मैनेजर के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है। इसकी जांच के लिए उन्होंने 3 सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है, जिसकी जांच रिपोर्ट आज शाम तक उन्हें प्राप्त हो जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर कोऑपरेटिव सोसायटी के डिप्टी रजिस्ट्रार को कार्रवाई हेतु सिफारिश की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरोपी पर दोष के अनुसार यदि विभागीय कार्रवाई के अलावा पुलिस कार्रवाई भी बनती है, तो उच्च अधिकारियों को उसकी भी सिफारिश अवश्य की जाएगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### सर्वदलीय तरीके से मनाया सूरजभान कटारिया का जन्मदिन


सूरजभान कटारिया को जन्मदिन पर बधाई देते शुभचिंतक।

**कुरुक्षेत्र।** श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय प्रधान संगठन महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड/ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य, भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन के सदस्य सूरजभान कटारिया के जन्म दिवस को शुभचिंतक, मित्रगणों और नेताओं ने सर्वदलीय तरीके से मनाया। देशभर से अनेक राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों ने भी सोशल मीडिया व अन्य साधनों से शुभकामनाएं प्रेषित की। उनके जन्म दिन पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला प्रधान पृथ्वी सिंह, श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा के प्रधान सूरजभान नरवाल, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य केसी रंगा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य लक्ष्मीकांत शर्मा एडवोकेट, ज्योतिबा शिक्षा ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा, प्रदेश मीडिया प्रभारी सोमबीर पोरिया, श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा कार्यकारिणी सदस्य नरेश रंगा, गुलाब सिंह तितरम, दीपक शर्मा, रामकुमार राहुल, श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के जिलाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी के जिला संगठन सचिव मान सिंह बजगांव, पूर्व कर्मचारी नेता रामकरण जटिया, जोगिंद्र बैरागी, संजीव समरी ने बधाई दी और उनकी दीर्घायु की कामना की।

### लाडवा रसोई पर 900 लोगों को पांच रुपये में खिलाया खाना


लाडवा रसोई पर लगे शैड के नीचे खाना खाते मजदूर व लोग।

**कुरुक्षेत्र।** पुराने डाकखाने के नजदीक एक अप्रैल से स्टालवार्ट फाउंडेशन की ओर से चलाई गई लाडवा रसोई में दिन-प्रतिदिन खाना खाने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। इतना ही नहीं, जब यह रसोई शुरू की गई थी तब फाउंडेशन के साथ लाडवा की लगभग 28 संस्थाएं सेवा करने के लिए जुड़ी हुई थी, परंतु आज 35 से भी अधिक संस्थाओं के पदाधिकारी यहां पर सेवा करने के लिए आ रहे हैं। श्री अग्रवाल सभा के प्रधान दुर्गेश गोयल ने बताया कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा चलाई गई लाडवा रसोई में मंगलवार को श्री अग्रवाल सभा के सदस्यों ने सेवा की। लगभग 900 से भी अधिक लोगों को दोपहर 12 बजे से लेकर दो बजे तक मात्र 5 रुपये में भोजन खिलाया गया। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा यह बहुत ही नेक कार्य शुरू किया गया है। अग्रवाल समाज के सुनील गर्ग ने कहा कि सबसे पहले एक अप्रैल को लाडवा में उसके बाद 14 मई को बाबैन में उसके बाद 28 अप्रैल को गांव यारी में संदीप गर्ग द्वारा लाडवा हल्के के तीन जगह पर इस प्रकार की मात्र 5 रूपए में भरपेट भोजन खिलाने की तीन रसोई चल रही है। तीनों ही रसोईयों पर लगभग 2500 व्यक्ति प्रतिदिन खाना खा रहे हैं। मौके पर सुनील गर्ग, विकास सिंघल, रजनी, सरधुल सिंह, सोनू आदि मौजूद थे।

# नेत्र चिकित्सा कैंप में 229 मरीजों ने कराई आंखों की जांच


चिकित्सा कैंप में मरीजों की आंखों की जांच करते डॉक्टर।

**पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत**

**रोहतक** रोड पर गुड़मंडी के पास अग्रवाल धर्मशाला में दी महाराजा अग्रसेन समिति द्वारा से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया। जिसमें गुरुग्राम इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय से डॉक्टरों की टीम ने नेत्र चिकित्सा कैंप में आए लोगों के आंखों की जाचं की। कैंप में 17 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिनको टीम के साथ ऑपरेशन के लिए गुरुग्राम भेजा गया।

कैंप में जिनको कोई अन्य बीमारी थी तो उनको फ्री में दवाइयां दी गई। कैंप में जिन वृद्धों को दवाइयों और अन्य किसी चीज की आवश्यकता होती है, उनको बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जाता है। प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया कि हर महीने के पहले मंगलवार को यह कैम्प लगाया जायेगा। संजय सिंगला ने बताया कि आज इस कैम्प में लगभग 229 मरीजों ने जांच करवाई।

जिसमें महाराजा अग्रसेन समिति के सदस्यों ने एकजुट होकर आम जनता की सेवा की। इस मौके पर समिति के प्रधान टीकाराम मित्तल, ओडी गर्ग, उपप्रधान संजय सिंगला, प्रवीण गोयल, पवन गुप्ता, प्रदीप गोयल, दयाराम जैन, आशीष जिंदल, महेश जिंदल, बाबूराम सिंगला, डॉक्टर राजेश गुप्ता, अनिल जैन, डॉक्टर टीम के इंचार्ज सुभाष यादव, डॉक्टर जितेंदर, कृष्णजीत, मनीषा, शाहनवाज, शिवम आदि मौजूद रहे।






# रोटरी क्लब ने कल्याणा स्कूल को दिए 15 पंखे

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**रोटरी** क्लब शाहाबाद द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणा में 15 पंखे दिए गए, जबकि पटेग हैल्थकेयर साहा रोड पर 1.5 एकड़ जमीन में अलग-अलग तरह के 1230 पौधे रोपित किए गए।

गांव कल्याणा में कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल अध्यापिका रेखा रानी ने की। उन्होंने स्कूल में पहुंचे सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी एक ऐसी संस्था है, जो समाज के लिए कार्य करती रहती है। प्रिंसिपल प्रितपाल सिंह ढिल्लो ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी एक ऐसी


पौधा रोपित करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

संस्था है, जो स्कूलों में बच्चों के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाती है। आज रोटरी क्लब ने विद्यालय को 15 पंखे दिए हैं। इससे पहले वॉटर कूलर, स्कूल बैंच भी रोटरी क्लब द्वारा ही दिए गए है। सभी पंखे प्रितपाल सिंह ढिल्लो द्वारा रोटरी के सहयोग से स्कूल को दिए गए। इसी के साथ पूर्व प्रधान राज कुमार गर्ग ने अपने समय में समाज के लिए किए कार्यों के बारे में जानकारी दी।

डॉ. एसएस आहूजा ने कहा कि स्कूल के स्टॉफ को भी स्कूल की सेवाएं पूरा करने के लिए सहयोग देना चाहिए। रोटरी प्रधान महेश गोयल ने कहा कि रोटरी क्लब कई सालों से सरकारी स्कूलों में पंखे, बैंच, वॉटर कूलर, स्वैटर, जुराबे, जूते इत्यादि वितरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस वर्ष अपनी पूरी क्षमता से कार्य करता रहूँगा। इसके बाद रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने पटेग हैल्थकेयर साहा रोड स्थित 1.5 एकड़ भूमि में 1230 अलग-अलग प्रकार के पौधे रोपित किए।

इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन रो. एसएस खुराना ने बताया कि वातावरण को शुद्ध रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। इस अवसर पर रोटरी सचिव राजेश जैन, विक्रम गुप्ता, आरएस घुम्मन, जसमीत खुराना, स्कूल के अध्यापक गीता रानी, मोनिया, गुरमेल, सरोज देवी, सुखविन्द्र सिंह, गुरविन्द्र, परवेश, सुमित आदि मौजूद रहे।

## फ्रेओ सेव ने इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ की साझेदारी

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**भारत** के अग्रणी कन्ज्यूमर नियोबैंक फ्रेओ ने इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ साझेदारी में अपने डिजिटल सेविंग अकाउन्ट फ्रेओ सेव को लॉन्च किया है। फ्रेओ सेव, बचत खाते पर उद्योग जगत का सर्वश्रेष्ठ सात फीसदी ब्याज देता है और साथ ही अन्य आकर्षक प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज भी उपलब्ध कराता है।

आरबीआई के अनुसार 60 फीसदी भारतीय आज भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का उपयोग करते हैं। साथ ही फ्रेओ की मौजूदगी वाले 1000 से अधिक शहरों में किए गए एक सर्वेक्षण में 57 फीसदी से अधिक उत्तरदाताओं ने बताया कि वे अपने फाइनेंशियल विकास के लिए सेविंग अकाउन्ट यानि बचत खाते पर ही सबसे ज्यादा भरोसा करते हैं। इसके अलावा 59 फीसदी उत्तरदाताओं ने बताया कि वे रोजाना ऑनलाईन बैंकिंग का इस्तेमाल करते हैं और अपनी बैंकिंग संबंधी जरूरतों के लिए ऐप का उपयोग उन्हें ज़्यादा बेहतर लगता है। उत्तरदाताओं ने यह भी बताया कि वे एक ऐसा डिजिटल बचत खाता चाहते हैं जो उन्हें कई प्रकार के प्रोडक्ट्स एवं फीचर्स उपलब्ध कराए जैसे आसान ऋण सुविधाएं, ज्यादा ब्याज, उनका पैसा बढ़ाने का आसान तरीका और इन सभी फीचर्स का उपयोग एक बटन टच करते ही डिजिटल तरीकों से किया जा सके। फ्रेंड्स सेव, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ साझेदारी में अपने उपभोक्ताओं को क्रेडिट और शॉपिंग की आसान सुविधाएं देता है, साथ ही बचत खाते में पां लाख से दो करोड़ तक की शेष राशि पर सात फीसदी तक का आकर्षक ब्याज भी देता है।

फ्रेओ सेव एकमात्र डिजिटल सेविंग नियोबैंक ऐप है जो अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, मराठी, कन्नड, हिंदी, गुजराती, मलयालम और बंगाली सहित कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। अनुज काकेर, सह-संस्थापक, फ्रेओ ने कहा, 'इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ साझेदारी में फ्रेओ सेव का लॉन्च उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ डिजिटल बचत खाता उपलब्ध कराने के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

## साईं मंदिर में टीबी स्क्रीनिंग कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रधान मुकुल कुमार के आदेशानुसार रेडक्रॉस समिति हरियाणा राज्य चंडीगढ़ के निर्देशानुसार और सिविल सर्जन डॉ. सुखबीर सिंह के मार्गदर्शन में 6 जुलाई को झांसा रोड नजदीक जिंदल पार्क साईं मंदिर कुरुक्षेत्र में टीबी स्क्रीनिंग का आयोजन रेडक्रॉस एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में लगाया जाएगा।

रेडक्रॉस सचिव रणदीप सिंह ने बताया कि इस शिविर में जाने माने डॉक्टर छाती रोग विशेषज्ञ एनके झांब, सेवानिवृत डिप्टी सिविल सर्जन, डॉक्टर प्रदीप सिंगला इंचार्ज पीएचसी गामड़ी व अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम उपस्थित रहेगी। इस शिविर में ऐसे लोग जिनको लगता है कि उन्हें खांसी की शिकायत है या बलगम है, वो इस शिविर में आकर आधुनिक मशीनों से अपनी जांच करा सकते है। शिविर में एचआईवी का टेस्ट व काउंसलिंग व तम्बाकू छोड़ने की काउंसलिंग भी की जाएगी। इस शिविर का संचालन में डॉक्टर संदीप अग्रवाल डिप्टी सिविल सर्जन की मुख्य भूमिका रहेगी।

## क्रॉम्पटन ने डिलीवरी एजेंट्स के लिये कूलिंग पॉड बनाया

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**हममें** से ज्यादातर लोगों को इनडोर कूलिंग पसंद है, लेकिन उन डिलीवरी एजेंट्स की तकलीफों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, जो सही समय पर हमारे दरवाजे पर पहुंचने के लिये तेज गर्मी का सामना करते हैं। चुस्त-दुरुस्त रहने और तुरंत ठंडा होने में इन एजेंट्स की मदद के लिये क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने गुरुग्राम में अपने एयर कूलर्स से एक कूलिंग पॉड बनाया, ताकि इन एजेंट्स को जल्दी कूलिंग रिलीफ मिल सके। डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स से लेकर ड्राइवरों और कुरियर्स तक के लिये ब्राण्ड ने एक फिल्म भी बनाई है, जिसमें उनकी असल जिन्दगी के परिदृश्य और यह सुनिश्चित करने वाली प्रतिक्रियाएं हैं कि हॉटेस्ट डे में भी जल्दी कूलिंग रिलीफ।

खासकर जब गर्मी अपने चरम पर थी, क्रॉम्पटन ने लगातार चल रही लू से संघर्ष में तुरंत ठंडक के महत्व को समझा, ताकि हमारे यह रोजाना के हीरो आराम और सुविधा के साथ अच्छी मानसिक तथा शारीरिक सेहत का अनुभव ले सकें। ब्राण्ड की इस



सामाजिक पहल के बारे में क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड की सीएमओ प्रज्ञा बिजालवां ने कहा, कई बार तुरंत डिलीवरीज करने के बीच जल्दी ठंडक पाना अब पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। आज डिलीवरी एजेंट्स झुलसाने वाली गर्मी को झेलने में सबसे आगे हैं, क्योंकि वे आपके दरवाजे तक सुविधा की आपूर्ति करते हैं। इसलिये हम एक कदम आगे बढ़ाकर हमारे आज के इन हीरोज को सहयोग देना और उनके लिये एक छोटा, लेकिन प्रभावशाली बदलाव लाना चाहते थे। हमने अपने एयर कूलर्स के साथ एक नवाचार किया, जोकि तेजी से ठंडक देने के लिये जाने जाते हैं और उनका इस्तेमाल डिलीवरी और कुरियर वालों को जल्दी कूलिंग द्वारा राहत देने के लिये किया। क्रॉम्पटन हमेशा से मायने रखने वाला नवाचार करने और उपभोक्ता को परेशानी से मुक्त अनुभव देने में आगे रही है।


हम उस कम्युनिटी की सहायता करना चाहते हैं, जो गर्मी का मुकाबला कर रही है, खासकर जब तुरंत शिपिंग या डिलीवरी एक नया नियम बन चुकी है। ऑन-साइट सभी डिलीवरी एजेंट्स की सकारात्मक प्रतिक्रियाओं और बड़े आभार को देखते हुए यह निश्चित रूप से उन्हें ताजगी देने वाला और जल्दी कूलिंग का जरूरी ब्रेक रहा।

# परिवहन मंत्री ने 18 में से 15 शिकायतों का किया समाधान

## हरियाणा रोडवेज के बेड़े में जरूरत के अनुसार नियमित रूप से करेंगे वृद्धि, लोगों को देंगे बेहतरीन सुविधाएं

### निजी बिल्डर लोगों को नियमानुसार उपलब्ध करवाएं मूल सुविधाएं अन्यथा होगी कार्रवाई

### परिवहन मंत्री ने सपेरा बस्ती के लोगों के आधार कार्ड बनवाने के दिए निर्देश


कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतें सुनते परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**हरियाणा** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में एजेंडा में शामिल 18 में से 15 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया। साथ ही उन्होंने निजी बिल्डरों के खिलाफ मिली शिकायतों पर संबंधित बिल्डरों को कड़े निर्देश दिए कि वे अपनी आवासीय परियोजना में लोगों को नियमानुसार हर प्रकार की मूल सुविधाएं उपलब्ध करवायें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लघु सचिवालय में परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में एजेंडा में शामिल शिकायतों के अलावा भी प्रमुखता से लोगों की शिकायतों का निवारण किया गया। एजेंडा में पाश्र्वनाथ बिल्डर्स के विरुद्ध लंबित शिकायत की सुनवाई करते हुए मंत्री ने पानी की समस्या के समाधान के लिए किये जा रहे खुदाई के कार्य को समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसी प्रकार उन्होंने टीडीआई इस्पेनिया की रेजिडेंट्स वैल्फेयर एसोसिएशन की शिकायत पर संबंधित बिल्डर्स के प्रतिनिधि को सख्त निर्देश दिए कि वे मूल सुविधाएं उपलब्ध करवायें। बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जरूरी कार्रवाई 15 दिन के भीतर पूरी करें। निजी बिल्डर्स की शिकायतें रहती हैं। ऐसे में लोगों को एचएसवीपी की ओर कदम बढ़ाने चाहिए, जहां कम कीमत में बेहतरीन सुविधाएं सरकार उपलब्ध करवाती है। प्याऊ मनियारी कुंडली की सपेरा बस्ती के निवासी खन्ना नाथ की शिकायत की सुनवाई करते हुए परिवहन मंत्री ने कहा कि सरकारी जमीन से कब्जे तो हटवाये जायेंगे, किंतु उन्होंने और उपायुक्त ललित सिवाच ने दरियादिली दिखाते हुए निर्देश दिए कि सपेरा बस्ती के लोगों के तुरंत प्रभाव से आधार कार्ड बनवाये जायें, जिसके बाद उनके परिवार पहचान पत्र भी बनवाये जायें। ताकि इन लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा सके।

परिवहन मंत्री ने सेक्टर-15 फेज-3 के निवासियों की लंबित शिकायत के समाधान के लिए अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश दिए। प्रेम नगर निवासी राजेश कुमारी की अवैध कब्जे हटवाने संबंधी शिकायत के उचित समाधान के लिए उन्होंने उपायुक्त को जांच के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने शास्त्री कॉलोनी के कृष्ण कुमार व सतपाल आदि की रोड पर अवैध कब्जों की शिकायत के समाधान के लिए निगमायुक्त को जांच के निर्देश दिए।

इस दौरान उपायुक्त ललित सिवाच ने एजेंडा के अतिरिक्त मिली शिकायतों के समाधान का पूर्ण विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि वे लोगों के लिए ही हैं, जिनकी शिकायतों दूर करते हुए बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनका धर्म भी है और फर्ज भी है।

### कष्ट निवारण समिति के सदस्यों की ड्यूटी लगाई

सुंदर सावरी जटवाड़ा के युवक रवि ने शिकायत दी कि उनके नाम पर उनके एक जानकार ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनके कागजात ले लिए, जिसके कुछ समय उपरांत उन्हें पता चला कि उनके नाम पर जीएसटी नंबर रजिस्टर्ड हुआ है, जिसके लिए उन्हें तमिलनाडू बुलाया जा रहा है। इस मामले में परिवहन मंत्री ने कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि वे आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करें। कुछ मामलों के समाधान के लिए जांच के लिए उन्होंने जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्यों की ड्यूटी भी लगाई।

### आवश्यकता के अनुसार रोडवेज के बेड़े में नियमित रूप से होगी वृद्धि :शर्मा

जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जल्द ही हरियाणा रोडवेज के बेड़े में 1000 बसें शामिल की जाएंगी, जिसके बाद 800 और बसें सम्मिलित करेंगे। उन्होंने नार्वे के दौरे को भी सफल करार देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का प्रयास है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाए। विशेष रूप से एनसीआर में प्रदूषण को कम करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। जलभराव की स्थिति को लेकर पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार व्यवस्थाएं सुधार रही है और लोगों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। साथ ही उन्होंने ट्रांसफार्मरों को भी उचित ऊंचाई पर व सुरक्षित तरीके से स्थापित करवाने के लिए एकजुट प्रयासों पर बल दिया। इस संदर्भ में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह सामूहिक जिम्मेदारी बनती है कि इस प्रकार के मामलों पर ध्यान दिलाया जाए, ताकि कोई दुर्घटना न हो।

## संक्षिप्त-समाचार

### सफाई के नाम पर एनजीटी के आदेशों की अवहेलना



**सोहना।** नगर परिषद सीमा क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाला ठेकेदार व उसके कर्मचारी एनजीटी के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। कर्मचारी ट्रॉली में भरे कूड़े को बिना ढके लेकर जा रहे हैं। जिससे ट्रॉली में भरा कूड़ा निस्तारण केन्द्र से पहले ही सड़क व आम रास्तों पर बिखरता हुआ जाता है। एनजीटी के आदेशों को पूरा करने के इरादे से नगर परिषद प्रशासन अधिकारी शहर को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाने के लिए कूड़े उठाने वाले वाहन चालकों को विशेष रूप से हिदासतें दी हुई हैं। जिसमें शहर में डोर टू डोर से लेकर बाजारों में पड़े कूड़े के ढेरों को वाहनों में भरने के बाद त्रिपाल से ढकर लेकर जाने की शर्तों के आधार पर ठेकेदार को ठेका दिया था। ठेकेदार से लेकर कूड़ा उठाने वाले वाहन चालक एनजीटी के आदेशों की परवाह किए बिना शहर की सड़कों पर कूड़ा गिराते हुए तेज गति से वाहन दौड़ाते हैं। ठेकेदार द्वारा नगर परिषद सीमा क्षेत्र में लगाए गए करीब आठ वाहन कूड़ा उठाने के लिए उपयोग में लाए हुए हैं। लेकिन किसी भी वाहन पर कूड़े को ढककर नहीं लेकर जाते हैं। चार से आठ किलोमीटर की दूरी तक वाहन चालक कूड़े को खुले में लेकर चल रहे हैं। जिससे घरों से उठाया हुआ कूड़ा सड़कों पर फैल रहा है। नगर परिषद के सफाई इंस्पेक्टर सतेन्द्र यादव ने बताया कि कूड़ा उठाने वाली एजेंसी मालिक को कई बार वाहनों पर त्रिपाल लगाकर रखने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन ठेकेदार न कूड़ा ढकने और न ही अधिकारियों के आदेशों की परवाह कर रहा है। नगरपरिषद के सचिव नवीन पांडे ने बताया कि कूड़ा उठाने वाली एजेंसी मालिक को दो दिन का समय देते हुए एनजीटी के आदेशों का पालन करने का कहा गया है। यदि एजेंसी मालिक द्वारा नियमों का दो दिन में पालन नहीं किया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय व एनजीटी के आदेशानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### योगा वेलनेस कोर्स के लिए आवेदन 15 तक

**कुरुक्षेत्र।** योगा वेलनेस कोर्स में दाखिले से चूक गए अभ्यर्थियों को श्रीकृष्णा आयुष विवि ने एक ओर सुनहरा मौका दिया है। अब छात्र 15 जुलाई दोपहर 2 बजे तक प्रार्थना पत्र के साथ आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन करने की तिथि चार जुलाई थी। श्रीकृष्णा आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना ने बताया कि योगा वेलनेस एक महीने का शॉर्ट टर्म कोर्स है। कोई भी दसवीं पास व्यक्ति, जिसकी आयु 18 से 55 वर्ष है वह बारह सौ पचास रुपए फीस जमा करवाकर दाखिला ले सकता है। दाखिला पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा। इस एक महीने के वैलनेस कोर्स में 20 सीटें रखी गई हैं।

### नहर से मिला लापता युवक का शव

**कुरुक्षेत्र।** गांव भिवानीखेड़ा से लापता 32 वर्षीय युवक का शव भाखड़ा नहर से मिला। गोतखोर प्रगट सिंह व उनकी टीम ने शव को नहर से बाहर निकाला। बतां दे कि गांव भिवानीखेड़ा का 32 वर्षीय युवक कृष्ण कुमार 2 जुलाई की सुबह घर से बिना बताए चला गया था। जब युवक घर नही आया तो उसके परिजनों ने अपने स्तर पर ढूंढने का प्रयास किया लेकिन वह नही मिला। इसके बाद परिजनों ने थाना केयूके में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। परिजनों को कृष्ण कुमार की चप्पलें नहर किनारे मिली। इस पर परिजनों ने गोताखोर प्रगट सिंह से संपर्क किया। गोताखोर प्रगट सिंह व उनकी टीम ने नहर में सर्च अभियान चलाकर युवक के शव को बरामद किया। गोताखोर प्रगट सिंह ने युवक के शव को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एलएनजेपी अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रह है।

# प्रत्येक मानव को अपने जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए : पंकज सिंगला

### भागवत कथा में बही भक्ति रस की बयार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारतीय** जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुरानी सब्जी मंडी, ओल्ड फरीदाबाद के श्री महावीर दुर्गा मंदिर में चल रही भागवत कथा महायज्ञ में शिरकत करने पहुंचे और कथा वाचक चंद्र प्रकाश शास्त्री के प्रवचन सुनें।

मंदिर के पुजारी नरेश शास्त्री द्वारा सुंदर भागवत कथा का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से मानव जीवन के सभी कष्ट एवं विकार दूर हो जाते हैं। इसलिए प्रत्येक मानव को भागवत रस का पान करना चाहिए और अपने जीवन में सदकर्म करने का प्रण लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने दिए गीता के संदेश में कहा कि फल की इच्छा छोड़ लोगों को कर्मों पर ध्यान देना चाहिए। जो जिस प्रकार के कर्म करता है, उसको उसी प्रकार का फल मिलता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सम्मान के लिए उन्होंने कथा वाचक चंद्र प्रकाश शास्त्री एवं आयोजन पुजारी नरेश शास्त्री का आभार प्रकट किया और कहा कि समाज में इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए।

इस अवसर पर उनके साथ जतिन तंवर युवा मोर्चा मण्डल में उपाध्यक्ष, मार्केट कमेटी के प्रधान रवि जुढेजा, मार्किट कमेटी के पूर्व प्रधान रामवतार बंसल, हरगोविंद गोयल, बाल किशन गोयल भी रहे।

# आओ सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाएं अपना सोनीपत : सुमन मंजरी

### शपथ दिलाते हुए कहा, सांसों में जहर घोल रहा प्लास्टिक

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत


छात्राओं को सिंगल प्लास्टिक यूज न करने की शपथ दिलातीं डॉ. सुमन मंजरी।

**सारथी** जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपनी सहयोगी संस्थाओं 'पानी बचाओ' जन चेतना अभियान समिति एवं 'बेटी बचाओ' जन चेतना अभियान समिति के साथ सोनीपत को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए अभियान की शुरुआत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में की।

इस मौके दो हजार छात्राओं और शिक्षकों को दिलवाई सिंगल प्लास्टिक यूज न करने की शपथ। इस अवसर पर डॉ. सुमन मंजरी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के उपमण्डल अधिकारी रविंद्र यादव व सारथी ट्रस्ट के चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने सिंगल प्लास्टिक उपयोग न करने की शपथ दिलवाई। सारथी ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने अतिथियों का कपड़े का थैला भेंट करके अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए डॉ. सुमन मंजरी ने कहा कि सांसों में जहर घोल रहा प्लास्टिक, आओ सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बनाएं अपना सोनीपत। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक को प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत माना जाता है। एक जुलाई 2022 से भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लग गया है। इस अवसर पर सारथी ट्रस्ट के चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं को रोकने के लिए जागरुकता अभियान जरूरी है।

साथ ही इसके उपयोग को रोकने के लिए जन आंदोलन की जरूरत है। सारथी ट्रस्ट अपनी सहयोगी संस्थाओं व अन्य सामाजिक संस्थाओं व प्रशासन के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान जारी रखेंगे।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु स्कूल के प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रिंसिपल निर्मल धनेरवाल, नवीन गर्ग, अभिलाषा गौतम, आंनद कुमार, राहुल गुलिया, प्रेम गौतम, मीनाक्षी, पूनम आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### चेतावनी: मांगों का समाधान न होने पर

# 11 से 15 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय पर होगा धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत


छोटूराम धर्मशाला में बैठक करते सफाई कर्मचारी यूनियन के सदस्य।

**ग्रामीण** सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू की ब्लॉक सोनीपत की मीटिंग राकेश की अध्यक्षता में छोटूराम धर्मशाला में हुई।

मीटिंग को मुख्य वक्ता के रूप में यूनियन के राज्य प्रधान देवीराम, महासचिव बिनोद कुमार एवं सीटू के जिला प्रधान आनंद शर्मा ने कहा कि 13 जुलाई को सोनीपत जिले में कार्यरत तमाम ग्रामीण सफाई कर्मचारी सुबह 10 बजे छोटूराम धर्मशाला में इकट्ठा होकर उपायुक्त कार्यालय पर रोष प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों एवं समस्याओं का ज्ञापन हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम और लोकल समस्याओं को लेकर उपायुक्त के नाम सौंपकर न्याय की मांग की जाएगी।

अगर शोषण बंद नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि फरवरी 2021 में सरकार के साथ कुछ समस्याओं पर सहमति हुई थी, जो सरकार ने लागू नहीं की। कई बार ज्ञापन भी भेज चुके हैं, जिनका कोई जवाब नहीं दिया गया। 13 मार्च को पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली के आवास पर प्रदर्शन किया था। प्रदेश के ग्रामीण सफाई कर्मचारी 13 से 17 जून के बीच ब्लॉक कार्यालयों पर तीन दिवसीय धरना, प्रदर्शन पूरा किया है। फिर भी मांगों का समाधान नहीं हुआ। 11 से 15 जुलाई को प्रदेश के ग्रामीण सफाई कर्मचारी जिला उपायुक्त कार्यालय पर एक दिन का धरना, प्रदर्शन करेंगे। फिर भी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 20-21 अगस्त को टोहाना के अंदर पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली की विधानसभा पर दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

राजेश, राजेश, देवेन्द्र के अलावा दर्जनों वक्ताओं ने अपनी बात रखी और 13 जुलाई को पूरी तैयारी के साथ तमाम ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को लेकर प्रदर्शन में पहुंचेंगे। उन्होंने तमाम सफाई कर्मचारियों का आह्वान किया कि अपने अधिकारों को बचाने के लिए 13 जुलाई को सुबह 10 बजे छोटूराम धर्मशाला में पहुंचें।

# मरीज को आयुर्वेदिक थैरेपी से एक सप्ताह के अंदर मिला आराम

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**आयुर्वेद** पूर्णत: विज्ञान है, जो साबित भी हो रहा है। स्लिप डिस्क से परेशान लाडवा के गांव खेड़ी निवासी गुलजार को एक हफ्ते के अंदर आयुर्वेदिक थैरेपी से आराम हुआ है। अब वह उठने-बैठने के साथ ही भाग-दौड़ सकता है।

गुलजार की रीढ़ की हड्डी के कैनाल का डायामीटर सिकुड़ कर एक एमएम रह गया था। इस खतरनाक स्टेज पर पहुंचने के बाद डॉक्टरों द्वारा उसे ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। मगर आयुष विवि के श्रीकृष्णा राजकीय महाविद्यालय एवं अस्पताल के सहायक प्राध्यापक व पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. राजा सिंगला द्वारा दिए गए नियमित आयुर्वेदिक उपचार के बाद गुलजार अब अपने पैरों पर खड़ा हो पा रहा है और जीवन जीने की नई उम्मीद जगी है। रीढ़ की हड्डी में दर्द के चलते गुलजार ऐसी स्थिति में पहुंच चुका था। जिसमें सौ प्रतिशत डॉक्टरों द्वारा ऑपरेशन कराने की सलाह दी जाती है। मगर डॉ. राजा सिंगला ने तीन महीने के अंतराल में दो बार पंचकर्म थैरेपी के साथ-साथ आयुर्वेदिक औषधियों से उपचार किया। पहली ही पंचकर्म थेरेपी के बाद गुलजार ठीक से उठने-बैठने लगा था। अब गुलजार बीना सहारे के चल-फिर सकता है।

### पंचकर्म चिकित्सा से गुलजार हुआ ठीक : डॉ.राजा सिंगला

**डॉ. राजा** सिंगला ने बताया लाड़वा के गांव खेड़ी निवासी गुलजार साल 2021 के दिसंबर माह में श्रीकृष्णा राजकीय अस्पताल में इलाज के लिए आए थे। एमआरआई की रिपोर्ट के आधार पर गुलजार को स्लिप डिस्क की बीमारी थी, जिसमें रीढ़ की हड्डी के कैनाल का डायामीटर सिकुड़ कर एक एमएम तक रह गया था। ऐसी स्थिति में रोगी के पीठ में एक तरफ दर्द और सुन्नपन, दर्द पीठ से पैरों की ओर जाता है। देर तक खड़े होने व बैठे रहने से दर्द बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि गुलजार का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज चलाया गया। पंचकर्म चिकित्सा, मुख्यत: कषाय और तेल युक्त बस्तियां दी गई। आयुर्वेदिक द्रव्यों से साधित औषधि लेने से आज वह बिल्कुल ठीक है। डॉ. राजा सिंगला द्वारा पुराने जोड़ों के दर्द, रीढ़ की हड्डी के रोग और न्यूरो संबंधी आनुवांशिक बीमारियों का उपचार नि:शुल्क किया जाता है और अस्पताल में दवाइयां भी फ्री दी जाती हैं।

# टैबलेट से बदलेगा सरकारी स्कूलों के छात्रों की पढ़ाई का तरीका

## तकनीक के मामले में अब पीछे नहीं रहेंगे सरकारी स्कूलों के छात्र

### छात्रों को प्रतिदिन पढ़ने के लिए दो जीबी इंटरनेट मिलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत


छात्र प्रियांशु को टैबलेट देते स्कूल प्राचार्या संजीव दहिया।

**तकनीक** के इस युग में अब सरकारी स्कूल के छात्र भी पीछे नहीं रहेंगे। सरकारी स्कूलों के छात्रों को टैबलेट मिलने से उनकी पढ़ाई आसन हो सकेगी। साथ ही छात्र टैबलेट के माध्यम से शैक्षिक ज्ञान भी ले सकेंगे। आज लगभग सभी शिक्षण संस्थानों में तकनीक का उपयोग किया जाने लगा है।

पहली कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक हर स्तर पर तकनीक का बोलबाला है। प्रतियोगिता के इस युग में तकनीक के बिना कामयाबी के बारे में नहीं सोचा जा सकता है। अब हर कक्षा और कोर्स से संबंधित पूरी पढ़ाई का ब्यौरा इंटरनेट पर उपलब्ध है। जहां चाहें वहां से किसी भी विषय को लेकर ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे में कई बार हमारे सरकारी स्कूलों के छात्र पीछे रहते नजर आते थे। लेकिन अब उन्हें भी तकनीकी ज्ञान के मामले में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। मंगलवार को राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन सोनीपत में छात्रों को टैबलेट वितरित किए गए। राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन सोनीपत के प्राचार्य संजीव दहिया, पूजा दहिया ने कहा कि सरकार की बहुत बढिया स्कीम है। पिछले दो साल में बच्चों की पढ़ाई सही तरीके से नहीं हो पाई। अभी टैबलेट में तीन एप दिए गए, लेकिन बाद शिक्षा से संबंधित सभी एप होंगे।

टैबलेट मिलने से न केवल छात्रों को शिक्षा के माध्यम से अपना भविष्य संवारने का मौका मिलेगा, बल्कि उन्हें शिक्षा जगत में हो रहे परिवर्तनों की जानकारी भी मिलेगी। किसी भी प्रतियोगिता के लिए नई एवं तकनीकी जानकारी बहुत जरूरी है। कई मामलों में सरकारी स्कूलों के छात्र केवल इसलिए पीछे रह जाते हैं कि उन्हें उस विषय की पूरी जानकारी नहीं होती और उसका कारण तकनीक की कमी है। अब यह कमी सरकारी स्कूलों के छात्रों के सामने नहीं आएगी।

छात्रों को मिले टैबलेट में प्रतिदिन के लिए 2 जीबी इंटरनेट मिलेगा और टैबलेट में सभी प्रकार की शैक्षिक जानकारी भी होगी। छात्रा सिमरन ने कहा कि आज स्कूल में टैबलेट मिले हैं, कोरोना काल में जो हमारी पढाई प्रभावित हुई है, उसे कवर करने के लिए टैबलेट मिले है, ताकि छात्रों की पढाई प्रभावित न हो सके। टैबलेट मिलने से छात्रों को पढ़ाई में कोई दिक्कत आती थी, तो वो अब नहीं आएगी। टैबलेट मिलने से राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन सोनीपत के छात्र बेहद खुश नहीं आ रहे थे।

# गांव मसाना में बनने वाला शहीदी स्मारक होगा ऐतिहासिक : विधायक सुभाष सुधा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक सुभाष सुधा।

**पंचनद** स्मारक ट्रस्ट के प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के गांव मसाना में बनने वाला शहीदी स्मारक देश और दुनिया का एक ऐतिहासिक स्मारक होगा। इस स्मारक के साथ लाखों लोगों की भावनाएं जुड़ेंगी।

जिस स्मारक के साथ लोगों की भावनाएं जुड़ेंगी, वह निश्चित ही एक दर्शनीय स्थल के रुप में पहचान बनाएगा। इस प्रोजेक्ट पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं रुचि लेकर काम कर रहे है। विधायक सुभाष सुधा शहर वासियों को 14 अगस्त के कार्यक्रम के निमंत्रण देने के लिए लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक पन्नों में हिन्दुस्तान-पाकिस्तान विभाजन के समय करीब 10 लाख लोगों की शहादत की याद में बनने वाला स्मारक स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली लाल किले से 14 अगस्त के दिन को विभाजन विभीषिका दिन के रुप में मनाने की घोषणा की थी।

इस घोषणा के अनुसार ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से 14 अगस्त को पंचनद स्मारक ट्रस्ट की तरफ से विभाजन विभीषिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस स्मारक के निर्माण कार्य को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पंचनद स्मारक ट्रस्ट से स्वामी धर्मदेव जी महाराज के अगुवाई में रूपरेखा तैयार की गई और वर्ष 2015 में शहीदी स्मारक बनाने की योजना को अमलीजामा पहनाने का काम किया गया। पंचनद स्मारक ट्रस्ट की तरफ से 14 अगस्त को पिपली या कुरुक्षेत्र अनाज मंडी में विभाजन विभीषिका दिवस के रुप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया जाएगा और मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं प्रधानमंत्री को निमंत्रण देंगे।

# मोदी और शाह ने महाराष्ट्र के विकास के लिए दिया आश्वासन : सीएम शिंदे

## ठाणे पहुंचे शिंदे ने सैकड़ों शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए कहा

एजेंसी। ठाणे (महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें राज्य के विकास के लिए पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद पहली बार गृहनगर ठाणे पहुंचे शिंदे ने सोमवार रात सैकड़ों शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक तबके की आलोचना के बावजूद, उन्होंने जो जोखिम उठाया (हालिया राजनीतिक घटनाक्रम के संदर्भ में) उसकी लोगों ने सराहना की है।

उन्होंने कहा, मैं पूरे राज्य का दौरा करने जा रहा हूं और हर निर्वाचन क्षेत्र में परियोजनाओं का आवंटन करूंगा। राज्य का पूरी तरह से कायापलट किया जाएगा। मैं बढ़ा-चढ़ाकर बात नहीं करना चाहता, मैं काम करता हूं और फिर बोलता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें राज्य के विकास के लिए काम करने को कहा है। शिंदे ने कहा, उन्होंने (प्रधानमंत्री ने) मुझसे कहा कि वह और केंद्र सरकार मेरा समर्थन करेंगे। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपना पूरा समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि मैं हिंदुत्व के लिए अच्छा काम कर रहा हूं। शिंदे ने पिछले एक पखवाड़े के राजनीतिक घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि 50 विधायकों को उन पर विश्वास और भरोसा था। महाराष्ट्र में शिवसेना से बगावत करने के बाद बागी विधायकों के साथ वह पहले सूरत, फिर गुवाहाटी और आखिर में गोवा पहुंचे थे।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहा, हम अन्याय के खिलाफ खड़े हुए थे, विद्रोह नहीं किया। (शिवसेना के संस्थापक) बालासाहेब ठाकरे ने हमें अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने को कहा था, यह उनकी और आनंद दिघे (शिंदे के गुरु) की दी शिक्षा ही है।

शिंदे ने कहा, हम 15 दिनों के लिए बाहर थे और जितना आप मुझसे मिलना चाहते थे, उतना ही मैं भी अपने शिवसैनिकों तथा कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए उत्सुक था। अब मुझे ऐसा महसूस नहीं हो रहा कि मैं मुख्यमंत्री हूं। मैं आप लोगों में से ही एक हूं। इसलिए मैं आप सभी के बीच एक कार्यकर्ता की तरह ही रहूंगा। शिंदे ने कहा कि उनका कद कितना भी बड़ा हो जाए, उनमें एक शिवसैनिक हमेशा जिंदा रहेगा।



### महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द किया जाएगा : फडणवीस

**नागपुर।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत महाराष्ट्र सरकार के विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के एक दिन बाद उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य के मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द ही किया जाएगा। नागपुर हवाई अड्डे पर मंगलवार को फडणवीस ने राज्य के विदर्भ क्षेत्र के विकास को लेकर भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द किया जाएगा। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद अपने गृहनगर नागपुर पहुंचने पर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। फडणवीस के साथ उनकी पत्नी अमृता फडणवीस भी मौजूद थीं। हवाई अड्डे से, भाजपा के नेता ने अपने समर्थकों द्वारा आयोजित की गई जल्लोष यात्रा शुरू की।

### बोले, 50 विधायकों में से किसी को हार का सामना नहीं करना पड़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने उनका साथ देने वाले 50 विधायकों से वादा किया है कि उनमें से किसी को भी अगले चुनाव में हार का सामना नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय का भी दौरा किया। भाजपा के नगर अध्यक्ष एवं विधान पार्षद निरंजन दावखरे ने वहां उनका स्वागत किया।

### छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में आईएएस अधिकारी हिरासत में

**खूंटी।** झारखंड के खूंटी जिले में इंटर्नशिप पर आई हिमाचल प्रदेश की रहने वाली आईआईटी की एक छात्रा के साथ कथित रूप से छेड़छाड़ करने के आरोप में जिले के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सैयद रियाज अहमद को पुलिस ने बीती रात हिरासत में ले लिया। अहमद भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2019 बैच के अधिकारी हैं। पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। खूंटी के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया, हिमाचल प्रदेश के आईआईटी से यहां इंटर्नशिप के लिए आई एक छात्रा के साथ दो जुलाई को अपने आवास पर जोर-जबर्दस्ती करने और अभद्र आचरण करने के आरोप में खूंटी जिले में तैनात एसडीएम और भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2019 बैच के अधिकारी सैयद रियाज अहमद को सोमवार की रात हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि अधिकारी से पूछताछ की जा रही है। कुमार ने बताया कि आईएएस अधिकारी पर आरोप है कि उसने शनिवार दो जुलाई को अपने आवास पर पीड़िता का चुम्बन लिया और फिर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने बताया कि अपने इंटर्नशिप कार्यक्रम में यहां आए आईआईटी की छात्र-छात्राओं को एसडीएम रियाज अहमद ने अपने आधिकारिक आवास पर एक जुलाई को पार्टी में बुलाया था।

# योगी सरकार को कुछ ताकतें पीछे से चला रहीं है : अखिलेश यादव

### आजमगढ़ में मिली हार का टीकरा अधिकारियों पर फोड़ा

### अखिलेश ने सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश की मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को कुछ ताकतें पर्दे के पीछे से चला रही हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य के मौजूदा उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा स्वास्थ्य विभाग में किए गए तबादलों पर सवाल उठाए जाने का जिक्र करते हुए कहा, उप मुख्यमंत्री लखनऊ छोड़कर गए और वापस आए, तो उन्हें पता लगा कि उनसे पूछे बगैर स्वास्थ्य विभाग में तबादले कर दिए गए। यह वही उपमुख्यमंत्री हैं जिन्होंने सरकारी अस्पताल में सबसे ज्यादा छापेमारी की लेकिन तमाम कमियां मिलने के बावजूद अगर उन्होंने किसी पर भी कार्यवाही की हो, तो बता दीजिए। इसका मतलब यह है कि सरकार को कोई पीछे से चला रहा है। इस सवाल पर कि आखिर पीछे से कौन सरकार चला रहा है, यादव ने कहा, उपमुख्यमंत्री का जो पत्र आया है कि किसके कहने से तबादले हुए हैं, लगता है सरकार में कुछ ऐसी ताकतें हैं जो पीछे से ऑपरेट कर रही हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग में हाल में हुए तबादलों पर आपत्ति दर्ज करते हुए इस सिलसिले में सोमवार को विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखते हुए, नाराजगी जताई थी और कहा था कि तबादलों में नियमों का पालन नहीं किया गया। यादव ने पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए बताया कि सपा का सदस्यता अभियान लगातार चलता रहेगा।

कोशिश होगी कि सपा गांवों में ज्यादा से ज्यादा पहुंचे, हर घर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता पार्टी की बात, पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी लेकर जनता के बीच रहेंगे। यादव ने कहा कि इस बात को लोगों तक पहुंचाने की जरूरत है कि लोकतंत्र बचाने के लिए सपा के लोग आगे आ रहे हैं।



### पार्टी के मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए थे

आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा के हाल में हुए उपचुनाव में सपा की पराजय के बारे में पूछे जाने पर अखिलेश ने आरोप लगाया, हमें पार्टी संगठन पर पूरा भरोसा है लेकिन यह नहीं मालूम था कि अधिकारी मतदाताओं को वोट नहीं डालने देंगे, पैसे बंटवाएंगे, पार्टी के मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से जानबूझकर काट देंगे। उपचुनाव में प्रचार के लिए खुद के नहीं जाने का कारण स्पष्ट करते हुए यादव ने कहा कि दोनों क्षेत्रों के सपा पदाधिकारियों ने भरोसा जताया था कि उन्हें जीत हासिल हो जाएगी।

# केरल के मंत्री ने दिया संविधान विरोधी बयान, विवाद

**केरल।** केरल के मंत्री साजी चेरियन ने संविधान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह शोषण को माफ करता है और इसे इस तरह से लिखा गया है कि इसका इस्तेमाल देश के लोगों को लूटने के लिए किया जा सके। इस बयान को लेकर वह राज्य में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस सहित विभिन्न वर्गों के निशाने पर आ गए हैं।

चेरियन ने दक्षिणी जिले के मल्लापल्ली में हाल ही में आयोजित हुए एक राजनीतिक कार्यक्रम में यह बयान दिया था। मंगलवार को क्षेत्रीय टेलीविजन चैनलों के इस भाषण को प्रसारित करने के बाद यह मुद्दा सामने आया। उन्होंने कहा, हम सभी कहते हैं कि हमारे पास एक बेहतरीन तरीके से लिखा संविधान है, लेकिन मैं कहूंगा कि संविधान इस तरह से लिखा गया है कि इसका इस्तेमाल देश के लोगों को लूटने के लिए किया जा सके। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन सहित कई लोगों ने चेरियन के इस बयान की आलोचना की है।



# उदयपुर की घटना में जांच का दायरा बढ़ाए एनआईए: डोटासरा

एजेंसी। जयपुर

**कांग्रेस** की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिदेशक दिनकर गुप्ता को पत्र लिखकर उदयपुर कांड की जांच का दायरा बढ़ाने की मांग की है।

डोटासरा ने कहा कि इस घटना के एक आरोपी मोहम्मद रियाज अख्तारी के बारे में मीडिया में आए तथ्यों को देखते हुए एजेंसी को जांच का दायरा बढ़ाना चाहिए।

पत्र में डोटासरा ने लिखा है कि मीडिया में आई खबरों के अनुसार अख्तारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सक्रिय सदस्य था और वह लगातार भाजपा के कार्यक्रमों में शामिल होता था तथा उदयपुर से भाजपा विधायक गुलाबचंद कटारिया के साथ उसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आई हैं।

डोटासरा ने पत्र में लिखा है कि मीडिया में आई खबरों के अनुसार चार जुलाई को जम्मू-कश्मीर के रियासी में जम्मू पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दो आतंकवादियों में से एक तालिब हुसैन शाह भी भाजपा के जम्मू अल्पसंख्यक मोर्चे का सोशल मीडिया प्रभारी था।

# संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति चुनाव को समर्थन जुटाने पटना पहुंचीं द्रौपदी मुर्मू

**पटना।** राष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का मंगलवार को पटना पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। वह 18 जुलाई को होने वाले चुनाव के लिए समर्थन मांगने के लिए यहां आईं हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू विशेष विमान से सुबह 11.13 बजे पटना हवाई अड्डे पहुंचीं। उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, राज्य भाजपा प्रमुख संजय जायसवाल और अन्य राज्य मंत्रियों ने जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुर्मू का स्वागत किया।पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी हवाई अड्डे पर मौजूद थे। हवाई अड्डा परिसर को फूलों से सजाया गया था जबकि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के झंडे के साथ बाहर सड़कों पर उनके स्वागत के लिए खड़े थे। पटना में मुर्मू राज्य भाजपा कार्यालय का दौरा करेंगी। वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मुलाकात करेंगी। भाजपा के एक नेता ने कहा कि बाद में वह गांधी मैदान के पास एक होटल में जाएंगी जहां वह सांसदों और विधायकों सहित एनडीए के सभी घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं से मिलेंगी और चुनाव में उनके समर्थन की अपील करेंगी। उन्होंने कहा कि दोपहर में वह पटना से उड़ान भरकर गुवाहाटी होते हुए अगरतला पहुंचेंगी।

### राष्ट्रपति ने असम के सीएम से बाढ़ की जानकारी ली

**गुवाहाटी।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को फोन कर राज्य में बाढ़ के मौजूदा हालात की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह राष्ट्रपति का फोन आने से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने असम में बाढ़ की स्थिति और बचाव व राहत कार्य की जानकारी ली। सरमा ने ट्वीट किया, उनके द्वारा व्यक्त की गई चिंता के लिए बहुत आभारी हूं। यह बाढ़ से निपटने में हमारे मनोबल को बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भी सरमा को फोन पर असम में बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। गौरतलब है कि असम भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। बाढ़ के कारण अबतक करीब 180 लोगों की जान जा चुकी है जबकि 90 लाख लोग प्रभावित हुए हैं।

### आईपीएस गौरव बने पंजाब के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक

**चंडीगढ़।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस)के वरिष्ठ अधिकारी गौरव यादव ने मंगलवार को पंजाब के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने गैंगस्टर संस्कृति को खत्म करने और मादक पदार्थों के खतरे को नियंत्रित करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। राज्य के मौजूदा पुलिस प्रमुख वीके भावरा के मंगलवार को दो महीने के अवकाश पर जाने की वजह से यादव को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्राथमिकता गैंगस्टर संस्कृति को खत्म करने और मादक पदार्थ के खतरे को नियंत्रित करने की है। यादव ने कहा, हम राज्य में सुरक्षित कानून व्यवस्था और लोक हितकारी पुलिसिंग मुहैया कराने को प्रतिबद्ध हैं। गौरतलब है कि हाल में राज्य विधानसभा में मान ने घोषणा की थी कि वह कानून व्यवस्था में व्यापक सुधार लाएंगे।

### यूक्रेन की गणितज्ञ को फील्ड्स मेडल मिला

**बर्लिन।** यूक्रेन की गणितज्ञ मैरीना वियाजोवस्का को मंगलवार को प्रतिष्ठित फील्ड्स मेडल से सम्मानित करने की घोषणा की गई। उनके साथ तीन और लोगों को भी यह सम्मान दिया जाएगा। फील्ड्स मेडल को गणित का नोबेल पुरस्कार माना जाता है। इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ मैथमेटिशियन ने कहा कि लुसाने स्थित स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कार्यरत वियाजोवस्का ने एक समान गोलों को अष्ट आयामी ढांचे में बहुत ही सघन अवस्था में रखने की दिशा में कार्य किया है।

# खराबी के चलते दिल्ली-दुबई उड़ान को कराची की ओर मोड़ा गया

एजेंसी। नई दिल्ली

**ईंधन** संकेतक में खराबी के कारण स्पाइसजेट की दिल्ली-दुबई उड़ान को मंगलवार को कराची की ओर मोड़ा गया। विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पिछले 17 दिनों में स्पाइसजेट के विमान से संबंधित इस तरह की यह छठी घटना है। डीजीसीए सभी छह घटनाओं की जांच कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली से दुबई जा रहा बोइंग 737 मैक्स विमान जब हवा में था तब विमान के बाएं टैंक में ईंधन की मात्रा में असामान्य कमी दिखना शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि इसलिए, विमान को कराची की ओर मोड़ दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि जब कराची हवाई अड्डे पर जांच की गई, तो बाएं टैंक से कोई रिसाव नहीं दिखा। स्पाइसजेट ने एक बयान में कहा, पांच जुलाई, 2022 को स्पाइसजेट बी737 विमान की उड़ान एसजी-11 (दिल्ली-दुबई) को संकेतक लाइट में खराबी के कारण कराची की ओर मोड़ दिया गया। विमान कराची में सुरक्षित उतरा और यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। बयान में कहा गया है, कोई आपात स्थिति घोषित नहीं की गई और विमान ने सामान्य लैंडिंग की। विमान में किसी भी अन्य खराबी की कोई सूचना नहीं है। यात्रियों को जलपान दिया गया है।



### कन्हैयालाल हत्याकांड का एक और आरोपी हिरासत में लिया

**जयपुर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने उदयपुर के कन्हैया लाल हत्याकांड में गिरफ्तार एक और आरोपी को मंगलवार को यहां विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे 12 जुलाई तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपी मोहम्मद मोहसिन को यहां विशेष अदालत में पेश किया। विशेष लोक अभियोजक टीपी शर्मा ने बताया कि सुनवाई के बाद अदालत ने मोहम्मद मोहसिन को 12 जुलाई तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि मोहम्मद मोहसिन को कन्हैया की दुकान की रेकी करने और साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड में मुख्य आरोपी रियाज अख्तारी और गौस मोहम्मद को घटना के कुछ घंटे बाद ही गिरफ्तार किया था।


# उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू

एजेंसी। नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने मंगलवार को छह अगस्त को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया भी आरंभ हो गई। अधिसूचना के मुताबिक नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 19 जुलाई है।

मौजूदा उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है। देश के नए उपराष्ट्रपति 11 अगस्त को शपथ लेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 20 जुलाई को की जाएगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 22 जुलाई है। आंकड़ों के लिहाज से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का पलड़ा भारी है। इस चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य मतदान करने के अधिकारी हैं। मनोनीत सदस्य भी इस चुनाव में अपना मत डाल सकते हैं। राजनीतिक दलों ने अभी तक अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति भी होते हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के 788 सदस्य शामिल होते हैं।

चूंकि, निर्वाचक मंडल के सभी सदस्य, संसद के दोनों सदनों के सदस्य हैं, इसलिए प्रत्येक संसद सदस्य के मत का मूल्य समान अर्थात एक होगा। चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से होगा और चुनाव गुप्त मतदान के द्वारा होगा। इस प्रणाली में, निर्वाचक को उम्मीदवारों के नामों के सामने वरीयताएं अंकित करनी होती है।



**नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 जुलाई**

**एम वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त होगा**

# नैरोबी मक्खियों से सिक्किम में सौ छात्र संक्रमित

एजेंसी। गंगटोक

**पूर्वी** सिक्किम के एक इंजीनियरिंग कॉलेज के करीब 100 छात्रों को नैरोबी मक्खियों के संपर्क में आने से गंभीर त्वचा संक्रमण का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मूल रूप से पूर्वी अफ्रीका में पाई जाने वाली नैरोबी मक्खियों मझीटर स्थित सिक्किम मणिपाल प्रौद्योगिकी संस्थान (एसएमआईटी) परिसर में तेजी से बढ़ रही हैं।अधिकारियों ने कहा कि हाल में मक्खियों से संक्रमित हुए एक छात्र के हाथ की सर्जरी करनी पड़ी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि मक्खियां देशी नहीं हैं, लेकिन प्रजनन के अनुकूल माहौल और पर्याप्त खाद्य आपूर्ति की तलाश में नए क्षेत्रों में आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि ये मक्खियां आमतौर पर फसलों को नष्ट कर देती हैं और कीटों को खा जाती हैं।

ये मक्खियां काटती नहीं हैं, लेकिन किसी की त्वचा पर बैठने के दौरान उन्हें परेशान किया जाता है तो वे एक अम्लीय पदार्थ छोड़ती हैं, जिससे जलन होती है। उन्होंने कहा कि मक्खियों को धीरे से उड़ा देना चाहिए और उन्हें न तो परेशान किया जाना चाहिए, न ही छूना नहीं चाहिए।



# चुनावों के लिए भाजपा दलितों और आदिवासियों का नाम इस्तेमाल करती है : प्रियंका गांधी

एजेंसी। नई दिल्ली।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ दिखावे और चुनावों के वास्ते दलितों एवं आदिवासियों के नाम का इस्तेमाल करती है।

उन्होंने यह सवाल भी किया कि दलितों और आदिवासियों पर हमले की घटनाओं पर भाजपा ने चुप्पी क्यों साध रखी है? कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, उप्र में एक दलित युवक को दबंगों ने बम से उड़ा दिया। मप्र में एक आदिवासी महिला को दबंगों ने जिंदा जलाया। उन्होंने कहा, दिखावे और चुनावों के वास्ते दलितों-आदिवासियों का नाम इस्तेमाल करने वाली भाजपा ने, दलितों-आदिवासियों पर हमले की इन भयावह घटनाओं को लेकर चुप्पी क्यों साध रखी है।



### ईडी ने पूछताछ के लिए आजम खान की पत्नी बेटे को तलब किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान की पत्नी और बेटे को धन शोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खान (73) रामपुर सीट से सपा के विधायक भी हैं। उनकी पत्नी तजीन फातमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान को इस सप्ताह लखनऊ में ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष अलग से पेश होने के लिए कहा गया है। खान के बेटे यूपी विधानसभा में स्वार विधानसभा सीट से विधायक हैं। एजेंसी आजम खान के खिलाफ मामले की जांच के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत तजीन फातमा और अब्दुल्ला आजम खान के बयान दर्ज करना चाहती है।

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत

# कैदियों को सजा में विशेष छूट देने की योजना बना रही सरकार

एजेंसी। नई दिल्ली

**सरकार** 50 साल से अधिक आयु की उन महिला और ट्रांसजेंडर कैदियों की सजा चरणबद्ध तरीके से कम करने की योजना बना रही है, जिनका व्यवहार अच्छा है।

गृह मंत्रालय ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं के तहत यह कदम उठाया जाएगा। सरकार 60 वर्ष से अधिक आयु के उन पुरुष कैदियों और दिव्यांग कैदियों को भी इस योजना का लाभ देगी, जिन्होंने अपनी आधी से अधिक सजा पूरी कर ली है। जो गरीब या जरूरतमंद कैदी सजा पूरी कर चुके हैं, लेकिन धन के अभाव में जुर्माना नहीं भर पाने के कारण अब भी जेल में हैं, उन्हें भी जुर्माने से छूट का लाभ दिया जाएगा। गृह मंत्रालय ने बताया कि यह योजना उन कैदियों पर लागू नहीं होगी, जिन्हें मौत या आजीवन कारावास की सजा दी गई है, या जिन पर बलात्कार, आतंकवाद, दहेज हत्या और धन शोधन के आरोप लगाए गए हैं।

### जिन कैदियों का व्यवहार अच्छा है उन्हें मिलेगी छूट

### 60 वर्ष से अधिक आयु और दिव्यांग बंदियों को मिलेगा लाभ

### कारागारों में क्षमता से अधिक कैदी

वर्ष 2020 के एक आधिकारिक अनुमान के अनुसार, भारत के कारागारों में क्षमता से अधिक कैदी हैं। देश के कारागारों में 4.03 लाख कैदियों को रखने क्षमता है, जबकि इस समय कारागारों में लगभग 4.78 लाख कैदी हैं, जिनमें करीब एक लाख महिलाएं हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि इन पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले कैदियों को तीन चरणों में 15 अगस्त, 2022, 26 जनवरी, 2023 और 15 अगस्त, 2023 को रिहा किया जाएगा।



विस्फोटक अधिनियम, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और अपहरण विरोधी अधिनियम के तहत दोषी ठहराए गए लोगों के अलावा मानव तस्करी के लिए दोषी ठहराए गए कैदियों को भी यह छूट नहीं दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि 50 साल या उससे अधिक आयु की महिला एवं ट्रांसजेंडर कैदियों, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरुष कैदियों, 70 प्रतिशत या उससे अधिक अक्षमता वाले दिव्यांगों को स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के तहत चलाई जा रही योजना के तहत रिहा किया जा सकता है, बशर्ते वे आधी सजा काट चुके हों और उनका व्यवहार अच्छा हो। इसमें कहा गया है कि नागरिक प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की राज्य स्तरीय समिति द्वारा गहन जांच किए जाने के बाद कैदियों को रिहा करने पर विचार किया जाना चाहिए।

मंत्रालय ने कहा कि अपनी आधी सजा काट चुके जिन व्यक्तियों ने 18 वर्ष से 21 वर्ष तक की उम्र के दौरान अपराध किया है और उनके खिलाफ कोई अन्य आपराधिक मामला नहीं है, उन्हें भी विशेष छूट देने पर विचार किया जाएगा।

# भाजपा अपने खोखले राष्ट्रवाद से देश को खोखला कर रही : कांग्रेस

एजेंसी। नई दिल्ली।

**कांग्रेस** ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी अपने खोखले राष्ट्रवाद की आड़ में देश को खोखला करने का घिनौना खेल खेल रही है। पार्टी के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने यह दावा भी किया कि जम्मू-कश्मीर में पकड़े गए लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों में से एक तालिब हुसैन शाह भाजपा का पदाधिकारी है।

कांग्रेस के इस आरोप पर फिलहाल भाजपा की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा था कि तालिब हुसैन पत्रकार बनकर भाजपा कार्यालय में आता था। रैना ने यह भी कहा था कि ऐसा लगता है कि आतंकी भाजपा कार्यालय और नेताओं को निशाना बनाना चाहते थे। खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, पिछले एक सप्ताह में घटी दो घटनाओं ने भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को बेनकाब कर दिया है। पहले उदयपुर हत्याकांड में शामिल एक आरोपी भाजपा का कार्यकर्ता निकला। उसके बाद जम्मू-कश्मीर में पकड़े गए लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों में से एक तालिब हुसैन शाह भाजपा का पदाधिकारी निकला, जिसकी देश के गृह मंत्री के साथ तक तस्वीर है। उनका कहना है, जब वह पकड़ा गया तब वह, पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं पर हमले की योजना बना रहा था।

# नोएडा के 76 स्थानों पर लगे 1065 कैमरे

## यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर वाहनों का 24 घंटे में घर पहुंचेगा चालान

- कैमरे वाहन चालकों का डाटा इकट्ठा करने में मदद करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के 76 स्थानों पर 1065 कैमरे लगाए गए हैं। इनके माध्यम से नोएडा की सड़क पर हर एक गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। यातायात नियम को तोड़ने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा, जो भी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करेगा, उसका चालान 24 घंटे के भीतर उसके घर पहुंच जाएगा।

ये कैमरे नोएडा अथॉरिटी की तरफ से इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट के तहत लगवाए गए हैं। मंगलवार की सुबह सभी कैमरे एक्टिव हो गए। यह कैमरा वाहन चालकों का डाटा इकट्ठा करने में मदद करेंगे, जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं। इसे ना ही केवल ट्रैफिक नियमों का लोग पालन करेंगे, बल्कि नोएडा में अपराधों की संख्या काफी कम होगी और पुलिस आसानी से अपराधियों तक पहुंचने में कामयाबी हासिल कर सकेगी।



नोएडा के 76 चौराहों पर कैमरे लगाए गए हैं। इस प्रॉजेक्ट के बारे में यह जानकारी देते हुए नोएडा अथॉरिटी के ट्रैफिक सेल प्रभारी एसपी सिंह ने बताया कि कैमरे ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों का डेटा फोटो के साथ तैयार करेंगे।

यह डेटा सीधे एनआईसी को ई-चालान के लिए जाएगा। अलग.अलग चौराहों के हिसाब से डेटा तैयार करने के लिए सॉफ्टवेयर अपग्रेड करवाया जा रहा है। यह काम भी अगले एक हफ्ते में पूरा होने की उम्मीद है। ट्रैफिक पुलिस की तरफसे ई.चालान आईटीएमएस से शुरू होने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

नोएडा के ट्रैफिक डीसीपी गणेश साहा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं। वहां से ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को हटाया जाएगा। इससे अन्य स्थानों पर इनको शिफ्ट किया जा सके। हालांकि, इसके लिए थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने बताया कि यह कैमरे ना ही केवल अपना डाटा तैयार करेंगे। बल्कि जो भी व्यक्ति ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करेगा। उसका चालान काटकर इन कैमरों के माध्यम से 24 घंटे के भीतर भेज दिया जाएगा। मुख्य स्थानों में सेक्टर-15 18, 44, 51, 52, 59, 76, 62, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, ओखला बर्ड सेंचुरी, सेक्टर.137 मेट्रो स्टेशन, शशि चौक, मयूर स्कूल का चौराहा, राय रेसिडेंसी सेक्टर, औषधि पार्क चौराहा, महामाया फ्लायओवर, महामाया फ्लाईओवर के नीचे , बोटैनिकल गार्डन, डिग्री कॉलेज तिराहा, प्रतीक विजिट चौराहा, हाजीपुर चौराहा, आम्रपाली गोल चक्कर, एलजी चौराहा

डीएमआरसी के सभी मेट्रो स्टेशन, हाउसिंग सोसाइटी के आसपाल व प्रमुख बाजार शामिल है।

## पुलिस कप्तान ने बदले पांच एसएचओ

**गाजियाबाद।** एसएसपी मुनिराज ने पांच एसएचओ का ट्रांसफर कर दिया। उन्होंने लाइन में चल रहे छह निरीक्षकों सहित आठ इंस्पेक्टरों की विभिन्न थानों में निरीक्षक अपराध के पद पर तैनाती की है।

जानकारी के अनुसार कप्तान मुनिराज ने सिहानीगेट थाने के एसएचओ को साहिबाबाद, अपने वाचक नरेश कुमार शर्मा को एसएचओ सिहानी गेट, एसएचओ नन्दग्राम अमित कुमार एसएचओ कविनगर, प्रभारी यूपी-112 मुनेंद्र सिंह को एसएचओ नन्दग्राम और लाइन में तैनात इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह को एसएचओ कौशांबी बनाया है। इसके अलावा लाइन में चल रहे रवि कुमार बालियान को निरीक्षक अपराध मसूरी, अर्जुन सिंह को प्रभारी यूपी.112, विजयकांत मिश्रा को निरीक्षक अपराध लोनी, पंकज शर्मा को निरीक्षक अपराध ट्रोनिका सिटी, गिरीशचंद्र जोशी को निरीक्षक अपराध कविनगर और योगेश बालियान को निरीक्षक अपराध कौशांबी बनाया है।

# गाजियाबाद में खुलेंगे 11 नए अल्ट्रासाउंड केंद्र

- सील किए गए सेंटर खुले मिले तो होगा एक्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**गाजियाबाद** जिले में 11 नए अल्ट्रासाउंड केंद्र खुलेंगे। जिला सहायक समिति की बैठक की गई। जिसमें यह निर्णय लिया गया।

इन केंद्रों के खुलने से लोगों को अधिक लाभ होगा। बैठक के दौरान पंजीकरण और नवीकरण के 30 आवेदन को देखा गया। जिनमें से 11 आवेदनों के नए पंजीकरण कर दिए गए और 19 आवेदनों के नवीकरण किए गए। वहीं, 2 आवेदनों को निरस्त कर दिया गया। नए अल्ट्रासाउंड केंद्र खुलने से लोगों को सहूलियत होगी। इससे शहर के लोगों को अपने घर से ज्यादा दूर अल्ट्रासाउंड कराने के लिए नहीं जाना होगा। मुख्य विकास अधिकारी विक्रांत सिंह ने पहले से सील किए गए अल्ट्रासाउंड केंद्रों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर इनमें से कोई भी केंद्र संचालित पाया जाता है तो उस पर दोबारा कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों की ट्रैकिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लिंग जांच को लेकर भी कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। सीडीओ ने कहा कि जिन गर्भवती महिलाओं के फार्म एफ भरे जाते हैं उनका मिलान जन्म प्रमाण पत्र के रजिस्ट्रेशन से कराई जाए, अगर कोई एक्ट का उल्लंघन करता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।




# ट्रायल के बाद अंतिम विस्फोट डिजाइन तैयार

- ट्विन्स टावर मामले में कंपनी ने पुलिस से मांगी एनओसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**सुपरटेक** एमराल्ड के दोनों टावर एपेक्स और सियान को 21 अगस्त को गिराए जाएंगे। इसकी प्रोग्रेसिव रिपोर्ट प्राधिकरण एडिफिस ने नोएडा प्राधिकरण में सब्मिट की है। एडिफिस ने फाइनल ब्लास्टिंग एक्स्प्लोसिव के लिए नोएडा पुलिस को एनओसी के लिए आवेदन किया है। ट्रायल ब्लास्ट के बाद अब फाइनल ब्लास्ट डिजाइन तैयार कर लिया गया है।

सियान और एपेक्स दोनों टावरों के नौ मीटर के दायरे में कंटेनर लगाने और ब्लास्ट वाइब्रेशन कम करने के लिए बेसमेंट में डिबरीस कुशन लगा दिए गए है। गेल की पाइप लाइन बचाने के लिए 18 डायामीटर के सेफ गार्ड को लगा दिया गया है। दोनों टावरों जियो टेक्सटाइल फाइबर से ढक दिया गया है। ताकि फाइनल ब्लास्ट के दौरान डिबरीस उड़कर बाहर न आए। ये भी बताया कि सुपरटेक की ओर से सुपरटेक एमराल्ट कोर्ट के तीन और एटीएस के चार टावरों का स्ट्रक्चरल आडिट कराया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट सात जुलाई तक सब्मिट की जाएगी।



प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि फाइनल ब्लास्टिंग से पहले एक बैठक की जाएगी। जिसमे सभी एजेंसियों, सरकारी विभागों को बुलाया जाएगा। उसमे एडिफिस कंपनी और जेट डिमोलेशन कंपनी अपना प्रजेंटेशन देगी। जिसमे इमारत को गिराने और मलबा साफकरने तक का प्रोसेस होगा। जिसके बाद 21 अगस्त को ब्लास्ट किया जाएगा।

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा तस्कर के कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा भी बरामद किया है।

गांजा तस्कर चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग करते हुए फरार हो रहा था। पुलिस ने पीछा करते हो इसकी मोटरसाइकिल में जीप से टक्कर मारी और उसके बाद तस्कर को पकड़ लिया। थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि पुलिस नवादा गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसके बाद वह गिर गया। इसी दौरान पुलिस ने तेजी से दौड़ कर उसको पकड़ लिया।

# ग्रेनो वेस्ट में अब नहीं झेलना पड़ेगा बिजली का संकट

- 30 दिनों में मिलेगी 100 मेगावाट बिजली

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

**ग्रेटर नोएडा** वेस्ट वासियों के लिए खुशखबरी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में इस महीने ही 100 मेगावाट बिजली सप्लाई की जाएगी। इसके लिए कार्य काफी तेजी के साथ चल रहा है। नोएडा के सेक्टर-123 में एक 400 केवी का बिजली घर बनाया गया है। जिससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों और हाउसिंग सोसाइटी में 100 मेगावाट बिजली सप्लाई की जाएगी। अफसरों का कहना है कि जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह से बिजली की जाएगी।

नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के जीएम सारनाथ गांगुली ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-123 में 400 केवी का बिजली घर बनाया गया है।



वहां से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए 100 मेगावाट की बिजली सप्लाई की जाएगी।

इस बिजली घर से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में भी बिजली सप्लाई की जाएगी। सारनाथ गांगुली ने बताया कि जुलाई के अंत तक सब स्टेशनों का पूरा काम होने की उम्मीद है। काम पूरा होने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट को 100 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट मे काफी संख्या में लोग रहते है और एसी कूलर जैसे अन्य बिजली से चलने वाली चीजों का इस्तेमाल करते है। देखा जाए तो हर फ्लैट पर 5 किलोवाट लोड माने तो 75 रुपए प्रति किलोवाट की दर से प्रती माह 3.75 करोड़ या साल मे 45 करोड़ रूपए की कमाई बिल्डर कर रहें है, जो एनपीसीएल के भुक्तान के अकॉर्डिंग बहुत ज्यादा है।

जीएम गांगुली ने बताया कि हमारी तरफ से सारे कार्य पूरा हो चुका है। बिजली घर बंद कर पूर्ण रुप से तैयार हो चुका है, लेकिन यूपीपीटीसीएल द्वारा कुछ कार्य बाकी है। जिसके पूरा होते ही बिजली सप्लाई की जाएगी।

इस बिजलीघर के चालू होने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा की लाखों जनता को बहुत बड़ा फायदा होगा। लोगों को गर्मी से पहले एनपीसीएल की तरफ से यह बड़ा तोहफा साबित होगा।

## दहेज हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**नोएडा।** सदरपुर गांव निवासी अखिलेश की शादी लगभग डेढ़ साल पहले रुचि चौहान से शादी हुई थी। रुचि की रविवार रात मकान की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी। उसके पिता ने बेटी के पति समेत ससुरालियों पर दहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने अखिलेश को गिरफ्तार कर लिया है। फेज.3 पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में पिछले एक साल से वांछित चल रहे आरोपी पति महावीर एनक्लेव पालम दिल्ली निवासी विकास प्रसाद को ओखला डी.18 फैक्टरी से गिरफ्तार किया।

## मदन पाल बने सुपरटेक अवंत गार्डे के अध्यक्ष

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वैशाली के सेक्टर पांच स्थित सुपरटेक अवंत गार्डे के सोसायटी चुनाव में मदनपाल सिंह अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

ज्ञात रहे कि यहां चुनाव कई वर्षों बाद हुआ है। यह चुनाव भीकम पाल और उनकी टीम के प्रयासों से संभव हो सका। सोसायटी के डिप्टी रजिस्ट्रार मेरठ द्वारा नामित निर्वाचन अधिकारी अभिषेक जैन के नेतृत्व में चुनाव शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

सोसायटी के अन्य पदों पर क्रमशः रमा गुप्ता उपाध्यक्ष, भीकम पाल महासचिव, आनंद कुमार सिंह सचिव, रेनू जैन कोषाध्यक्ष और आशीष गुप्ता, नरेश कुमार गुलाटी, संजीव गुप्ता , कमलेश गंभीर, भगवती शर्मा एवं पूर्णिमा गोयल को बोर्ड सदस्यों के रूप में चुने गए।

# पॉश सोसाइटी में शीशा तोड़कर लाखों का माल पर हाथ साफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**ग्रेटर नोएडा** वेस्ट में स्थित समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू हाउसिंग सोसायटी में चोरी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोरों ने बालकनी में लगे शीशे को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

इस मामले की जानकारी मंगलवार की सुबह बिसरख कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद बिसरख पुलिस टीम मौके मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अभी तक लिखित शिकायत नहीं मिली है।

लिखित शिकायत मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू हाउसिंग सोसायटी में एक व्यक्ति किराए पर रहता है। बीती रात फ्लैट में बालकनी का शीशा तोड़कर चोरी हुई है। मेंटेनेंस डिपार्टमेंट और सिक्योरिटी गार्ड ने सीसीटीवी कैमरों की जांच की, लेकिन किसी भी अज्ञात व्यक्ति को पीड़ित के टावर में आते हुए नहीं देखा।



**थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों को थाने का भ्रमण कराते हुए पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में समझाया गया। साथ ही बच्चों को गुड टच/बैड टच के सम्बन्ध में भी बताया।**

# पौधरोपण अभियान: 60 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**सुरजपुर** पुलिस लाइन में मंगलवार को वृक्षारोपण जन आंदोलन के तहत पौधे लगाए गए। जिसमें नोएडा पुलिस कमिश्नर, जॉइंट कमिश्नर, डीसीपी और अन्य आला अधिकारी शामिल रहे। जिले में मंगलवार को लगभग 60000 हजार से ज्यादा पौधे को रोपित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें फलदार, छायाकार और कीमती पौध भी शामिल हैं।

इस महाअभियान के लक्ष्य को पूरा करने के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने सभी विभागों को जिम्मेदारी दी है।

वृक्षारोपण अभियान सफल हो, इसके लिए जिले के सभी पुलिस थाने दफ्तर आदि में आधे दिन वृक्षारोपण का ही अभियान चलेगा। वृक्षारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम में नोएडा के कमिश्नर आलोक सिंह ने ग्रेटर नोएडा को हरित में योगदान देने की बात कही। जिसमें पर्यावरण को सुरक्षित और वातावरण को शुद्ध करने के लिए पौधे लगाना आवश्यक है।



इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने कहा कि हम बड़े पेड़ों के छांव में बैठ के सोचते है कि ये भी किसी ने लगाया होगा और अब छांव दे रहे है। इसी मूलमंत्र से प्रभावित होकर हम लोग भी वृक्षारोपण कर रहे है। सभी थाने, चौकी और फायर स्टेशन पर पौधे लगाए जाएंगे।

कुल लक्ष्य 60 हजार का है और हमें उम्मीद है कि हमारे सभी ऑफिसर इस लक्ष्य को पूरे करने में कामयाब होंगे। वहीं नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने भी पौधरोपण अभियान चलाया। उन्होंने पौधा रोप कर लोगों ने हरित अभियान चलाने की अपील की।

## पर्यावरण बचाना सबकी जिम्मेदारी: वीके सिंह

**गाजियाबाद।** जिला स्तर पर कमला नेहरू नगर स्थित एनडीआरएफ की आठवीं बटालियन में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सडक परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक विमानन राज्यमंत्री व सांसद जनरल वीके सिंह ने किया। केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने सुभाष सरोवर का शुभारंभ किया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के सैंकड़ों पौधे रोपे गए। सिंह ने कहा कि देश में पर्यावरण के प्रति जागृति आई है और लोग पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आए हैं। इसी कड़ी में हर साल पौधरोपण कार्यक्रम का बड़े स्तर पर आयोजन किया जाता है।

# युवती को नौकरी का झांसा देकर बनाई अश्लील वीडियो

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में शर्मनाक घटना सामने आई है साहिबाबाद क्षेत्र की एक युवती को नौकरी का झांसा देकर उसे होटल में बुलायाए जिसके बाद उसे नशीला पदार्थ पिलाकर उसके अश्लील वीडियो बनाई।

आरोपी युवती को अश्लील फोटो दिखा ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़ित ने इसकी शिकायत साहिबाबाद थाने में की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि वह लगभग 1 वर्ष से नौकरी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच उसकी मुलाकात निधीश चंद्रन से हुई थी। निधीश केरल का रहने वाला है। धीरे.धीरे दोनों के बीच दोस्ती बढ़ गई और फोन पर बातें होने लगी।



आरोपी ने युवती को नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। आरोपी ने पीड़ित को शेयर मार्केट का काम भी दिखाया। उसने बताया कि 1 दिन निधीश ने नौकरी दिलाने के नाम पर एक होटल में बुलाया। आरोपी ने युवती की कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला दिया था। जिसे पीने के बाद युवती बेहोश हो गई।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

दिन शुभ फलदायी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिजनों के साथ दिन अच्छा रहेगा। शुभ समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है, लाभदायक रहेगी। धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। पढ़ाई के मामले में स्थिति अच्छी रहेगी। खान-पान का ध्यान रखें। यात्रा के समय सतर्क रहें।

**( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**

**भाग्यांक : 3**

**विशेष :** गणपति जी की आराधना करें।

### वृष

दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी। प्रयासों से सभी कार्य सफल होंगे। प्रोफेशनल स्तर पर मिले मौके का जल्द फायदा लेने का प्रयास करेंगे। शारीरिक व मानसिक रूप से थकान का अनुभव कर सकते हैं। अनावश्यक खर्च से बचने की आवश्यकता है। परिवार का माहौल अनुकूल रहेगा। यात्रा पर जाने से बचें।

**( ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो )**

**भाग्यांक : 3**

**विशेष :** गले में चांदी की चेन धारण करें।

### मिथुन

दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। सामाजिक कार्यों में रुझान बढ़ेगा। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिवार में कोई समस्या आ सकती है, जिसे आसानी से सुलझा सकते हैं। वित्तीय सलाहकार से मदद लेना फायदेमंद साबित होगा। सेहत अच्छी रहेगी। धन लाभ होगा।

**( का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा )**

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** भूत के मंत्रों का जाप करें।

### कर्क

दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में कठिन परिश्रम से लाभ की स्थिति रहेगी। राजनीतिक क्षेत्र में भी सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा। ऑफिस के काम को सुलझाने के लिए सहकर्मियों की मदद मिलेगी। सार्वजनिक स्थलों पर सावधानी बरतें। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। वैवाहिक जीवन हंसी-खुशी रहेगा।

**( ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो )**

**भाग्यांक : 5**

**विशेष :** केले के पत्ते को भोजन रखकर ग्रहण करें।

### सिंह

दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। हालांकि, धनखर्च की अधिकता रहेगी, आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें, विवाद होने की संभावना रहेगी। व्यावसायिक सम्पर्क बनाने का बेहतरीन समय है। सड़क पर बेकाबू गाड़ी न चलाएं, खतरा मोल लेने से बचें।

**( मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे )**

**भाग्यांक : 3**

**विशेष :** मांसाहार का प्रयोग ना करें।

### कन्या

दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों की मदद से कार्यों में सफलता मिलेगी और आय के नए स्रोत बनेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि मिल सकती है। कारोबार को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं, लाभदायक रहेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का माहौल अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ घूमने जा सकते हैं। कड़वे शब्द शांति को नष्ट करके आपके और प्रिय के बीच दरार पैदा कर सकते हैं। काम के दौरान हतोत्साहित महसूस कर सकते हैं।

**( टो ,पा, पी, पू, ष, श, ण, ठ, पे, पो )**

**भाग्यांक : 2**

**विशेष :** हरे बदाम धर्म स्थान में दान कर दें।

### तुला

दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ की स्थिति रहेगी, आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रुका हुए कार्यों को गति मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहने से थकान का अनुभव कर सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यता विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। दाम्पत्य जीवन खुशहाल होगा। सेहत का ध्यान रखें। सेहत अच्छी रहेगी। धन लाभ होगा।

**( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक : 4**

**विशेष :** हरे रंग का रुमाल जेब में रखें।

### वृश्चिक

दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में परेशानियां आ सकती हैं। कड़ी मेहनत से काम सफल होंगे। प्रॉपर्टी में निवेश फायदेमंद रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अनुपयोगी वस्तुओं पर धन खर्च हो सकता है। पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। परिजनों के साथ घूमने की योजना बन सकती है। स्वास्थ्य फिट एण्ड फाइन रहने वाला है।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक : 6**

**विशेष :** भगवान गणेश को दुर्वा अर्पित करें।

### धनु

आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्र में आशा के अनुरूप लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति पूर्व की अपेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। नये कार्यों की शुरुआत जोश के साथ कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है। सेहत अच्छी रहेगी। वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**( ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )**

**भाग्यांक : 3**

**विशेष :** सात तरह का अनाज मिलाकर पक्षियों को डालें।

### मकर

सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में लाभ की स्थिति रहेगी, भागदौड़ की अधिकता रहने से अनावश्यक खर्च भी बढ़ेंगे। संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। प्रोफेशनल मामले में काम पर नियंत्रण बनाए रखें। पढ़ाई से ब्रेक लेकर कोई नया स्किल सीखने का प्रयास करेंगे। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। वैवाहिक जीवन हंसी-खुशी, प्यार और उल्लास का केन्द्र बन सकता है। भक्ति में मन लगाएं।

**( भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )**

**भाग्यांक : 3**

**विशेष :** गजेंद्र मोक्ष का पाठ।

### कुंभ

दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और लाभ की स्थिति रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग हैं। कामकाज के उद्देश्य से प्रवास पर जा सकते हैं। व्यापार विस्तार की नई योजना बना सकते हैं। बुजुर्गों की सलाह लाभदायक सिद्ध होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। प्रोफेशनल स्तर पर अतिरिक्त काम का बोझ बढ़ सकता है। प्रेमी के साथ सामंजस्य बनाएं रखें।

**( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )**

**भाग्यांक : 9**

**विशेष :** झूठी गवाही देने से बचें।

### मीन

आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन परिश्रम से कार्य सफल होंगे। अपने अच्छे व्यवहार से कार्यक्षेत्र का माहौल सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। प्रोफेशनल मामले में स्थिति आपके अनुकूल रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**( दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )**

**भाग्यांक : 7**

**विशेष :** साबुत मूंग की दाल का दान करें।

**नोट :** कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

# देखने में सुंदर और सुकून भरा है सिक्किम का यह शहर



भारत अपनी संस्कृति के साथ-साथ कई सुंदर दृश्यों के लिए भी काफी मशहूर है। यहां के कई राज्य तो ऐसे हैं जिनकी पहचान ही उनकी खूबसूरत वादियां और शांत वातावरण है। यहां हर तरह के मौसम का आनंद उठाने के लिए विभिन्न राज्य और उनके शहर मौजद हैं। इन्हीं में से एक सिक्किम है, जो अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है।

वहीं, आज हम आपको सिक्किम के एक ऐसे खूबसूरत शहर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दुनियाभर में अपने प्राकृतिक नजारों और सुंदर दृश्यों के लिए मशहूर है। यहां की खूबसरती को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। अपनी खूबसूरती के लिए दुनिया में प्रसिद्ध सिक्किम की राजधानी गंगटोक है। आप यहां से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी चोट कंचनजंगा पर्वत भी देख सकते हैं। बेहतरीन नजारे और सिक्किम की राजधानी होने के साथ ही गंगटोक यहां का सबसे बड़ा शहर भी है। आइए आपको इसी शहर के कुछ प्रसिद्ध जगहों के बारे में बताते हैं।

**अपनी खूबसूरती के लिए दुनिया में प्रसिद्ध सिक्किम की राजधानी गंगटोक है। आप यहां से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी चोट कंचनजंगा पर्वत भी देख सकते हैं। बेहतरीन नजारे और सिक्किम की राजधानी होने के साथ ही गंगटोक यहां का सबसे बड़ा शहर भी है।**

## ताशी व्यू पॉइंट

यूं तो गंगटोक में ऐसे बहुत पॉइंट हैं, जहां से आप माउंट सनिलोच और कंचनजंगा पर्वत की सुंदरता को देख सकते हैं। इन्हीं में से एक ताशी व्यू पॉइंट भी है, जहां से आप बर्फ की चादर से ढके पहाड़ों को देख सकते हैं। ये पॉइंट चारों ओर से खूबसूरती से भरा हुआ है। आपको ये जगह पहाड़ों और बादलों से घिरी दिखेगी। इतना ही नहीं, आप यहां से साफ तौर पर हिमालय भी देख सकते है।

## नाथुला पास

गंगटोक की खूबसूरत जगहों में से एक नाथुला पास है, जोकि भारत और चीन की अंतरराष्ट्रीय सीमा भी है। यहां की सीमा पर आप पास के बिना एंट्री नहीं कर सकते हैं। यहां प्रवेश करने के लिए एक परमिट की जरुरत पड़ती है। यहां आकर्षण का प्रमुख केंद्र त्सोंगमो झील है, जो इस जगह की खूबसूरती को ओर ज्यादा बढ़ाती है।

## एमजी रोड

गंगटोक शहर का दिल कहलाया जाने वाला एमजी रोड काफी मशहूर है। एमजी रोड की खासियत है कि यहां कोई गाड़ी नहीं चलती है और इस रोड पर सिर्फ पैदल चला जा सकता है। शॉपिंग करने के लिए गंगटोक की इस प्रमुख मार्केट को सबसे अच्छा माना जाता है।

## सेवेन सिस्टर्स वॉटरफॉल

गंगटोक में सेवेन सिस्टर्स के नाम से ये वॉटरफॉल काफी मशहूर है। पूरे भारत में ये वॉटरफॉल अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है। सेवेन सिस्टर्स वॉटरफॉल, बरसात के मौसम और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आता है।

## त्सुक ल खंग मोनेस्ट्री मठ

गंगटोक की जगह अध्यात्म की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। यहां का त्सुक ल खंग मोनेस्ट्री रॉयल पैलेस है और इसमें एक मठ भी है। इसी मठ को 'त्सुक ल खंग मोनेस्ट्री मठ' से जाना जाता है। अपनी खूबसूरती और आध्यात्मिकता के लिए ये मठ काफी मशहूर है। इतिहासकारों की मानें तो गंगटोक के 9वें राजा थेथुटोब नामग्याल के शासन के दौरान 'त्सुक ल खंग मोनेस्ट्री मठ' का निर्माण किया गया था।

# हरिद्वार में हैं तो इन चीजों का जरूर करें एक्सपीरियंस



**हरिद्वार** को एक बेहद पवित्र नगरी माना जाता है। यह हिंदुओं के सात पवित्र स्थलों में से एक है। अमूमन भारतीय एक बार हरिद्वार जरूर जाना चाहते हैं। हिंदुओं के प्रमुख तीर्थ माना जाने वाले हरिद्वार में लोग गंगा नदी में स्नान करने की इच्छा रखते हैं और हर की पौड़ी पर अपना समय बिताना चाहते हैं। यहां पर आपको कई मंदिर भी देखने को मिलेंगे। यकीनन इस स्थान का अपना एक धार्मिक महत्व है। लेकिन इसके अलावा भी ऐसी कई चीजे हैं, जो आपको हरिद्वार में रहते हुए जरूर करनी चाहिए।

## राजाजी नेशनल पार्क में घूमना

हरिद्वार के समीप वनाच्छादित तलहटी में 820 वर्ग किमी को कवर करने वाला यह नायाब पार्क अपने जंगली हाथियों के लिए जाना जाता है। यह नेशनल पार्क हरिद्वार से कुछ नौ किलोमीटर की दूरी पर है। राजाजी उत्तरी भारत के प्रमुख वन्यजीव अभ्यारण्यों में से एक है, और भू-भाग के वनस्पतियों और जीवों को देखने के लिए सबसे अच्छे स्थानों में से एक है। पार्क का नाम दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी श्री सी राजगोपालाचारी के नाम पर रखा गया है, जिन्हें लोकप्रिय रूप से राजाजी कहा जाता था। यहां पर आपको 23 प्रजातियों की स्तनधारियों और 315 पक्षियों को देखने का मौका मिलेगा। आप यहां पर सुबह या शाम को हाथी की सवारी भी कर सकते हैं।

## हर की पौड़ी की संध्या आरती

अगर आप हरिद्वार जा रहे हैं तो वहां पर आपको हर की पौड़ी में संध्या आरती को जरूर देखना चाहिए। हर की पौड़ी में की जाने वाली संध्या आरती का एक अलौकिक अनुभव होता है। हर की पौड़ी हरिद्वार का सबसे पवित्र घाट माना जाता है। इस घाट को ब्रह्म कुंड के नाम से भी जाना जाता है, और इसका निर्माण राजा विक्रमादित्य ने अपने भाई ब्रितानी की याद में किया था, जो अक्सर गंगा नदी के तट पर ध्यान लगाते थे। प्रत्येक 12 वर्षों में आयोजित होने वाले कुंभ के दौरान गंगा में स्नान करने के लिए यह सबसे पवित्र और शुभ बिंदु माना जाता है।



## पतंजलि योग पीठ में ध्यान लगाना

हरिद्वार में स्थित, यह भारत में योग और आयुर्वेद गतिविधियों का केंद्र है। 5000 साल पहले योग को इनवेंट करने वाले महर्षि पतंजलि के नाम पर, आश्रम स्वामी रामदेव जी महाराज के मार्गदर्शन में चलाया जाता है जिन्होंने योग को पुनर्जिवित किया और इसे दुनिया भर में फैलाने में मदद की। पतंजलि योग पीठ आगंतुकों को योग कक्षाओं सहित कई सुविधाएं प्रदान करता है। यहां पर आप प्राचीन तकनीक जैसे कि क्रिया योग, हठ योग और अष्टांग योग आसानी से सीख सकते हैं।

# ट्रिप को आसान बनाने के लिए जरूरी है सही ट्रेवल बैग का चुनाव



**ट्रैवल** करना, खूबसूरत और रोचक जगह घूमना आखिर किसे पसंद नहीं है। मगर ट्रैवल करने के साथ ऐसी बहुत सारी बातें जुड़ी हैं जो आपको उससे पहले करनी होती है। इसी से जुड़ी है ट्रैवल पैकिंग। ट्रैवल के दौरान आपको किन चीजों की आवश्यकता पड़ सकती है। वह सब कुछ आप अपने ट्रैवल बैग के अंदर रख कर ले जाना चाहते है। मगर उससे पहले आपको अपने सामान और ट्रिप के आधार पर सही बैग का चुनाव करना बहुत जरूरी है। इसीलिए आज हम आपको बताएंगे कि किस तरह की यात्रा में आपको किस तरह का बैग ले जाना चाहिए।

**व्हिल्ड ट्रेवल बैग :** एक समय था जब सूटकेस का ट्रेंड था। इन सूटकेस में सामान तो खूब आ जाता था। मगर, जब इन्हें उठाने की बारी आती थी तो यह कसरत जैसा हो जाता था क्योंकि इनमें पहिए नहीं लगे होते थे। आजकल बाजार में पहियों वाले वील्ड बैग आने लगे हैं। बेस्ट बात यह है कि इनमें कई तरह के साइज आपको मिल जाएंगे।

**ऑर्गेनाइजर्स :** अगर आप चाहती हैं कि जिस तरह घर पर आप अपना सारा सामान ऑर्गेनाइज करके रखती हैं उसी तरह जब आप बाहर जाएं तो भी आपका सामान ऑर्गेनाइज हो तो आपको इसके लिए कुछ ऑर्गेनाइजर बैग्स भी खरीद कर रखने चाहिए। ऑर्गेनाइजर बैग्स छोटे बड़े कई साइज में आते हैं इससे जब आप ट्रैवल कर रही होती हैं तो आपको कोई भी चीज खोजने में टाइम वेस्ट नहीं करना होता है।

**डफल बैग्स :** अगर आप केवल दो-तीन दिन के लिए ही घर से बाहर जा रहे है तो आपको डफल बैग्स यूज करने चाहिए। इन बैग्स में आपका जरूरत भर का सामान आ जाता है और साथ ही इन्हें कैरी करने में भी आसानी रहती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि अगर ट्रिप के दौरान आपको कुछ भारी-भरकम सामान ले जाना है तो इस तरह के बैग्स आपके लिए किसी काम के नहीं होते हैं क्योंकि इन्हें आपको कंधे पर ही टांगना होता है।

**ट्रैकिंग बैग्स :** अगर आपको ट्रैकिंग करना या फिर एडवेंचर करना पसंद हैं तो आपको ट्रैकिंग बैग्स लेने चाहिए। इन बैग्स की खासियत होती हैं कि यह आप आसानी से अपने कंधों पर टांग सकती हैं और जब मन चाहे पहियों पर इन्हें खींच भी सकती हैं। अगर आप यह बैग ले रही हैं तो साथ में ऑर्गेनाइजर बैग्स जरूर लें क्योंकि इन बैग्स में आपको सामान सेट करने में ऑर्गेनाइजर बैग्स से काफी मदद मिलेगी।

**हैंड बैग :** महिलाएं कहीं भी जाएं अपने साथ हैंड बैग रखना नहीं भूलतीं और यह जरूरी भी है। अगर आप ट्रैवल कर रही हैं तो अपने साथ थोड़ा बड़ा हैंडबैग रखें। इससे आप अपने साथ ज्यादा सामान कैरी कर पाएंगी। आप अपनी कीमती चीजों को ट्रैवल बैग्स में रखने की जगह अपने हैंड बैग में रखें। इससे वह सेफ रहेंगी।

# नैनीताल में इन स्ट्रीट फूड का स्वाद एक बार जरूर चखें



**स्ट्रीट** फूड का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। स्ट्रीट फूड के लिए वैसे तो दिल्ली और मुंबई जैसे शहर काफी मशहूर हैं। लेकिन भारत में हर जगह की अपनी एक अलग विशेषता और खानपान है। ऐसी ही एक खूबसूरत जगह है नैनीताल। झीलों के शहर के रूप में जाना जाने वाला नैनीताल एक बेहतरीन हिल स्टेशन है। यहां पर आपको कई दर्शनीय स्थलों के साथ-साथ कई बेहतरीन व्यजंनों का स्वाद भी चखने को मिलेगा। अगर आप यहां पर घूमने के दौरान लोकल स्ट्रीट फूड का आनंद लेना चाहती हैं तो आप वहां पर कुछ जगहों पर घूम सकते हैं।

## फास्ट फूड में मोमोज और थुकपा

तिब्बती मार्केट जिसे भूटिया मार्केट भी कहा जाता है की संकरी गली से होते हुए मार्केट के बीच में आपको सोनम फास्ट फूड मिलेगा। यह जगह शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के मोमोज और थुकपा के लिए प्रसिद्ध है। इस भोजनालय में सीमित स्थान है और इसकी लोकप्रियता के कारण यह जगह अधिकतर पर्यटकों से भरी रहती है। बाजार के खरीदारी करने के बाद भोजन के लिए यह एक बेहतरीन जगह है।

## मामू नैनी स्वीट्स में बाल मिठाई

सुनने में आपको भले ही बाल मिठाई एक अजीब नाम लगे, लेकिन वास्तव में यह कुमाऊं क्षेत्र की एक ऐसी स्वीट डिश है, जिसका स्वाद आपको एक बार जरूर चखना चाहिए। डार्क ब्राउन कलर की इस मिठाई को खोए को भूनकर तैयार किया जाता है और इसमें शुगर बॉल की कोटिंग होती है। यह मिठाई मुंह में जाते ही घुल जाती है। इसका स्वाद काफी हद तक चॉकलेट जैसा होता है। वैसे तो यह मुख्य रूप से अल्मोड़ा की एक विशेषता है, लेकिन अगर आप नैनीताल में इसे आजमाना चाहते हैं, तो बारा बाजार मल्लीताल में स्थित मामू की नैनी स्वीट्स इसे प्राप्त करने के लिए सबसे अच्छी जगह है।

## लक्ष्मी रेस्टोरेंट में बन टिक्की

बन टिक्की को मुख्य रूप आलू टिक्की और बर्गर बन की मदद से तैयार किया जाता है। इस स्ट्रीट फूड को बड़ी संख्या में लोग खाना पसंद करते हैं। अगर आप नैनीताल में हैं और बन टिक्की का स्वाद उठाना चाहते हैं तो आपको मल्लीताल में स्थित लक्ष्म रेस्टोरेंट में जरूर जाना चाहिए। वैसे यहां पर आपको बन टिक्की के साथ-साथ समोसे और मसाला चाय का टेस्ट भी काफी पसंद आएगा।

# सानिया–पाविच की जोड़ी मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंची

## मिक्स्ड डबल्स इवेंट में अपने जोड़ीदार के साथ डाब्रोवस्की–पीयर्स को हराया

एजेंसी। विंबलडन





**भारत** की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार मेट पाविच ने कड़े मुकाबले में गैब्रिएला दाब्रोवस्की और जॉन पीयर्स को हराकर विंबलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सानिया और पाविच की छठी वरीय जोड़ी ने सोमवार रात क्वार्टर फाइनल में कनाडा और आस्ट्रेलिया की जोड़ी को एक घंटे और 41 मिनट में 6–4 3–6 7–5 से हराया। भारत और क्रोएशिया की जोड़ी सेमीफाइनल में रॉबर्ट फराह और एलेना ओस्टापेंको की सातवीं वरीय जोड़ी और नील स्कुप्सी और डिजायर क्रॉविक की दूसरी वरीय जोड़ी के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल की विजेता से भिड़ेगी। आल इंग्लैंड क्लब पर मिश्रित युगल में यह सानिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह इससे पहले 2011, 2013 और 2015 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। मिश्रित युगल ग्रैंडस्लैम में सानिया सिर्फ विंबलडन खिताब ही नहीं जीत पाई हैं। छह बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सानिया पहले ही सत्र के अंत में संन्यास की घोषणा कर चुकी है।

### 1.5 घंटे से ज्यादा चला मुकाबला

मिर्जा और पाविक की जोड़ी ने डाब्रोवस्की–पीयर्स की जोड़ी को 6–4, 3–6, 7–5 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 41 मिनट तक चला। पूरे मैच में सानिया और पाविक अपने रिटर्न्स के साथ मजबूत दिखे। इन दोनों ने आखिरी सेट में प्रतिद्वंद्वियों पर दवाब कम नहीं होने दिया।

### छह साल पहले जीता था आखिरी ग्रैंड स्लैम

सानिया मिर्जा ने आखिरी ग्रैंड स्लैम टाइटल 2016 में जीता था। वे ऑस्ट्रेलिया ओपन के विमेन डबल्स इवेंट में चैंपियन बनी थीं। 2015 में सानिया मिर्जा ने विम्बलडन का डबल्स खिताब जीता था। मिक्स्ड डबल्स में आखिरी ग्रैंड स्लैम सानिया ने 2014 में जीता था। सानिया ने सात ग्रैंड स्लैम टाइटल जीते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिपुरा क्रिकेट टीम से जुड़ेंगे साहा



**अगरतला।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा खिलाड़ी सह मार्गदर्शक के रूप में त्रिपुरा क्रिकेट टीम से जुड़ेंगे। त्रिपुरा क्रिकेट संघ (टीसीए) के संयुक्त सचिव किशोर दास ने यह जानकारी दी। भारत के लिए 40 टेस्ट खेलने वाले अनुभवी साहा को पहले ही बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल चुका है। दास ने कहा, हमारी साहा से बात हुई है और वह राज्य की ओर से खेलने के लिए राजी हो गया है। खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए वह सीनियर टीम के मार्गदर्शन की भूमिका भी निभाएगा। दास ने कहा कि टीसीए को उम्मीद है कि साहा 15 जुलाई तक करार पर हस्ताक्षर कर लेंगे। उन्होंने कहा कि साहा के अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में अनुभव को देखते हुए अगर वे टीम के साथ जुड़ते हैं तो इससे खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा। अधिकारी ने कहा, अभी यह तय नहीं किया गया है कि उसे कप्तान बनाया जाएगा या नहीं। इस पर फैसला बाद में होगा। साहा के त्रिपुरा के लिए रणजी ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने की उम्मीद है।

### हालेप ने विंबलडन क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**विंबलडन।** रोमानिया की सिमोना हालेप ने एकतरफा मुकाबले में चौथी वरीय पाउला बाडोसा को सीधे सेटों में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सोलहवीं वरीय हालेप ने बाडोसा को 6–1, 6–2 से हराकर आल इंग्लैंड क्लब पर लगातार 11वां मैच जीता और पांचवीं बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालेप ने 2019 में विंबलडन खिताब जीता था जबकि इसके अगले साल कोरोना वायरस महामारी के कारण इस टूर्नामेंट को रद्द कर दिया गया। रोमानिया की यह खिलाड़ी बाएं पैर की पिंडली में चोट के कारण पिछले साल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाई थी। सोमवार को बाडोसा के खिलाफ हालेप ने पूरी तरह से दबदबा बनाया और अपनी सर्विस पर सिर्फ आठ अंक गंवाए और इस दौरान अपनी सर्विस पर एकमात्र ब्रेक प्वाइंट भी बचाया। रोमानिया की इस खिलाड़ी ने बाडोसा की सर्विस पर भी 55 में से 30 अंक जीते। हालेप अगले दौर में अमांडा अनिसिमोवा से भिड़ेंगी। अमेरिका की 20वीं वरीय अमांडा ने पदार्पण कर रही फ्रांस की हार्मोनी टेन को 6–2, 6–3 से हराया। हार्मोनी ने पहले दौर में सेरेना विलियम्स को हराया था।

### कोविड-19 के कारण विश्व हाफ मैराथन चैंपियनशिप रद्द

**मोनाको।** विश्व एथलेटिक्स ने मंगलवार को कहा कि विश्व हाफ मैराथन चैंपियनशिप को रद्द कर दिया गया है क्योंकि कोरोना वायरस महामारी के कारण चीन रेस का आयोजन नहीं कर पाएगा। एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था के अध्यक्ष सबेस्टियन को ने कहा कि नवंबर में यांगझू में प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाने में चीन के स्थानीय आयोजकों की कोई गलती नहीं है। इसकी जगह शहर को 2027 में विश्व रोड रनिंग चैंपियनशिप की मेजबानी दी जाएगी। कहा, (विश्व एथलेटिक्स की) परिषद का 2027 में यांगझू को एक अन्य प्रतियोगिता की मेजबानी देने का फैसला आयोजन समिति पर उसके भरोसे और पहले उपलब्ध मौके पर वहां विश्व एथलेटिक्स सीरीज रोड रेसिंग प्रतियोगिता का आयोजन करके वहां लौटने की इच्छा का संकेत है। चीन ने महामारी के दौरान विदेश से आने वाले लोगों पर कड़ी पाबंदियां लगाई हैं और देश में कोविड–19 पॉजिटिव मामले आने पर लॉकडाउन लगाए हैं।

# बेयरस्टॉ और रूट ने भारत पर इंग्लैंड को दिलाई रिकॉर्ड जीत

## पांचवें टेस्ट में सात विकेट से अंग्रेजों ने दी मात

### इंग्लैंड ने पांचवें दिन 119 रन का लक्ष्य 19.4 ओवर में हासिल कर लिया

एजेंसी। बर्मिंघम



**कठिन** लक्ष्य को आसानी से हासिल करने के फन में माहिर हो चले जॉनी बेयरस्टॉ और जो रूट ने भारत के नामचीन गेंदबाजी आक्रमण को धता बताते हुए इंग्लैंड को टेस्ट क्रिकेट में उसके सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट से जीत दिलाई और पांच मैचों की श्रृंखला 2–2 से बराबर की।

इंग्लैंड ने इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 3.0 से जीती श्रृंखला में 278, 299, 296 रन के लक्ष्य को हासिल करके जीत दर्ज की थी। चौथे दिन भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लेकर इंग्लैंड पर दबाव बनाने की कोशिश की थी लेकिन आखिरी दिन मंगलवार को इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने अंगद के पांव की तरह क्रीज पर डटे रहकर जीत दर्ज की। बुमराह को छोड़कर समूचा भारतीय आक्रमण इन दोनों के सामने बौना साबित हुआ। इंग्लैंड ने पांचवें दिन 119 रन का लक्ष्य 19.4 ओवर में हासिल कर लिया। कप्तानी छोड़ने के बाद से शानदार बल्लेबाजी कर रहे रूट 142 रन बनाकर नाबाद रहे जो उनका 28वां शतक है। उन्होंने बेयरस्टॉ (नाबाद 114) के साथ 269 रन की अटूट साझेदारी की। पहली पारी में 106 रन बनाने वाले बेयरस्टॉ ने एक और यादगार पारी खेलकर कोच ब्रेंडन मैकुलम के आक्रामकता के फलसफे को नए मायने दिए।

रूट पिछली आठ पारियों में 11, नाबाद 115, 176, 3,5, नाबाद 86, 5 और नाबाद 142 रन बना चुके हैं। वहीं बेयरस्टॉ ने 1,16,8,136,162, नाबाद 71, 106 और नाबाद 114 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका से दो मैच हारने के बाद भारत की यह लगातार तीसरी हार है।

पहली पारी में 132 रन की बढत बनाने के बाद भारत को यह हार बहुत खलेगी। इससे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष दो में रहने की भारत की उम्मीदों को भी झटका लगेगा। इस हार के बावजूद बतौर कप्तान अपने कैरियर के पहले मैच में बुमराह ने प्रभावित किया।

### पंत और पुजारा ने बनाए सबसे ज्यादा रन

**भारत** के लिए दूसरी पारी में सबसे ज्यादा रन चेतेश्वर पुजारा ने बनाए। उन्होंने 66 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से आठ चौके निकले। पुजारा को स्टुअर्ट ब्रॉड ने पवेलियन भेजा। ब्रॉड की पटकी हुई गेंद को चेतेश्वर पॉइंट की दिशा में खेलना चाहते थे, लेकिन वहां खड़े एलेक्स लीस ने आसान सा कैच लपक लिया। वहीं, पहली पारी में शानदार 146 रन बनाने वाले ऋषभ ने दूसरी पारी में भी अर्धशतक जड़ा। वह 86 गेंद में 57 रन बनाकर आउट हुए। ये उनके टेस्ट करियर की 10वीं फिफ्टी रही। उन्हें जैक लीच ने अपना शिकार बनाया। श्रेयस अय्यर एक बार फिर बड़ी पारी नहीं खेल पाए। मैथ्यू पॉट्स की शॉर्ट गेंद को वो पुल करना चाहते थे, लेकिन जेम्स एंडरसन को एक आसान कैच दे बैठे। अय्यर के बल्ले से 19 रन निकले। इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा चार विकेट बेन स्टोक्स ने लिए।

### द्रविड़ के कोच बनने के बाद चार में से तीन टेस्ट गंवाए

**राहुल** द्रविड़ के कोच बनने के बाद से भारत ने विदेश में चार में से तीन टेस्ट गंवाए हैं और परंपरावादी बल्लेबाज रहे द्रविड़ के लिए यह अच्छी शुरुआत कतई नहीं है। बल्लेबाज इक्के दुक्के रन आसानी से लेते रहे और दबाव हटने पर खुलकर खेले। क्षेत्ररक्षकों के बीच जगह तलाशना उनके लिए चुनौतीपूर्ण नहीं रहा। भारत के तीसरे और चौथे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर प्रभावित नहीं कर सके और रविंद्र जडेजा को भी विकेट नहीं मिले। यह सवाल उठना लाजमी है कि रविचंद्रन अश्विन पर ठाकुर को तरजीह क्यो दी गई।

# विश्वनाथन आनंद की किताब का नया संस्करण 15 जुलाई से बाजार में आएगा



### महामारी को देखते हुए किताब में अतिरिक्त अध्याय शामिल किया

एजेंसी। नई दिल्ली

**हैचेट** इंडिया ने 44वें फिडे शतरंज ओलंपियाड से पहले मंगलवार को पांच बार के पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की लोकप्रिय किताब माइंड मास्टर: विनिंग लैसंस फ्रॉम ए चैंपियन्स लाइफ के विस्तार के साथ पेपरबैक संस्करण को बाजार में उतारने की घोषणा की।

महामारी को देखते हुए इस किताब में एक अतिरिक्त अध्याय शामिल किया गया है जिसका नाम हाउ टू नैवीगेट अनसर्टेनिटी एंड रेपिडली चेंजिंग रीयलिटीज है। आनंद ने लेखक सुसान निनान के साथ मिलकर इस किताब को लिखा है और यह 15 जुलाई को बाजार में आएगी।

शतरंज ग्रैंडमास्टर आनंद ने बयान में कहा, नया संस्करण पेपरबैक में होगा और यह महामारी को देखते हुए महत्वपूर्ण समय में आ रहा है। मैंने नए सबक को ध्यान में रखते हुए इसमें नई सामग्री शामिल की है– परिवार का महत्व, कृतज्ञता और अपने सपने को साकार करने का प्रयास करना। और इतना ही महत्वपूर्ण है कि जीवन आगे बढ़ते रहना चाहिए– फॉर्म और परिदृश्य बदल सकता है लेकिन मैं फिर भी शतरंज जगत में नई भूमिका को लेकर खुश हूं। एशिया के पहले विश्व शतरंज चैंपियन आनंद ने उस समय वैश्विक मंच पर सुर्खियां बटोरी जब शतरंज पर सोवियत संघ के खिलाड़ियों का दबदबा था। वह दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने और खेल के सभी प्रारूपों में टूर्नामेंट जीतने में सफल रहे।

# भारत चौथे दिन रक्षात्मक और डरा हुआ था : शास्त्री

### कहा, डर और रक्षात्मक रवैए के कारण इंग्लैंड को वापसी करने का मौका मिला



एजेंसी। बर्मिंघम

**पूर्व** मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि पांचवें टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में बल्लेबाजी में भारत के डर और रक्षात्मक रवैए के कारण इंग्लैंड को वापसी करने का मौका मिला।

पहली पारी में 132 रन की बढ़त बनाने वाला भारत दूसरी पारी में सिर्फ 245 रन पर सिमट गया। इंग्लैंड की टीम अब लक्ष्य से सिर्फ 119 रन दूर है जबकि उसके सात विकेट शेष हैं। एजबस्टन में स्काई स्पोर्ट्स की कमेंट्री टीम का हिस्सा शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि यह निराशाजनक था क्योंकि वे अपनी बल्लेबाजी से इंग्लैंड को मुकाबले से बाहर कर सकते थे। उन्होंने कहा, उन्हें दो सत्र बल्लेबाजी करने की जरूरत थी और मुझे लगता है कि वे रक्षात्मक थे, वे आज डरे हुए थे, विशेषकर लंच के बाद।

शास्त्री ने कहा, विकेट गंवाने के बावजूद वे जोखिम उठा सकते थे। खेल में उस समय रन काफी महत्वपूर्ण थे और मुझे लगता है कि वे काफी रक्षात्मक हो गए, विकेट काफी जल्दी जल्दी गंवाए और इंग्लैंड को आज बल्लेबाजी का पर्याप्त समय दे दिया। शास्त्री 2021 में भारतीय टीम के मुख्य कोच थे जब टीम ने श्रृंखला में 2.1 की बढ़त बनाई थी, लेकिन फिर भारतीय खेमे में कोविड–19 के कई मामले आने के बाद दौरे को रद्द कर दिया गया था।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह पर रणनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्ररक्षकों को रक्षात्मक तरीके से सजाकर बल्लेबाजों के लिए स्ट्राइक रोटेट करना आसान कर दिया।

### आखिरी दिन भी अलग रणनीति नहीं अपनाई

पीटरसन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि आज बुमराह की रणनीति बिलकुल सही थी। गेंद के रिवर्स स्विंग होने के बावजूद उसने बल्लेबाजों का काम आसान कर दिया क्योंकि बल्लेबाजों को यह समझने में मुश्किल हो रही थी कि गेंद किस ओर स्विंग करेगी। उन्होंने कहा, जब 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार पर गेंद रिवर्स स्विंग हो रही हो तो बल्लेबाजी के लिए सर्वश्रेष्ठ जगह गेंदबाजी छोर होता है और आज वे काफी आसानी से गेंदबाजी छोर पर जाने में सफल रहे। पीटरसन ने उम्मीद जताई कि बुमराह पांचवें दिन भी अलग रणनीति न हीं अपनाई गई।

# न्यूजीलैंड में पुरुष और महिला क्रिकेटरों को मिलेगा समान वेतन

## सभी प्रारूपों और प्रतियोगिताओं में समान मैच फीस मिलेगी

एजेंसी। क्राइस्टचर्च



**न्यूजीलैंड** क्रिकेट (एनजेडसी) और खिलाड़ी संघ के बीच पांच साल के एतिहासिक करार के बाद विश्व क्रिकेट में पहली बार देश की पुरुष और महिला क्रिकेटरों को सभी प्रारूपों और प्रतियोगिताओं में समान मैच फीस मिलेगी।

एनजेडसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड वाइट ने बयान में कहा, मैं इस तरह के महत्वपूर्ण समझौते पर पहुंचने में भूमिका के लिए खिलाड़ियों और बड़े संघों को धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, यह हमारे खेल का सबसे महत्वपूर्ण करार है जो एनजेडसी, बड़े संघों और हमारे खिलाड़ी के लिए बाध्यकारी होगा और क्रिकेट में कोष, प्रगति और विकास की आधारशिला रखेगा। एनजेडसी, छह बड़े संघों और न्यूजीलैंड क्रिकेट खिलाड़ी संघ के बीच एतिहासिक करार के तहत वाइट फर्न (न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम) और घरेलू महिला खिलाड़ियों को सभी प्रारूपों और प्रतियोगिताओं में पुरुषों के समान मैच फीस मिलेगी। बयान के अनुसार, इसका मतलब है कि शीर्ष रैंकिंग वाली वाइट फर्न को सालाना अधिकतम एक लाख 63 हजार 246 न्यूजीलैंड डॉलर , नौवें रैंकिंग की खिलाड़ी को एक लाख 48 हजार 946 न्यूजीलैंड डॉलर और 17वें नंबर की खिलाड़ी को एक लाख 42 हजार 346 न्यूजीलैंड डॉलर तक मिलेंगे।

### अधिक समय बिताने पर अधिक रिटेनर राशि मिलेगी


प्रत्येक बड़े संघ की शीर्ष रैंकिंग वाली महिला घरेलू खिलाड़ियों को अधिकतम 19 हजार 146 न्यूजीलैंड डॉलर (तीन हजार 423 न्यूजीलैंड डॉलर से बढ़कर), छठी रैंकिंग की खिलाड़ी को 18 हजार 646 न्यूजीलैंड डॉलर और 12वें नंबर की खिलाड़ी को 18 हजार 146 न्यूजीलैंड डॉलर तक मिलेंगे। करार के अनुसार घरेलू अनुबंध हासिल करने वाली महिला खिलाड़ियों की संख्या 54 से बढ़कर 72 होगी जबकि पुरुष खिलाड़ियों को अधिक मैच खेलने और ट्रेनिंग तथा खेलने में अधिक समय बिताने के लिए अधिक रिटेनर राशि मिलेगी।

# भारतीय प्रशंसकों से नस्लवाद की खबरों की जांच करेगा वारविकशर, ईसीबी

**एजबस्टन टेस्ट**

एजेंसी। बर्मिंघम

**इंग्लैंड** एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और वारविकशर काउंटी क्रिकेट क्लब ने कहा है कि भारत और इंग्लैंड के बीच एजबस्टन में पांचवें टेस्ट के चौथे दिन के खेल के दौरान भारतीय प्रशंसकों से नस्ली दुर्व्यवहार के आरोपों की जांच शुरू की गई है। कई भारतीय प्रशंसकों ने चौथे दिन के खेल के दौरान अन्य प्रशंसकों के नस्ली बर्ताव की जानकारी सोमवार रात ट्विटर पर साझा की।



यॉर्कशर के पूर्व क्रिकेटर अजीम रफीक ने नस्ली बर्ताव की जानकारी देने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को रीट्वीट किया। ब्रिटेन की संसदीय समिति के समक्ष पिछले साल रफीक की गवाही के बाद यॉर्कशर में संस्थागत नस्लवाद के दावों की जांच हुई थी और बड़े सुधारवादी कदम उठाए गए थे। रफीक ने कहा, यह पढ़कर निराश हूं। एजबस्टन के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट ने रफीक के ट्वीट का जवाब देते हुए कहा, यह पढ़कर हमें बेहद खेद है और हम इस तरह के बर्ताव को माफ नहीं करेंगे। हम जल्द से जल्द इसकी जांच करेंगे। वारविकशर ने बाद में बयान जारी करके कहा कि वे इस मामले की जांच कर रहे हैं।

एजबस्टन के मुख्य कार्यकारी स्टुअर्ट केन ने कहा, इस तरह की खबरों से मैं निराश हूं क्योंकि हम एजबस्टन को सभी के लिए सुरक्षित और स्वागत योग्य माहौल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बयान के अनुसार, शुरुआती ट्वीट देखने के बाद मैंने यह मामले उठाने वाले व्यक्तियों से निजी तौर पर बात की और अब हम उस क्षेत्र में मौजूद कर्मचारियों से बात कर रहे हैं जिससे कि पता चल सके कि क्या हुआ।

### प्रणय ने रैंकिंग में शीर्ष 20 में वापसी की

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने मौजूदा सत्र में अंतरराष्ट्रीय सर्किट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को फिर से दुनिया के शीर्ष 20 रैंकिंग वाले खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया।केरल के 29 साल के खिलाड़ी ने मई में थॉमस कप में भारत की ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

वह विश्व बैडमिंटन महासंघ बीडब्ल्यूएफ से जारी नवीनतम पुरुष एकल रैंकिंग में दो स्थान सुधार कर 19वें पायदान पर पहुंच गए। प्रणय 2018 में करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर पहुंचे थे। उन्होंने इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और कई टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल तक पहुंचे। वह भारतीय खिलाड़ियों में लक्ष्य सेन (10वें) और किदांबी श्रीकांत (11वें) के बाद तीसरे नंबर के भारतीय पुरुष शटलर हैं। मार्च में स्विस ओपन के फाइनल में पहुंचे प्रणय ने तोक्यो ओलंपियन बी साई प्रणीत (20वें) को पीछे छोड़ दिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू नवीनतम रैंकिंग में सातवें जबकि दिग्गज साइना नेहवाल 24वें स्थान पर बनीं हुई हैं।

# दो गोल से अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम ने हैती को हराया

एजेंसी। मोंटेरी



**एलेक्स** मोर्गन के दो गोल की मदद से अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम ने कोनकाकाफ महिला चैंपियनशिप के पहले मैच में हैती को 3–0 से हराया। इस टूर्नामेंट से आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सहमेजबानी में होने वाले 2023 महिला विश्व कप के लिए क्षेत्र से सीधे क्वालीफाई करने वाली चार टीम का फैसला होगा। दो बार के गत विश्व कप विजेता अमेरिका की ओर से मोर्गन के अलावा मिज प्युर्स ने भी एक गोल दागा। मोर्गन ने 16वें और 23वें मिनट में गोल दागे जबकि मिज ने 84वें मिनट में गोल किया। टूर्नामेंट के लिए आठ टीम को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्रत्येक ग्रुप की तीसरी टीम 10 टीम के अंतरमहाद्वीपीय प्ले ऑफ में जगह बनाएंगी जिसका आयोजन फरवरी में न्यूजीलैंड में होगा।

महिला चैंपियनशिप का विजेता 2024 ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई करेगा।

# बैडमिंटन एशिया तकनीकी समिति ने गलती के लिए सिंधू से मांगी माफी

## अंपायर के निर्णय पर सिंधू ने विश्व निकाय और एशिया बैडमिंटन परिसंघ को एक पत्र लिखा था

एजेंसी। नई दिल्ली



**बैडमिंटन** एशिया (बीएसी) तकनीकी समिति के अध्यक्ष चिह शेन चेन ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू से अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल सेमीफाइनल मैच के दौरान रेफरी द्वारा की गई मानवीय गलती के लिए माफी मांगी है।

जापान की अकाने यामागुची के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के बीच में अंपायरों के अनुचित फैसले के बाद सिंधू की आंखों में आंसू आ गए थे। इस फैसले के बाद सिंधू की लय गड़बड़ा गई और उन्हें हार का सामना करने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अधिकारी ने सिंधू को लिखे पत्र में कहा, दुर्भाग्य से, अब इस (तत्कालीन फैसले) में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। हमने हालांकि, इस मानवीय त्रुटि की पुनरावृत्ति से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। उन्होंने लिखा, आपको हुई असुविधा के लिए हम ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं। हमारा मानना है कि यह खेल का हिस्सा है और इसे इसी रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए।

सिंधू विश्व बैडमिंटन महासंघ ((बीडब्ल्यूएफ) एथलीट आयोग की सदस्य हैं। उन्होंने इस फैसले का विरोध करते हुए तुरंत विश्व निकाय और एशिया बैडमिंटन परिसंघ को एक पत्र लिखा था। सिंधू के पिता पीवी रमना ने उम्मीद जताई कि भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं होंगी।

उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि उन्होंने गलती स्वीकार कर ली। मैं विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि अगर ऐसी स्थिति फिर से पैदा होती है, तो रेफरी को कुछ समय लेना चाहिए और वीडियो रिकॉर्डिंग देखने के बाद उचित निर्णय लेना चाहिए। सिंधू फिलहाल कुआलालंपुर में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

### अधिक समय ब्रेक लेने के आरोप में विरोधी खिलाड़ी को दिए थे अतिरिक्त अंक

सिंधू पहला गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में 14–11 से आगे चल रही थीं। इसके बाद अंपायर ने अधिक समय का ब्रेक लेने के आरोप में सजा के तौर पर विरोधी खिलाड़ी को एक अतिरिक्त अंक दे दिया। सिंधू ने इसके बाद अपनी लय गंवा दी और तीन गेम तक चले मुकाबले को 21–13 19–21 16–21 से हार गईं। चेयर अंपायर द्वारा यामागुची को शटल सौंपने के लिए कहने के बाद भारतीय खिलाड़ी को मुख्य रेफरी के साथ बातचीत करते देखा गया था। लेकिन किसी ने उनकी बातों को तवज्जो नहीं दी। सिंधू ने उस समय कहा था, अंपायर ने मुझसे कहा था कि आप बहुत समय ले रहे हैं लेकिन प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी उस समय तैयार नहीं थी। लेकिन अंपायर ने अचानक उसे अंक दे दिया और यह वास्तव में अनुचित था। मुझे लगता है कि उस मैच में मेरी हार का एक कारण यह भी था।